आश्विन शुक्ल पक्ष त्रयोदशी 12:19 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 15 अक्टूबर 2024
वर्ष 34, अंक 256, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



स्थिर नही है बृहस्पति का ग्रेट रेड स्पॉट तूफान 14

भूल भुलैया 3 और सिंघम 3 दोनों करेंगी अच्छा प्रदर्शन 13

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके। शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणी नमोस्तुते॥
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

## जन-जन की आवाज सरकार तक पहुंचाता है अमृत विचार : ब्रजेश पाठक

### उदासी से घिरे मरीजों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरने वाले चिकित्सकों का अमृत विचार ने किया सम्मान

**यूपी कॉन अवार्ड**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** उदासी से घिरे मरीजों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरने वाले चिकित्सकों को हिन्दी दैनिक 'अमृत विचार' ने 'यूपी कॉन अवार्ड' से सम्मानित किया। चिकित्सक सम्मान का यह आयोजन सोमवार को गोमती नगर स्थित होटल सागर सोना में किया गया। मौका था उन ख्यातिलब्ध चिकित्सकों को सम्मानित करने का जो मरीजों की सेवा में हमेशा तत्पर रहते हैं। इस अवसर पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि अमृत विचार शुरू से ही जन-जन की आवाज सरकार तक पहुंचाने के काम में अपनी अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। एक तरफ यह समाचार पत्र सरकार तक जनता की समस्याएं सरकार तक पहुंचाता है तो दूसरी तरफ यह सरकार की नीतियों को भी आमजन तक पहुंचाने की कोशिश शिद्दत के साथ कर रहा है। अमृत विचार पत्रकारिता को मिशन के अंदाज में करता दिखाई दे रहा है। लखनऊ उत्तर के विधायक डॉ. नीरज बोरा ने इस मौके पर कहा कि अक्सर अखबारों में देखने को मिलता है कि मरीज को बेड नहीं मिला। मरीज को स्ट्रेचर पर ही अपना इलाज कराना पड़ा। जबकि इस बात को इस अंदाज में भी लिया जा सकता है कि बेड नहीं था तो भी चिकित्सक ने उसके इलाज में देरी नहीं की। मरीज के अस्पताल पहुंचते ही उसे इलाज मिल गया। चिकित्सकों के बेहतर कार्य की प्रशंसा की जानी चाहिए। इस मौके पर अमृत विचार के समूह संपादक शंभू दयाल वाजपेयी ने कहा कि सामाजिक सरोकार पर हमारा विशेष फोकस रहता है। लेकिन सच यह भी है कि अखबार रोजगार भी देता है। उन्होंने कहा कि यदि हिन्दी अखबारों की स्थितियों पर सरकार ध्यान दे दे तो हिन्दी पत्रकारिता निश्चित तौर पर नए सोपान गढ़ेगी व समाचार पत्रों का बहुत भला होगा।



'अमृत विचार' यूपी कॉन अवार्ड कार्यक्रम के दौरान डा .आरके ठकराल को सम्मानित करते उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व समूह संपादक शंभू दयाल वाजपेयी।

- पहली बार किसी अखबार ने चिकित्सकों के बारे में सोचा : डॉ. नीरज बोरा

## डंपर-ट्राला के बीच फंसी कार, पांच लोगों की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार:** कानपुर-दिल्ली नेशनल हाईवे पर भौंती पुल की ढाल के पास सोमवार सुबह एक खड़े डंपर में पीछे से ऑल्टो कार घुस गई। कार के पीछे आ रहा सरिया लदा ट्राला भी कार से टकरा गया। जिससे कार डंपर और ट्राला के बीच में फंस गई। इससे कार सवार पीएसआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज के चार छात्र-छात्राओं और चालक की मौत हो गई।

पुलिस ने कार की बॉडी काट-काटकर शवों को निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतकों के घर कोहराम मचा है। पुलिस ने बताया कि चकेरी थानाक्षेत्र के सनिगवां निवासी विजय साहू प्रणवीर सिंह (54) इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (पीएसआईटी) के छात्र-छात्राओं को कॉलेज लाने और ले जाने का काम करते थे। सोमवार सुबह 8 बजे वह केडीए कालोनी सनिगवां रोड निवासी प्रतीक सिंह(22), सनिगवां के चंद्रनगर निवासी सतीश सिंह (21), सनिगवां रोड निवासी आयुषी पटेल (18) और सनिगवां के चंद्र नगर निवासी गरिमा त्रिपाठी (21) को कार से कॉलेज छोड़ने जा रहा था।

## एक नजर

### संपत्तियों के ध्वस्तीकरण मामले में नई याचिका पर सुनवाई से इनकार किया

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को देश के विभिन्न राज्यों में संपत्तियों के कथित ध्वस्तीकरण से संबंधित किसी नई याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति पीके मिश्रा की पीठ याचिका पर सुनवाई करने की इच्छुक नहीं थी, जिसके बाद याचिकाकर्ताओं के वकील ने इसे वापस ले लिया। पीठ ने याचिकाकर्ताओं के वकील से कहा कि उसने हाल में उन याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रखा है, जिसमें यह दलील दी गई है कि कई राज्यों में अपराध के आरोपी व्यक्तियों की संपत्तियों सहित अन्य संपत्तियों को ध्वस्त किया जा रहा है।

### उद्धव अस्पताल में भर्ती एंजियोग्राफी की संभावना

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख एवं महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को जांच के लिए यहां रिलायंस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ठाकरे को हृदय रोग है और उनकी हृदय धमनियों में रुकावटों की पहचान के लिए परीक्षण किए जा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक ठाकरे की एंजियोग्राफी होने की संभावना है।

### जौहर विवि की भूमि लीज रद करने के खिलाफ याचिका रद

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले में सपा नेता आजम खान की अध्यक्षता वाले न्यास द्वारा संचालित मौलाना मोहम्मद अली जौहर विवि की भूमि लीज रद करने को चुनौती देने वाली याचिका सोमवार को खारिज कर दी। प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश को बरकरार रखा।

# बहराइच हिंसा: दुकानों-अस्पताल में आगजनी

### पुलिस ने किया लाठीचार्ज, हवाई फायरिंग, आंसू गैस के गोले दागे, पूरे जिले में बंद की गईं इंटरनेट सेवाएं

संवाददाता, लखनऊ/बहराइच

**अमृत विचार :** दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुए बवाल में युवक रामगोपाल मिश्रा की हत्या के बाद सोमवार सुबह एकबार फिर बहराइच में हिंसा भड़क उठी। लाठी-डंडों से लैस लोगों ने तोड़फोड़ करते हुए बाइक के दो शोरूम, दो घर और एक अस्पताल में आग लगा दी। पीएसी के साथ डीएम, एसपी और छह जिलों के पुलिस बल की मौजूदगी में दोपहर तक बवाल होता रहा।

हालात पर काबू पाने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज करते हुए हवाई फायरिंग की, कई बार आंसू गैस के गोले दागे। सुबह 11 बजे से जिले में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गईं। इस दौरान 30 से अधिक लोग हिरासत में लिए गए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डीजीपी मुख्यालय से चार वरिष्ठ आईपीएस, दो एएसपी, छह डिप्टी एसपी, एक कंपनी आरएएफ, तीन कंपनी पीएसी बहराइच भेजी गई। बहराइच के महसी तहसील स्थित महराजगंज कस्बे में रविवार को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान डीजे पर गाना बजाने को लेकर हुए विवाद के बाद पत्थरबाजी हुई थी। इससे विसर्जन यात्रा में शामिल रामगोपाल मिश्रा (22) को दूसरे संप्रदाय के लोगों ने घर में खींच कर रॉड से पिटाई की। चाकू और फिर कनपटी पर असलहा सटाकर गोली मार दी। उसे बचाने गए राजन समेत 12 लोग घायल हो गए। सोमवार सुबह करीब 7:30 बजे पोस्टमार्टम के बाद रामगोपाल का शव घर पहुंचा तो भीड़ शव लेकर महसी तहसील पहुंची और सड़क जामकर प्रदर्शन करने लगी। करीब दो हजार लोग कस्बे और कबड़ियनपुरवा में घुस गए और तोड़फोड करने लगे। बाइक के दो शोरूम, दो घर और एक अस्पताल में आग लगा दी गई।



घटना के बाद रेहुवा गांव में भीड़ जमा हो गई, शव के आने के बाद लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। ● एजेंसी

**मुख्यमंत्री ने मांगी रिपोर्ट :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरे मामले का गंभीरता से लिया है। उन्होंने रविवार को ट्वीट कर नाराजगी जताई। वहीं, पूरे मामले की रिपोर्ट जिला प्रशासन से तलब की है। योगी आज पीड़ित परिवार से करेंगे मुलाकात।

**दो घंटे तक फोर्स के साथ किया मार्च :** एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश हेलीकॉप्टर से पुलिस लाइन पहुंचे। इसके बाद वह महाराजगंज बाजार पहुंचे। पूरे क्षेत्र में दो घंटे बिताने के बाद वह रमपुरवा के लिए रवाना हुए। वहां से जिला मुख्यालय जाएंगे।

- एडीजी लॉ एंड ऑर्डर व गृह सचिव ने संभाला मोर्चा, एक कंपनी आरएएफ, तीन कंपनी पीएसी भेजी

**30 उपद्रवी हिरासत में**

रविवार शाम से शुरू हुए हिंसा में अब्दुल हमीद, रिंकू उर्फ सरफराज, फहीम, राजा उर्फ साहिर खान, ननकऊ, मारुफ अली व अन्य अज्ञात पर हत्या समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस कप्तान का कहना है कि 30 से अधिक लोग हिरासत में लिए गए हैं। वीडियो फुटेज से पहचान की जा रही है।



हाथ में पिस्टल लिए एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश।

**पिस्टल लेकर सड़क पर उतरे एडीजी लॉ एंड ऑर्डर**

हिंसा बेकाबू होता देख मुख्यमंत्री के आदेश पर तत्काल एडीजी लॉ एंड ऑर्डर व एसटीएफ चीफ अमिताभ यश और सचिव गृह संजीव गुप्ता को मौके पर भेजा गया। दोपहर में महसी के रमपुरवा चौकी पर भीड़ ने एडीजी के सामने ही तोड़फोड़ शुरु कर दी। उन्होंने अपनी पिस्टल से हवाई फायरिंग की तो उपद्रवी भागे।

**अफवाहों और भ्रामक खबरों पर ध्यान न दें : डीजीपी**

डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि फिलहाल बहराइच में पूरी तरह से शांति है और स्थिति नियंत्रण में है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सीधी नजर पूरी मामले पर है। सभी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान डीजीपी ने लोगों से अफवाहों और भ्रामक खबरों से सावधान रहने की अपील की।

## अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों को बम से उड़ाने की मिली धमकी

- इंडिगो की दो और एयर इंडिया की एक उड़ान को धमकी

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई से उड़ान भरने वाली तीन अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों में सोमवार को बम की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियों में खलबली मच गई, जबकि न्यूयॉर्क जाने वाली एअर इंडिया की एक उड़ान का मार्ग परिवर्तित कर उसे दिल्ली में उतार दिया गया। अधिकारियों के अनुसार एअर इंडिया की उड़ान के अलावा इंडिगो की मस्कट और जेद्दा जाने वाली दो उड़ानों को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। इंडिगो के विमानों को उड़ान भरने से पहले ही धमकियां मिल गईं और संबंधित विमानों को सोमवार सुबह सुरक्षा जांच के लिए अलग स्थान पर ले जाया गया।

एअर इंडिया ने एक बयान में कहा 14 अक्टूबर को मुंबई से जॉन एफ कैनेडी (जेएफके) अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे जाने वाली उड़ान संख्या एआई-119 को विशेष सुरक्षा चेतावनी मिली और सरकार की सुरक्षा नियामक समिति के निर्देश पर विमान का मार्ग परिवर्तित कर उसे दिल्ली भेज दिया गया।

## सिद्दीकी हत्याकांड : शूटर की तलाश में भोपाल में छापे

भोपाल, एजेंसी

महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या में वांछित संदिग्ध शूटर की मध्य प्रदेश में तलाश सोमवार को लगातार दूसरे दिन भी जारी रही। अधिकारियों ने बताया कि मुंबई और मध्य प्रदेश पुलिस की संयुक्त टीमें उज्जैन और खंडवा में पूजा स्थलों पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं।

सिद्दीकी की हत्या के एक दिन बाद मुंबई पुलिस की एक टीम रविवार को मध्य प्रदेश पहुंची। यह टीम शूटर शिव कुमार का पता लगाने के लिए भोपाल में है। पुलिस ने अब तक तीन संदिग्धों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

**बहराइच के फरार संदिग्ध ने सोशल मीडिया पर लिखा यार तेरा गैंगस्टर है जानी**

**लखनऊ।** बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में उत्तर प्रदेश के बहराइच का फरार संदिग्ध शिव कुमार गौतम ने शान दिखाने के मकसद से खुद को गैंगस्टर बताते हुए सोशल मीडिया पर हाल में ही पोस्ट करना शुरू किया था। गौतम ने 24 जुलाई को इंस्टाग्राम पर अपनी फोटो साझा करते हुए लिखा था, यार तेरा गैंगस्टर है जानी। फोटो में दिख रहा है कि वह मोटरसाइकिल पर सवार है। 8 जुलाई को गौतम ने एक पोस्ट किया था, जिसमें लिखा था, शरीफ बाप है... हम नहीं।

## थप्पड़ मामला : भाजपा से 4 निष्कासित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** लखीमपुर-खीरी में पिटाई मामले में पीड़ित भाजपा विधायक योगेश वर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की और घटना के आरोपी पार्टी नेताओं के खिलाफ कार्रवाई करने व उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से भी मुलाकात की।

मुलाकात के बाद अर्बन कोऑपरेटिव बैंक की पूर्व अध्यक्ष भाजपा नेता पुष्पा सिंह, उनके पति जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अवधेश सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनिल यादव और ज्योति शुक्ला को अनुशासनहीनता के चलते पार्टी से निष्कासित कर दिया गया। भाजपा विधायक ने बताया कि मुख्यमंत्री को उन्होंने पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। साथ ही, आरोपी नेताओं को पार्टी से निष्कासित करने व प्राथमिकी दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की। मुख्यमंत्री ने उनकी मांग पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्यवाही का भी आश्वासन दिया है। योगी जी ने मेरी सुरक्षा बढ़ाने को भी कहा है। सीएम से मुलाकात के पहले भाजपा विधायक ने साथी विधायकों के साथ विस अध्यक्ष सतीश महाना से भी मुलाकात की।



लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपनी पीड़ा सुनाते भाजपा विधायक योगेश वर्मा।

- मुख्यमंत्री और विस अध्यक्ष से मिले भाजपा विधायक योगेश वर्मा
- योगी ने दिया प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई का आश्वासन

## भारत ने कनाडा के छह राजनयिक को निकाला

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने सोमवार को कनाडा के छह राजनयिकों को निष्कासित कर दिया तथा कनाडा से अपने उच्चायुक्त और निशाना बनाए जा रहे अन्य राजनयिकों एवं अधिकारियों को वापस बुलाने की घोषणा की। सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की जांच से भारतीय राजनयिकों को जोड़ने के कनाडा के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए भारत ने यह कार्रवाई की है।

भारत द्वारा उच्चायुक्त संजय वर्मा और कुछ अन्य राजनयिकों को वापस बुलाने का निर्णय कनाडा के प्रभारी राजदूत स्टीवर्ट व्हीलर्स को विदेश मंत्रालय में तलब किए जाने के कुछ ही समय बाद आया। व्हीलर्स को स्पष्ट रूप से संदेश दिया गया कि भारतीय उच्चायुक्त संजय वर्मा और अन्य राजनयिकों एवं अधिकारियों को निराधार तरीके से निशाना बनाना पूरी तरह अस्वीकार्य है। अमेरिकी अखबार वाशिंगटन पोस्ट ने कनाडा के कुछ अधिकारियों का नाम जाहिर किए बिना उनके हवाले से खबर प्रकाशित की है कि कनाडा ने सोमवार को छह भारतीय राजनयिकों को देश छोड़ने का आदेश दिया है जिनमें वर्मा और टोरंटो में वाणिज्य दूतावास के शीर्ष अधिकारी शामिल हैं।

**निज्जर मामला**

- कनाडा ने भारतीय उच्चायुक्त पर आरोप लगा जांच में किया शामिल
- कनाडा से अपने उच्चायुक्त व अन्य अधिकारियों को वापस बुलाया

**कनाडा ने भारतीय राजनयिकों की सुरक्षा खतरे में डाली**

विदेश मंत्रालय के सचिव (पूर्व) जयदीप मजूमदार ने कनाडा के प्रभारी राजदूत को तलब किया और उनसे कहा गया कि हिंसा और उग्रवाद के माहौल में ट्रूडो सरकार की कार्रवाई ने भारतीय राजनयिकों और अन्य अधिकारियों की सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है। हमें उनकी सुरक्षा की मौजूदा कनाडा सरकार की प्रतिबद्धता पर कोई भरोसा नहीं है। इसलिए, भारत सरकार ने उच्चायुक्त और निशाना बनाए जा रहे अन्य राजनयिकों एवं अधिकारियों को वापस बुलाने का फैसला किया है।

## छात्रा से गैंगरेप, मृत समझकर फेंका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** चिनहट में सोमवार तड़के 8वीं की छात्रा से आरोपियों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। इसके बाद तीनों ने उसी के दुपट्टे से हाथ-पैर बांध कर गला कस दिया। आरोपी पीड़िता को मृत समझकर खेत में फेंककर आरोपी भाग निकले। घर न पहुंचने पर भाई तलाश करते हुए खेत पर पहुंचा, जहां बहन की हालत देख वह चौक गया। साथियों की मदद से किसी तरह उसके हाथ-पैर खोले और गोद में उठाकर लोहिया अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश में तीन टीमें लगाई गई हैं।

थाना क्षेत्र में रहने वाली 13 वर्षीया किशोरी कक्षा 8 की छात्रा है। बहन ने बताया कि मायके से कुछ दूरी पर वह रहती है। सुबह करीब 3:30 बजे पीड़िता उसके पास पहुंची और नित्यक्रिया जाने की बात कहकर घर से निकल गई। करीब 7 बजे तक वापस नहीं लौटी तो घर के सभी लोगों ने तलाश शुरू की। तभी गांव के एक व्यक्ति ने उन्हें जानकारी दी कि खेत में बेसुध हालत में वह पड़ी है। खबर मिलते ही भाई भागकर खेत पर पहुंचा, देखा तो बहन के हाथ-पैर बंधे हैं और गले में दुपट्टा कसा है। कपड़ों पर खून के निशान थे। इस पर भाई उसे लेकर लोहिया अस्पताल पहुंचा। कंट्रोल रूम पर सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल और फिर अस्पताल पहुंची। परिजन ने गांव के तीन लोगों पर आरोप लगाया है। डीसीपी शशांक सिंह ने बताया कि सर्विलांस समेत अन्य टीम की मदद ली जा रही है। जिन पर आरोप है, उनके खिलाफ तथ्य तलाशे जा रहे हैं। ताकि सही कार्रवाई की जा सके।



- खेत में खून से लथपथ मिली किशोरी, दुपट्टे से बंधे मिले हाथ-पैर
- चिनहट कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज, आरोपियों की धरपकड़ के लिए 3 टीमें गठित

## तीन अर्थशास्त्रियों को नोबेल पुरस्कार

**स्टॉकहोम।** राष्ट्रों के बीच समृद्धि में अंतर पर शोध के लिए डेरॉन ऐसमोग्लू, साइमन जॉनसन और जेम्स ए रॉबिन्सन को अर्थशास्त्र का नोबेल दिया गया है। रॉयल स्वीडिश अकेडमी ऑफ साइंसेज की नोबेल समिति ने कहा कि तीनों अर्थशास्त्रियों ने किसी देश की समृद्धि के लिए सामाजिक संस्थाओं के महत्व को प्रदर्शित किया है। कानून के खराब शासन वाले समाज और आबादी का शोषण करने वाली संस्थाएं वृद्धि या बेहतर बदलाव नहीं लाती हैं। ऐसमोग्लू और जॉनसन मैसाचुसेट्स इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में काम करते हैं और रॉबिन्सन शिकॉगो विवि में शोध करते हैं।

- राष्ट्रो के बीच समृद्धि में अंतर पर किया रिसर्च

## अब बिल्डर नहीं वसूल सकेंगे मनमाना बिजली बिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** आवासीय भवनों में मनमाने ढंग से बिजली बिल वसूलने पर संबंधित बिल्डर पर पन्द्रह हजार रुपये तक का जुर्माना लगेगा। इसके बाद भी अगर बिल्डर की कार्यशैली में सुधार नहीं हुआ तो सिंगल प्वांइट पर दिया गया बिजली कनेक्शन काट दिया जाएगा और आवासीय उपभोक्ता अपने नाम से कनेक्शन ले सकेंगे। राज्य विद्युत नियामक आयोग ने टैरिफ आदेश में बिजली निगमों को यह व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए हैं।

निर्देश के तहत सिंगल पॉइंट कनेक्शन में पहली बार गलती पाये जाने पर बिल्डर पर पांच हजार जुर्माना, दूसरी गलती पर 10 हजार व तीसरी बार गलती पर 15 हजार जुर्माना लगाया जाएगा। आयोग के निर्देश के तहत बिजली कंपनियां ऑनलाइन पोर्टल बनाएंगी, जिसमें बिल्डर को सभी उपभोक्ताओं का बिजली बिल संबंधी डाटा प्रदर्शित करना होगा। सभी बिल्डरों को अपना ऑडिटेड अकाउंट भी रखना होगा। इस बीच, सोमवार को उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार व सदस्य संजय कुमार सिंह से मुलाकात कर उपभोक्ता हित में बिजली दर तय करने के लिए आभार व्यक्त किया। मालूम हो कि नियामक आयोग को शिकायतें मिल रहरी थीं कि कुछ बिल्डर सिंगल प्वाइंट कनेक्शन लेकर आवासीय उपभोक्ताओं से मनमाना बिल वसूल कर रहे हैं। निर्धारित फिक्स चार्ज 110 रुपये व एनर्जी चार्ज सात रुपये प्रति यूनिट से ज्यादा वसूली की जा रही है।



- संबंधित बिल्डर पर पन्द्रह हजार रुपये तक का जुर्माना लगेगा
- नहीं सुधार हुआ तो कट जाएगा सिंगल प्वांइट कनेक्शन

**आवासीय समिति मेंटेनेंस चार्ज के नाम पर नहीं काट सकतीं कनेक्शन**

नियामक आयोग ने अपने निर्देश में कहा है कि कोई भी बिल्डर या आवासीय वेलफेयर समिति फ्रेंचाइजी के रूप में काम करेगी। वह मेंटेनेंस चार्ज के नाम पर किसी भी उपभोक्ता का बिजली का कनेक्शन नहीं काट सकेंगी। ऐसे बिल्डर या फ्रेंचाइजी आवासीय समिति जनरेटर व डीजी सेट होने पर इसका अलग से बिजली बिल उपभोक्ताओं से वसूल सकेंगी। उपभोक्ताओं को मेंटेनेंस चार्ज का भी बिल अलग से अदा करना होगा।

# बहराइच में बवाल

# तोड़फोड़ और आगजनी के बीच उपद्रवियों को खदेड़ती रही पुलिस

## पांच घंटे तक चला उपद्रव, चपेट में आए कई इलाके, जिले में हाई अलर्ट, प्रमुख स्थानों पर पुलिस तैनात

संवाददाता, लखनऊ/बहराइच

**अमृत विचार :** बहराइच के महाराजगंज कस्बे में सोमवार की सुबह शुरू हुई हिंसा की चपेट में बेड़नापुर, भगवानपुर, रमपुरवा बाजार, गौरीशंकरपुरवा समेत कई इलाके आ गए। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने पांच घंटे तक उपद्रव किया। राहगीरों को भी नहीं बख्शा, उनकी पिटाई कर दी। उपद्रवी तोड़फोड़ और आगजनी करते रहे और पुलिस लाठी भांजकर उन्हें खदेड़ती रही। इस दौरान इलाकाई लोग घरों में कैद रहे।

महाराजगंज हिंसा के बाद पूरे बहराइच जिले में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। प्रमुख स्थानों पर पुलिस व पीएसी के जवान तैनात कर दिए गए हैं। जिलाधिकारी मोनिका रानी और पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने अपील की है कि लोग संयम बरतें, कोई समस्या नहीं है। छोटी छोटी बात को लेकर कोई विवाद न करें। एसपी वृंदा शुक्ला ने बताया कि बाबागंज, नानपारा, रूपईडीहा, मोतीपुर में भी सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। फोर्स लगातार गश्त कर रही है। पीएसी भी तैनात की गई है।



महाराजगंज में उपद्रव के बाद पीएसी के साथ मार्च करती पुलिस।



महाराजगंज में उपद्रवियों द्वारा फूंकी गई बाइक।



महाराजगंज में उपद्रवियों द्वारा लगाई आग बुझाता दमकलकर्मी।



उपद्रव के दौरान आरोपी को दबोचते पुलिसकर्मी।

### प्रदेश में अलर्ट, मिश्रित आबादी के क्षेत्रों में गश्त बढ़ी

मुख्यमंत्री ने बहराइच की घटना के मद्देनजर पूरे प्रदेश जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षकों को खासकर मिश्रित आबादी वाले इलाकों में हाई अलर्ट रहने और गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। बहराइच में सोशल मीडिया समेत पूरे प्रदेश में अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखने के भी निर्देश हैं। उधर, पुलिस महानिदेशक स्तर से भी संवेदनशील स्थानों पर मुस्तैद रहने को कहा गया है।

## छत पर भगवा लहराने के 25 मिनट बाद हुई हत्या

**अमृत विचार, लखनऊ/बहराइच :** महसी तहसील इलाके के महाराजगंज बाजार में एक संप्रदाय से जुड़े व्यक्ति की छत पर धार्मिक झंडा लगा था। उसे रामगोपाल ने हटाया और भगवा झंडा लगा दिया। नारेबाजी भी की। स्थानीय लोगों के मुताबिक भगवा झंडा लगाने के 25 मिनट बाद ही रामगोपाल की हत्या कर दी गई। भगवा झंडा फहराने से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इस तरह के वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है। इस मामले में पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वायरल वीडियो की जांच करवाई जायेगी। इसके बाद ही घटना के कारणों का पता चल सकेगा।

### वीडियो हुआ वायरल जांच कर रही पुलिस



वायरल वीडियो का अंश।

### मौके से भाग गए एसडीएम, नहीं दी गाड़ी

रामगोपाल को अस्पताल ले जाने के लिए लोगों ने जब एसडीएम से गुहार लगाई तो वह भाग गए। बाइक से किसी तरह से रामगोपाल को अस्पताल ले जाना पड़ा। एसडीएम की इस हरकत से परिजन आक्रोशित हैं। चचेरे भाई ने बताया कि पुलिस प्रशासन की लापरवाही से वारदात हुई। रामगोपाल को अस्पताल पहुंचाने के लिए एसडीएम से मदद मांगी गई तो उन्होंने अपनी गाड़ी देने से मना कर दिया। वहां से भाग गए। परिजन ने कहा कि अगर एसडीएम अपनी गाड़ी से अस्पताल पहुंचा देते तो शायद जान बच जाती। सोमवार को जब एसडीएम गांव पहुंचे तो आक्रोशित लोगों ने खदेड़ दिया।

### महाराजगंज में डटे मंडल-प्रदेश स्तर के अधिकारी

महाराजगजं में ही जिले, मंडल और प्रदेश के अधिकारियों ने कैंप कर दिया है। सोमवार दोपहर तीन बजे तक बवाल चलता रहा। उपद्रव पर नियंत्रण के लिए एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश , आईजी केएस प्रताप सिंह, डीआईजी अमरेंद्र प्रसाद सिंह, मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील, डीएम मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. पवित्र मोहन त्रिपाठी, एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव, एसडीएम, सीओ महसी, बस्ती सीओ मौजूद रहे।

### एडीजी लॉ एंड ऑर्डर ने शुरू की पुलिस लाइन में बैठक

महाराजगंज कस्बे में जुए उपद्रव के संबंध में एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश और सचिव गृह संजीव गुप्ता ने जिले और मंडल के अधिकारियों के साथ सोमवार शाम को पुलिस लाइन में बैठक शुरू कर दी है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी, नगर रामानंद कुशवाहा, जिले के पुलिस क्षेत्राधिकारी भी मौजूद रहे।

### हिंसा में 12 घायल, अधिक लोगों के चोटिल होने की आशंका

हिंसा में घायल हुए सुधाकर तिवारी (45), सत्यवान (40), अखिलेश वाजपेयी (55) विनोद मिश्रा (60), लाल विश्वकर्मा (55) समेत 12 से अधिक लोग घायल हो गए। इन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अनुमान जताया जा रहा है कि घायलों की संख्या इससे कहीं अधिक है। ज्यादातर का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### बाबागंज में पुलिस ने जुलूस रोका, लोगों में नाराजगी

**अमृत विचार, बाबागंज :** बाबागंज में हिंदू समाज के लोगों द्वारा निकाले गए जुलूस को चौकी इंचार्ज और रूपईडीहा थाने की पुलिस ने रोक दिया। इससे लोगों में नाराजगी दिखी। हालांकि प्रत्यक्ष रूप से किसी ने विरोध नहीं जताया।

# पांच घंटे तक तहसील मुख्यालय पर शव रखकर प्रदर्शन-हंगामा

## आरोपियों को फांसी और उनके घरों पर बुलडोजर चलाने की कर रहे थे मांग | विधायक ने मुख्यमंत्री योगी से कराई बात, उनके आश्वासन पर दोपहर दो बजे हुआ अंतिम संस्कार

संवाददाता, बहराइच/लखनऊ

**अमृत विचार :** विसर्जन यात्रा के दौरान हुए बवाल के दौरान रेहुआ मंसूर गांव के रामगोपाल मिश्रा की मौत के बाद उसका शव लेकर परिजन और ग्रामीणों ने तहसील मुख्यालय महसी पर सुबह से दोपहर तक करीब पांच घंटे प्रदर्शन किया। वे आरोपियों को फांसी की सजा दिलाने और उनके मकान पर बुल्डोजर चलाने की मांग कर रहे थे। स्थानीय भाजपा विधायक द्वारा फोन पर कराई गई बातचीत में मुख्यमंत्री योगी के आश्वासन पर ही वे शांत हुए और दोपहर बाद दो बजे अंतिम संस्कार हुआ। मुखाग्नि बड़े भाई ने दी।

रेहुआ मंसूर गांव की दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस निकलने के दौरान महसी के महाराजगंज बाजार में हुए बवाल के दौरान हुई मौत के बाद रविवार देर रात रेहुआ मंसूर गांव निवासी राम गोपाल मिश्रा के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। सुबह 7.30 बजे शव घर पहुंचा। इसके बाद हजारों की भीड़ शव लेकर तहसील मुख्यालय महसी पहुंच गई। यहां पर सभी ने शव रखकर प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री को बुलवाने, आरोपियों के विरुद्ध बुलडोजर की कार्यवाई करने और पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने की मांग करने लगे। दोपहर तक प्रदर्शन चलता रहा।

भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से फोन पर वार्ता कर मांग के बारे में बताया। विधायक ने सभी मांग पूरी होने की बात परिवार के लोगों से कहीं। डीएम मोनिका रानी और पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने भी परिवार के लोगों को आश्वासन दिया। इसके बाद शांत हुए ग्रामीण दोपहर 12.30 बजे शव लेकर गांव पहुंचे। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दोपहर दो बजे शव का अंतिम संस्कार हुआ। बड़े भाई हरि मिलन मिश्रा ने शव को मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार के दौरान गांव के लोगों की काफी भीड़ रही। पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। मालूम हो कि मृतक राम गोपाल की शादी छह माह पूर्व ही हुई थी। पिता काफी बुजुर्ग हैं।



हिंसा पर नियंत्रण की रणनीति बनातीं डीएम और एसपी।

### विधायक सुरेश्वर सिंह बोले, जरूरत पड़ी तो बुलडोजर भी चलेगा

रामगोपाल मिश्रा के अंतिम संस्कार में पहुंचे भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह ने कहा कि जरूरत पड़ी तो आरोपियों के घरों पर बुलडोजर भी गरजेगा। अभी संयम रखने की जरूरत हैं। सरकार इस मामले में लगातार निगरानी कर रही है। जिसकी लापरवाही होगी उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कहा कि रामगोपाल उनके बेटे जैसा था। परिवार के साथ भाजपा और वह स्वयं खड़े हैं।



### कानून अपने हाथ में न ले जनता : प्रियंका गांधी

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बहराइच में हुई हिंसा प्रकरण में अपील करते हुए कहा कि जनता कानून को अपने हाथ में न ले। उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिये कहा कि प्रदेश में हो रही हिंसा व प्रशासन के निष्क्रिय होने की खबरें अत्यंत दुखद व दुर्भाग्यपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री व राज्य प्रशासन से उनकी अपील है कि त्वरित कार्रवाई करते हुए जनता को विश्वास में लें और हिंसा रोकें। दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाय। उन्होंने कहा कि जनता से करबद्ध अपील है कि वह शांति बनाए रखे।



### एसीएस और डीजीपी भी रहें तैयार : मुख्यमंत्री

**अमृत विचार , लखनऊ :** बहराइच में भड़की हिंसा को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने आवास पर उच्चस्तरीय बैठक में शासन और पुलिस के शीर्ष अधिकारी बुलाए। मुख्यमंत्री ने अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार और पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार को भी मौके पर जाने के लिए तैयार रहने को कहा। योगी ने सख्त निर्देश दिए कि कहीं भी कोई हिंसा बर्दाश्त नहीं होगी, कानून को हाथ में लेने की इजाजत किसी को नहीं होगी। उन्होंने आश्वासन दिया है कि प्रशासन से भी कहीं गलती हुई है तो जिम्मेदारों को चिन्हित करके कार्रवाई होगी।



### घर से खींचकर मारी गोलियां : शलभमणि

देवरिया सदर से भाजपा विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने मामले को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, ये तब हुआ जब विसर्जन के दौरान इसी घर से अकारण माँ दुर्गा प्रतिमा पर पथराव हुआ, मां भक्तों पर गोलियां दागी गईं। इसी घर से खींचकर रामगोपाल मिश्रा को बेरहमी से कई गोलियां मारीं गईं। एकतरफा वीडियो फैलाकर हत्यारों को कोई बचा नहीं पाएगा। जांच के बाद दोषियों के खिलाफ सरकार ऐसी कार्रवाई करेगी कि उनकी पीढ़ियां याद करेंगी।

## एक नजर

### शोषित समाज अधिकारी पार्टी का सपा में विलय

**अमृत विचार,लखनऊ :** शोषित समाज अधिकार पार्टी सोमवार को समाजवादी पार्टी में विलय हो गयी। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज कुमार गौतम ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव के नेतृत्व एवं सपा की नीतियों पर आस्था जताते हुए विलय कर दिया, साथ ही भीम आर्मी के भी कई नेताओं ने सपा की सदस्यता ग्रहण कर पार्टी के प्रति आस्था जतायी। इस मौके पर सपा इटावा सांसद जितेन्द्र दोहरे उपस्थित रहे। सपा में शामिल होने वालों में अमित दोहरे, केशव प्रसाद और सक्रिय सदस्य सहित वाराणसी, लखनऊ, कानपुर नगर, जसवंतनगर, रसूलाबाद, इटावा के प्रमुख लोग हैं।

### नीट पीजी : स्ट्रे वैकेन्सी राउंड काउंसिलिंग आज से

**अमृत विचार,लखनऊ :** राज्य के डेंटल कॉलेजों में रिक्त पीजी सीटों पर दाखिले के लिए स्पेशल स्ट्रे वैकेन्सी राउन्ड की ऑनलाइन काउंसिलिंग 15 अक्टूबर से शुरू होंगी। यूपी नीट एमडीएस अंतर्गत होने वाली तीसरी काउंसिलिंग में वही अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकेंगे, जिन्हें पूर्व की कांउसिलिंग में सीट न आवंटित हुई हो। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया कि पंजीकरण कराने वाले अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग में बने रहने के लिए धरोहर राशि जमा करनी होगी। जिसके बाद 18 अक्टूबर को अभ्यर्थियों की मेरिट सूची जारी होगी। 21 अक्टूबर को सीट आंवटन परिणाम घोषित होंगे। इसके बाद दाखिले की प्रक्रिया 25 अक्टूबर तक संपन्न होगी।

### एसटीएफ ने 50 हजार का इनामी बदमाश पकड़ा

**अमृत विचार , लखनऊ :** एसटीएफ ने सोमवार को प्रतापगढ़ के जदवापुर बागीचा के सामने से 50 हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ प्रतापगढ़ के जेठवारा थाने में बलवा, हत्या के प्रयास और साजिश रचने की रिपोर्ट दर्ज है। एसटीएफ डिप्टी एसपी शैलेश प्रताप सिंह के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी रूस्तम जेठवारा के गोकुला गांव का रहने वाला है।

# अतीक अहमद और जीवा के तरीके से की गई बाबा सिद्दीकी की हत्या

## ग्रामीण परिवेश और आर्थिक रूप से कमजोर युवकों से कराई वारदात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** माफिया सांसद अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ, गैंगस्टर संजीव माहेश्वरी उर्फ जीवा, मुन्ना बजरंगी की हत्या का तरीका भी बाबा सिद्दीकी की हत्या से मेल खाता है। इन सभी हत्याकांड में शामिल शूटर आर्थिक रूप से कमजोर और ग्रामीण परिवेश के हैं। उम्र भी 18 से 25 साल के बीच की है।

मुंबई के बांद्रा में पूर्व मंत्री व एनसीपी के नेता बाबा सिद्दीकी से पहले पंजाब के गायब सिद्धू मूसेवाला की हत्या में यूपी के शूटर शामिल थे। इन दोनों हत्याकांड में लारेंस विश्नोई गिरोह का नाम भी जुड़ा है। बाबा सिद्दीकी की हत्या योजनाबद्ध तरीके से की गई। हत्याकांड में शामिल दो शूटर धर्मराज और शिवा बहराइच के हैं।

प्रयागराज पुलिस कस्टडी में अतीक अहमद और अशरफ की हत्या कर दी गई थी। शूटर सनी सिंह, लवलेश तिवारी और अरूण मौर्य की उम्र 18 से 22 साल के बीच थी। तीनों का कोई आपराधिक इतिहास नहीं था। लवलेश बांदा, अरूण कासगंज और सनी हमीरपुर का रहने वाला था। तीनों की अतीक से दुश्मनी भी नहीं थी। वहीं, गैंगस्टर संजीव महेश्वरी उर्फ जीवा की लखनऊ कोर्ट में पेशी के दौरान हत्या करने वाले 24 साल का विजय यादव जौनपुर के केराकत का रहने वाला है। विजय मुंबई में रहकर काम करता था। इसी तर्ज पर मुन्ना बजरंगी की हत्या में संजीव राठी का नाम सामने आया। वह भी पेशेवर अपराधी नहीं था।

### मुख्तार और लारेंस विश्नोई में थी नजदीकी

पूर्वांचल के बाहुबली विधायक मुख्तार अंसारी और लारेंस विश्नोई के बीच काफी नजदीकी रिश्ते थे। राजस्थान के अपराधी आनंद पाल से भी विश्नोई के रिश्ते अच्छे थे। पंजाब के दो गैंगस्टर प्रभजिंदर सिंह बराड़ और जसविंद सिंह भुल्लर उर्फ रॉकी 1997 में वाराणसी में हुए व्यापारी नंद किशोर रूंगटा अपहरण कांड में लखनऊ जेल में बंद था। यहीं पर मुख्तार से दोस्ती हुई। बाद में भुल्लर के रिश्ते लारेंस से हुए। 2016 में शिमला से लौटते समय भुल्लर की हत्या कर दी गई थी। इसके बाद भुल्लर गिरोह लारेंस के लिए काम करने लगा। पुलिस सूत्र बताते हैं कि लारेंस की उत्तर प्रदेश में इंट्री भुल्लर ने ही एक बाहुबली नेता के जरिए कराई थी। यही नहीं सिद्धू मूसेवाला की हत्या की योजना भी यूपी में ही बनी थी।

# दुबई में इन्वेस्टर मीट में निवेशकों ने दिखाई रुचि

**अमृत विचार, लखनऊ :** दुबई में प्रवासी निवेशकों ने प्रदेश में रिजॉर्ट, लॉजिटिक्स, सब्जियों के निर्यात व मातृभूमि योजना में रुचि दिखाई है। इन्वेस्टर मीट के दौरान निवेशकों ने अपनी राय व्यक्त की।

दुबई के इंडिया क्लब में इन्वेस्ट यूपी व यूपी डायस्पोरा की ओर से आयोजित इन्वेस्टर मीट में इरफान इजहार ने अलीगढ़ में रिजॉर्ट व युसूफ खान ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लॉजिस्टिक्स में निवेश की इच्छा दिखाई है। राजेश अग्रवाल ने पुरखों के नाम अपनी पुश्तैनी जमीन हॉस्पिटल के लिए दान करने की इच्छा जाहिर की है। इसके साथ ही, दुबई के मदीना ग्रुप ने यूपी से फल सब्जियों के लिए यूपी में सेंटर खोलने को लेकर रुचि प्रकट की है। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवींद्र जायसवाल ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में सरकार की नीतियों की जानकारी दी।

# 27 चीफ फार्मासिस्ट पदोन्नति पाकर बने प्रभारी अधिकारी

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत 27 चीफ फार्मासिस्टों को पदोन्नति देकर प्रभारी अधिकारी(फार्मेसी) बना दिया गया है।

इनमें कृष्ण चंद्र, दिनेश कुमार गंगवार, शिव शंकर, राजकमल त्रिपाठी, सुभाष चंद्र पाण्डेय, अमरनाथ कर पाठक, शुजाउद्दीन, इमरान अहमद, शफीर्कुर रहमान, विजय बहादुर चौधरी, दुष्यंत मोहन शुक्ल, शशि भूषण शुक्ल,मो जमील, जगदीश पाल तेवतिया, दुर्गा प्रसाद सिंह, राजेन्द्र कुमार सिंह, वीरेन्द्र पाल राजौरिया, संतोष कुमार सिंह, जितेन्द्र नाथ राय, प्रेमचंद्र, शिव जी कुशवाहा, दिनेश चंद्र, शंकर गिरि गोस्वामी, योगेन्द्र नाथ पाण्डेय, रामतीर्थ मिश्र, रामकठिन राम और हनुमान प्रसाद वर्मा शामिल हैं।

### 205 फार्मासिस्ट बने चीफ फार्मासिस्ट

स्वास्थ्य विभाग में विभागीय प्रोन्नति पाकर 205 फार्मासिस्ट, चीफ फार्मासिस्ट हो गए हैं। पदोन्नति मिलने के बाद इन चीफ फार्मॉसिस्टों को वेतन मेट्रिक्स लेवल सात, 44900-142400 ग्रेड पे- 4600 मिलेगा। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.ब्रजेश राठौर द्वारा निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

### प्रयोशाला प्रविधिज्ञ को मिली पदोन्नति

स्वास्थ्य विभाग में विभागीय प्रोन्नति समिति की संस्तुतियों के बाद कार्यरत प्रयोगशाला प्रविधिज्ञों को वरिष्ठ प्रयोगशाला प्रविधिज्ञ के पद पर पदोन्नति कर दिया गया है। सोमवार को जारी आदेश के अनुसार 23 प्रयोगशाला प्रविधिज्ञ, वरिष्ठ प्रयोगशाला प्रविधिज्ञ हो गए हैं, वेतनमान पे ग्रेड 4600 मिलेगा।

# राजभवन का नाम सेवाभवन कर दें : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजभवन का नाम बदलकर सेवा भवन करने को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने तंज कसते हुए कहा कि जब बदलाव हो ही रहा है तो नाम बदलने वाली सरकार को एक सुझाव ये भी है कि अंग्रेजों की औपनिवेशिक मानसिकता वाले राजतंत्रीय शब्द 'राज' के स्थान पर लोकतंत्रीय शब्द 'सेवा' कर दें मतलब 'राजभवन' की जगह 'सेवा-भवन'।

सपा प्रमुख ने सोमवार रात, सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि आशा है राजभवन के नव निर्माण का नक़्शा सभी मानकों के साथ पहले से ही पास करवा कर ही निर्माण शुरू करवाया गया होगा। जब तक निर्माण पूरा न हो जाए तब तक लखनऊ विकास प्राधिकरण या कोई अन्य उत्तरदायी विभाग, इस बदलाव-निर्माण का नक़्शा जनता के दर्शानार्थ, जहाँ निर्माण हो रहा है, उसी के पास में ही प्रदर्शित करे।

**राहत** | परिवहन विभाग की सभी सेवाएं हुई ऑनलाइन

# घर बैठे नौ सेवाओं का लाभ ले सकते हैं वाहन स्वामी

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

- परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने सुविधाओं को आनलाइन लागू करने के निर्देश दिए

**अमृत विचार:** परिवहन विभाग की नौ सेवाओं का अब वाहन स्वामी घर बैठे आनलाइन सुविधा का लाभ ले सकते हैं। इन सभी सेवाओं को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से लाइव कर दिया गया है। डुप्लीकेट आरसी, विशेष परमिट, डुप्लीकेट फिटनेस सर्टिफिकेट, डीएल एड्रेस परिवर्तन समेत कई सेवाएं अब आनलाइन ही वाहन स्वामी प्राप्त कर सकेंगे । आमजनमानस को वाहन संबंधी सुविधाएं प्रदान करने के लिए परिवहन विभाग ने सेवाओं को लाइव कर दिया है। इससे वाहन स्वामियों को भागदौड़ की परेशानी से छुटकारा मिलेगा और घर बैठे विभिन्न सुविधाएं प्राप्त हो सकेगी। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने विभाग को इन सुविधाओं को तत्काल आनलाइन लागू करने के निर्देश दिए हैं।

यह जानकारी सोमवार को परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि जो नौ सेवाओं पूरी तरह से आनलाइन कर दी गयी है उनमें डुप्लिकेट आरसी, विशेष परमिट, आरसीविवरण, डुप्लिकेट परमिट, डुप्लिकेट फिटनेस सर्टिफिकेट, डुप्लिकेट डीएल, डीएल में पता परिवर्तन, डीएल प्रतिस्थापन एवं डीएल एक्सट्रैक्ट को आधार प्रमाणिकरण के माध्यम से लाइव कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त शिक्षार्थी लाइसेंस, स्थायी पंजीयन के लिए आवेदन लाइसेंस,वाहन से मोबाइल नम्बर अपडेट का कार्य पहले से ही आधार प्रमाणिकरण के माध्यम से किया जा रहा है।

परिवहन आयुक्त ने बताया कि इन सेवाओं का लाभ लोगों को बिना परिवहन कार्यालय आए आधार प्रमाणिकरण के माध्यम से प्राप्त हो सकता हैं। इन कार्यों को फेसलेस किये जाने से आमजनता को अत्यंत ही सुविधा होगी। परिवहन विभाग की ओर से प्रदान की जा रही अन्य सेवाओं को भी फेसलेस किये जाने का कार्य किया जा रहा है। जल्द ही अन्य सुविधाओं को भी इस प्रणाली का उपयोग कर फेसलेस करने की कार्यवाही की जायेगी।

# सामूहिक दुष्कर्म का आरोपी प्रयागराज से गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** महाराष्ट्र के पुणे में सामूहिक दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहा आरोपी शोएब उर्फ अख्तर बाबू शेख को पुणे पुलिस ने एसटीएफ की मदद से प्रयागराज के औद्योगिक नगर से गिरफ्तार किया। एसटीएफ प्रयागराज के सीओ शैलेश प्रताप सिंह ने बताया कि तीन अक्तूबर की देर रात आरोपी शोएब उर्फ अख्तर बाबू शेख ने अपने दो अन्य साथी सोमनाथ यादव व चंद्रकुमार कन्नौजिया के साथ मिलकर युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। पुणे की कोढ़वा थाने की पुलिस ने चंद्रकुमार को गिरफ्तार किया था।

# मध्यान्ह भोजन योजना में अगले माह से मिलेगा अतिरिक्त न्यूट्रीशन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मूंगफली की चिक्की या गजक होंगे उपलब्ध, मुख्य सचिव की बैठक में दी गई मंजूरी

**अमृत विचार :** प्रदेश में मध्यान्ह भोजन योजना के तहत छात्र-छात्राओं को अगले माह से मार्च 2025 तक अतिरिक्त सप्लीमेंट्री न्यूट्रीशन मिलेगा। इसमें मूंगफली की चिक्की या गुड़-तिल-मूंगफली की गजक उपलब्ध होंगे। सोमवार को मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई 30वीं प्रबंधकारिणी समिति की बैठक में इससे जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई।

फैसले के तहत चौलाई (रामदाना) का लड्डू, बाजरे का लड्डू आदि (प्रत्येक छात्र को न्यूनतम 20 ग्राम की मात्रा में) या भुना चना (प्रत्येक छात्र को न्यूनतम 50 ग्राम मात्रा में) प्रत्येक छात्र को दिया जाएगा। योजना से जुड़े विद्यालयों में प्रत्येक गुरुवार को अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राओं को अतिरिक्त सप्लीमेंट्री न्यूट्रीशन दिया जाएगा। इसके लिए पांच रुपये प्रति छात्र प्रति दिवस की दर निर्धारित की गई है। इस पर लगभग 95 करोड़ रुपये का खर्च आएगा, जिसमें 57 करोड़ रुपये केन्द्रांश व 38 करोड़ रुपये राज्यांश शामिल है।

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।



मलिहाबाद से विधायिका श्रीमती जयदेवी कौशल हवन-पूजन कर साईं बाबा की अनुकम्पा की पात्र बनती हुई।

नियम और शर्तें
★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया नि:शुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।



साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10, 9839163047 / 9956384848

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।
इमेल
lkocityreporter@amritvichar.com
व्हाट्सएप
8112979390

**मौसम**

रात के तापमान में गिरावट होने की संभावना है।

32.7° अधिकतम तापमान | 24.1° न्यूनतम तापमान

**शहर में आज**



- टैगोर मार्ग स्थित वास्तुकला एवं योजना संकाय में 'शैल उत्सव' अखिल भारतीय मूर्तिकला शिविर : 10 :00 बजे।
- अलीगंज स्थित विद्या मंदिर में विज्ञान मेला की शुरुआत : 3 :00 बजे।

# 10 वर्षों बाद अक्टूबर के पहले पखवारे में गुलाबी ठंड का एहसास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** मौसम के लगातार करवट बदलने के कारण 10 वर्षों के बाद इस बार अक्टूबर के पहले पखवारे में ठंड का एहसास हो रहा है। अधिकतम तापमान सामान्य से कम है।

अगस्त और सितंबर में झमाझम बारिश हुई थी। अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में हल्की बूंदाबांदी से मौसम सुहावना हो गया था।

▶▶ 2020 में अधिकतम तापमान 37.4 और 2023 में 36.3 डिग्री सेल्सियस था



पिछले वर्षों के आंकड़ों पर अगर नजर डालें तो अक्टूबर में गर्मी का ही एहसास होता रहा है। लोगों एसी चलाते रहते थे। इस बार मौसम ने रात में गुलाबी ठंड का एहसास कराना शुरू कर दिया है।

**▶▶ हल्की बूंदाबांदी से गिरा तापमान**

अरब सागर में निम्न दबाव का क्षेत्र बनने के कारण मौसम का मिजाज बदला हुआ है। सोमवार को सुबह और दिन में हल्की बूंदाबांदी हुई। दिनभर मौसम सुहावना रहा। सोमवार की सुबह और दिन में हल्की बूंदाबांदी हुई। बूंदाबांदी के कारण अधिकतम तापमान गिर गया। हालांकि दोपहर बाद धूप खिली, मगर गर्मी का एहसास नहीं हुआ। अधिकतम तापमान 32.7 और न्यूनतम तापमान 24.1 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकतम तापमान सामान्य से 1 डिग्री सेल्सियस कम रहा जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से 4.4 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. दानिश ने बताया कि मंगलवार से मौसम साफ और शुष्क रहेगा। रात के तापमान में गिरावट होने की संभावना है, जिससे गुलाबी ठंड का एहसास होगा।

| वर्ष | तापमान अधिकतम | वर्ष | तापमान अधिकतम |
|---|---|---|---|
| 2024 | 32.7 | 2018 | 35.7 |
| 2023 | 36.3 | 2017 | 35.6 |
| 2022 | 34.6 | 2016 | 36.1 |
| 2021 | 35.6 | 2015 | 38.7 |
| 2020 | 37.4 | 2014 | 35.0 |
| 2019 | 34.4 | | |



जोन-3 कार्यालय में समीक्षा करतीं महापौर सुषमा खर्कवाल। अमृत विचार

# दिवाली पर आवास विकास परिषद देगा प्रीमियम भूखंडों की सौगात

## 284 भूखंडों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण, 72,000 रुपये प्रति वर्गमीटर हो सकती है दर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** दिवाली पर आवास विकास इस बार प्रीमियम भूखंडों की सौगात देगा। वृंदावन योजना के सेक्टर 20 में कुल 284 भूखंडों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण खोलेगा। परिषद पहली बार 300 वर्गमीटर के 50 प्रीमियम भूखंड भी बेचेगा। इसके अलावा 200 वर्गमीटर के 132, 147 वर्गमीटर के 20 और 137 वर्गमीटर के 82 भूखंड रहेंगे।

भूखंड की दर लगभग 72,000 रुपये प्रति वर्गमीटर हो सकती है। आवास विकास ने रेरा में पंजीकरण के लिए प्रस्ताव भेज दिया है। दिवाली पर इन भूखंडों के लिए परिषद ऑनलाइन पंजीकरण खोल देगा।

▶▶ 300 वर्गमीटर के 50, 200 वर्गमीटर के 132, 147 वर्गमीटर के 20, 137 वर्गमीटर के 82 भूखंड होंगे

**▶▶ पीजीआई से 2 और डिफेंस एक्सपो स्थल से 1 किलोमीटर की है दूरी**

सेक्टर 20 बी में प्रस्तावित भूखंडों की रायबरेली रोड स्थित पीजीआई से दूरी लगभग 2 किलोमीटर और डिफेंस एक्सपो स्थल से दूरी लगभग 1 किलोमीटर है। एयरपोर्ट और इकाना स्टेडियम की दूरी लगभग 7 किलोमीटर है। वृंदावन योजना का यह क्षेत्र लगभग विकसित हो चुका है और प्राइम लोकेशन पर है। परिषद के अभियंताओं को उम्मीद है कि थोड़े महंगे होने के बाद भी लोग इन भूखंडों को हाथों हाथ लेंगे।

**▶▶ 24 कॉमर्शियल और 1 होटल भूखंड भी रहेगा**

आवासीय भूखंडों के साथ आवास विकास ने यहां 24 व्यावसायिक और 1 होटल भूखंड भी सृजित किया है। व्यावसायिक भूखंड 677 वर्गमीटर और होटल भूखंड 7119 वर्गमीटर क्षेत्रफल का है। परिषद इन भूखंडों को नीलामी से बेचेगा।

सेक्टर 20 में 284 भूखंड सृजित किए गए हैं। इनमें प्रीमियम भूखंड भी शामिल हैं। रेरा में पंजीकरण के लिए यह प्रस्ताव भेजा जा चुका है। अनुमति मिलते ही दिवाली पर पंजीकरण खोलने की तैयारी है।
–डीके गुप्ता, अधीक्षण अभियंता, वृंदावन वृत्त

**▶▶ सुरक्षा के लिए परिषद बनाएगा गेटेड कालोनी**

निर्माण खंड लखनऊ 1 के अधिशासी अभियंता ऐखलाक अहमद ने बताया कि आवास विकास वृंदावन योजना के सेक्टर 20 बी में इन भूखंडों के लिए गेटेड कालोनी विकसित करेगा। कालोनी के चारों ओर ऊंची बाउंड्री और दो तरफ गेट रहेंगे। गेट पर सुरक्षाकर्मी भी 24 घंटे तैनात रहेंगे। योजना में मध्यम और उच्च आय वर्ग के लिए भूखंड सृजित किए गए हैं। इसलिए आवंटियों की सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा गया है।



कलक्ट्रेट में बैठक के दौरान निर्देश देते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना। अमृत विचार

## भूखंड विक्रय से पहले दें सभी मूलभूत सुविधाएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** अनाधिकृत रूप से प्लॉटिंग करने वाले बिल्डर्स भूखंड विक्रय से पहले सभी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था करें। बिल्डर्स अगर मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था नहीं करते हैं तो उनसे वसूली गई राशि नगर निगम को दी जाए, ताकि निगम सुविधाएं दी जा सकें। वित्त व संसदीय कार्यमंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कलेक्ट्रेट में बैठक के दौरान उक्त निर्देश दिए। सभी विभागों की ओर से संबंधित बिल्डर्स को विकास शुल्क जमा कराए जाने के लिए नोटिस दिया जाए। विकास शुल्क जमा होने के बाद ही प्लॉटिंग करने दी जाए। प्रभारी मंत्री ने लोक निर्माण विभाग की 17 विभिन्न योजनाओं को लेकर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि सड़क जिस विभाग की ओर से बनाई जा रही, अनुरक्षण कार्य भी वही विभाग करेगा। अनुरक्षण के समय ड्रेनेज सिस्टम को भी सही किया जाए। उन्होंने कहा कि सड़कों के निर्माण के समय गैस पाइप लाइन, वॉटर पाइप लाइन, सीवर लाइन आदि से संबंधित विभागों से एनओसी ली जाए। जिससे सड़क निर्माण के बाद इन कार्यों के लिए बार-बार सड़क की खुदाई न की जाए। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया कि ड्रेनेज सिस्टम को प्रभावित करने वाले अतिक्रमण को जनप्रतिनिधियों का सहयोग लेते हुए हटवाया जाए। जिले की सभी विधानसभाओं से कुल 707 कार्यों के प्रस्ताव बैठक में रखे गए। इनमें राज्य योजना व नाबार्ड के तहत प्रमुख और अन्य जिला मार्गों का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण के 24 कार्य, नाबार्ड योजना के तहत ग्रामीण मार्गों के नव निर्माण के 54 कार्य, राज्य सड़क निधि के 255 कार्य, मार्गों के अनुरक्षण के 332 कार्य व दीर्घ और लघु सेतुओं के निर्माण के 32 कार्य आदि के प्रस्ताव प्राप्त हुए। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि बड़े हित की जनसुविधाओं के कार्यों जैसे पुल, नाले इत्यादि को ध्यान में रखते हुए प्रस्ताव तैयार किया जाए। बैठक में विधायक डॉ. नीरज वोरा, योगेश शुक्ला, ओपी श्रीवास्तव, प्रतिनिधि रक्षामंत्री दिवाकर त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री की फ्लीट में डीसीएम घुसाने का प्रयास

**अमृत विचार, लखनऊ/पीजीआई :** रविवार रात करीब 10 बजे शहीद पथ से मुख्यमंत्री की फ्लीट गुजर रही थी। इसी दौरान एक चालक ने डीसीएम अवध विहार कट से शहीद पथ पर चढ़ाने का प्रयास किया। पीजीआई थाने के इंस्पेक्टर की टीम की सूझबूझ से डीसीएम को रोक लिया। डीसीएम को जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। पीजीआई इंस्पेक्टर बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि डीसीएम चालक सेवा राम थाना क्षेत्र के सेवई का निवासी है। पूछताछ में उसने बताया कि रविवार शाम बस्ती से माल उतारकर किसान पथ के रास्ते घर आया था। रविवार शाम शराब पी, उसके बाद ट्रांसपोर्ट नगर माल लोड करने जा रहा था। शॉर्ट कट के चक्कर में अवध विहार निलमथा अंडर पास से शहीद पथ पर डीसीएम चढ़ा दिया।

# समीक्षा बैठक में पार्षद ने एसएफआई को धमकाया

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▶▶ अधिकारियों और कर्मचारियों में आक्रोश, कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार :** जोन 3 की समीक्षा बैठक में महापौर सुषमा खर्कवाल की उपस्थिति में पार्षद मोनू कनौजिया के बोल बिगड़ गए। उन्होंने एसएफआई विशुद्धानंद त्रिपाठी पर वसूली का आरोप लगाकर धमकाया। पार्षद के व्यवहार पर नाराजगी जताकर अधिकारियों और कर्मचारियों उन पर कार्रवाई की मांग की है।

महापौर की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में पार्षद रामू कनौजिया के निशाने पर सफाई निरीक्षक रहे। उन्होंने एसएफआई पर क्षेत्र से वसूली का आरोप लगाया। विवाद के बाद महापौर बीच में ही बैठक छोड़कर चली गई। इससे पहले महापौर ने नगर निगम मुख्यालय के राजकुमार हॉल में जोन-1 के कार्यों की समीक्षा की। जिसमें सड़क पर अतिक्रमण करके चल रहे गैराज आदि को 15 दिन में हटाने के निर्देश दिए।

अमीनाबाद, नावेल्टी चौराहा में सड़क, फुटपाथ पर रखे होटलों के जेनरेटर हटाने के लिए निर्देश भी दिए। गृहकर वसूली के सम्बंध में जोनल अधिकारी जोन-1 ने महापौर को बताया कि कुर्की के लिए 100 बड़े बकायेदारों की सूची तैयार कर ली गई है। 1800 बड़े बकायेदारों को अंतिम नोटिस दी गई है।

# आज खोल दी जाएगी सर्वोदय नगर चौराहे की बेरिकेडिंग

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▶▶ व्यापारियों की मांग पर एडीसीपी यातायात ने दिया आश्वासन

▶▶ फ्लाईओवर निर्माण के कारण लगाई गई थी बेरिकेडिंग

**अमृत विचार :** सर्वोदय नगर चौराहे पर लंबे समय से लगी बेरिकेडिंग मंगलवार को हटा दी जाएगी। सर्वोदय नगर आदर्श व्यापार मंडल की मांग पर एडीसीपी यातायात अशोक कुमार ने सोमवार को यातायात निरीक्षक के साथ मौके का निरीक्षण किया। फ्लाईओवर निर्माण के कारण यातायात विभाग ने बेरिकेडिंग लगाई थी।

उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता कहा कि फ्लाईओवर निर्माण हो चुका है। इससे अब चौराहे को बंद रखने का कोई औचित्य नहीं है। सर्वोदय नगर आदर्श व्यापार मंडल के अध्यक्ष मोहम्मद रिजवान, महामंत्री केके शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक जैन ने एडीसीपी को बताया कि चौराहे पर बेरिकेडिंग लगी होने से व्यापारियों, नागरिकों, महिलाओं एवं छात्र-छात्राओं को असुविधा होती है। सभी को घूम कर आना पड़ता है। एडीसीपी ने ट्रायल के तौर पर 15 अक्टूबर से बेरिकेडिंग हटाकर परीक्षण करने का आश्वासन दिया। उन्होंने चौराहे पर यातायात सिपाहियों की संख्या बढ़ाने के निर्देश भी दिए। रणजीत सिंह, रवि वर्मा, होनू बिंदेश्वरी, क्षेत्रीय पार्षद भूपेंद्र शर्मा, सौरभ गुप्ता उपस्थित रहे।



व्यापारियों के साथ सर्वोदय नगर चौराहे का निरीक्षण करते एडीसीपी यातायात अशोक कुमार। अमृत विचार

## एक नजर

**आरटीओ कार्यालय में रही आवेदकों की भीड़**

**अमृत विचार, लखनऊ :** तीन दिन छुट्टी के बाद सोमवार को संभागीय परिवहन कार्यालय ट्रांसपोर्टनगर आरटीओ कार्यालय में आवेदकों की भारी भीड़ रही। तीन दिन के सभी स्लाट लंबित होने के चलते डीएल के बायोमेट्रिक के लिए मारामारी दिखी। शहर के दूर दूराज से आये आवेदकों की काउंटरों पर लंबी लाइन लगी रही। वाहन ट्रांसफर, डाइविंग लाइसेंस, एनओसी, वाहन फिटनेस के लिए काफी भीड़ रही।

**सामुदायिक शौचालय में लगाया ताला, रोका मानदेय**

**अमृत विचार, लखनऊ :** माल ब्लॉक के ग्राम हन्नी खेड़ा मजरा रायपुर के सामुदायिक शौचालय की केयर टेकर पूनम ने प्रधान के खिलाफ मुख्य विकास अधिकारी से शिकायत की है। आरोप है कि वह 2021 से केयर टेकर का काम कर रही है। उन्हें काम से रोकते हुए सामुदायिक शौचालय में ताला डाल दिया और 10 माह से मानदेय नहीं दिया गया। गांव के एक व्यक्ति को केयर टेकर बनाने के लिए उन्हें परेशान किया जा रहा है। बीडीओ व सचिव से कई बार शिकायत की लेकिन, कार्रवाई नहीं की गई।

**संजीव देखेंगे स्मार्ट सिटी के कार्य**

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण के अभियंत्रण व प्रवर्तन कार्यों में सोमवार को उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बदलाव किया है। अधीक्षण अभियंता नवनीत शर्मा का प्रयागराज विकास प्राधिकरण में स्थानांतरण होने पर उनके द्वारा देखे जा रहे जोन-6 व स्मार्ट सिटी के सभी कार्य अब जोन-7 के अधिशासी अभियंता संजीव कुमार देखेंगे। वहीं, इनकी जगह विशेष कार्याधिकारी राजीव कुमार अपने कार्यों के साथ जोन-7 के प्रवर्तन कार्य देखेंगे।

**कल तक गड्ढामुक्त हो जाएंगी शहर की सभी सड़कें**

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम ने शहर की लगभग 76 फीसदी सड़कों के गड्ढे भरने और ही पैचवर्क का कार्य कर लिया है। लगभग 72 किलोमीटर सड़कों के गड्ढे भरने बाकी हैं। नगर निगम बुधवार तक सभी सड़कें गड्ढामुक्त कर देने का दावा किया है। नगर निगम क्षेत्र में लगभग 68206 मार्ग हैं। इनकी लंबाई 7207 किलोमीटर है। बारिश के कारण जलभराव से कई सड़कों पर गड्ढे हो गए थे। नगर निगम ने सर्वे करके लगभग 310 किलोमीटर गड्ढायुक्त सड़कें चिन्हित की थीं। इसके अलावा नवीनीकरण के लिए लगभग 373 किलोमीटर सड़कों की सूची तैयार की गई थी। बारिश के कारण गड्ढामुक्त कार्य देर से शुरू हो पाया। मुख्यमंत्री ने 10 अक्टूबर तक सभी सड़कों के गड्ढे भरने के निर्देश दिए थे। मुख्य अभियंता सिविल महेश वर्मा ने बताया कि बुधवार तक गड्ढामुक्त कार्य पूरा हो जाएगा। इसके बाद सड़कों के नवीनीकरण का काम शुरू कराया जाएगा। अभी 26 प्रतिशत सड़कों के नवीकरण का कार्य हुआ है।

# बच्चों संग लोकभवन के बाहर आत्मदाह करने पहुंची महिला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ दहेज प्रताड़ता व तीन तलाक मामले में कार्रवाई न होने से थी क्षुब्ध

▶▶ सीतापुर की तंबौर पुलिस पर लगाया लापरवाही का आरोप

**अमृत विचार:** दहेज उत्पीड़न और तीन तलाक के मामले में कार्रवाई न होने से क्षुब्ध महिला बच्चों को लेकर लोकभवन के पास के साथ आत्मदाह करने पहुंच गई। पुलिसकर्मी पकड़कर उसे पुलिस चौकी दारुलशफा ले गए। उसके बैग में मिट्टी के तेल से भरी शीशी मिली। पुलिस ने महिला और उसके बच्चों को भाई के हवाले कर दिया है।

सीतापुर जिले के तंबौर थाना क्षेत्र के चंदीभानपुर गांव की नजमा सोमवार को लोकभवन पहुंची थी। उसने पुलिस को बताया कि 11 वर्ष पूर्व शादी हुई थी। तीन बच्चे खदीजा, अब्दुल्ला व हमजा हैं। आरोप लगाया कि दहेज की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट की जाती थी। 12 सितंबर को जलाकर मारने का प्रयास किया गया। विरोध करने पर पति जिब्राइल ने तीन तलाक दे दिया। एसपी के हस्तक्षेप पर तंबौर थाने में रिपोर्ट तो दर्ज कर ली गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह ने सीतापुर के एसपी चक्रेश मिश्र को फोन पर सूचना दे दी गई है। उन्होंने थाना प्रभारी तंबौर से रिपोर्ट तलब की है। सीतापुर एसपी ने बताया कि तीन तलाक के मामले में जिब्राइल के अलावा इसराइल, नजमी, मखूल, आमना, मुरुशुद्दीन, इमरान और शाबान आरोपी हैं। विवेचना चल रही है। इंस्पेक्टर ने बताया कि नजमा को आईआईएम रोड काशीराम कॉलोनी दुबग्गा निवासी भाई उमेर के सुपुर्द कर दिया गया है।

**मुन्ना ने तोड़ा दम**

**अमृत विचार, लखनऊ :** विधानभवन के गेट नंबर-9 के समाने 8 अक्टूबर को पेट्रोल डाल कर आग लगाने वाले मुन्ना विश्वकर्मा ने इलाज के दौरान सोमवार को केजीएमयू में दम तोड़ दिया है। सआदतगंज के झब्बारन टोला निवासी विमल किशोर उर्फ मुन्ना विश्वकर्मा (40) ने गेट नंबर -09 के सामने पेट्रोल डाल कर खुद को आग लगा ली थी। वह 50 फीसदी झुलस गया था। आलमबाग के बंगाली टेंट हाउस के मालिक रंजीत चक्रवर्ती पर 7 लाख रुपए बकाया न देने का आरोप लगाया था। पुलिस पर सुनवाई न करने का आरोप भी लगाया था।

सेवा | गो-मुक्त सड़क अभियान के तहत घायल या बीमार गोवंशों का निजी खर्च पर कराते हैं उपचार

# सड़कों पर तड़पते गोवंशों का सहारा बने दंपति

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** सड़कों पर दम तोड़ रहे बेसहारा गोवंशों का सहारा काकोरी के रहने वाले गोसेवक दिनेश श्रीवास्तव और उनकी पत्नी नीलम बने हैं। दोनों को गोवंशों से इतना लगाव है कि हादसे में घायल या बीमार होने की सूचना पर फौरन मौके पर पहुंचते हैं और स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू करके सरकारी या फिर निजी उपचार कराकर गोशालाओं में पहुंचाते हैं।

उन्होंने इस गोसेवा को 'गो-मुक्त सड़क अभियान' नाम दे रखा है। जो सरकार की ओर से चलाए जा रहे गो-संरक्षण अभियान में लापरवाही को देखते हुए चलाया है। दंपति ने तीन वर्षों में सड़क दुर्घटना में घायल करीब 60 गोवंशों का रेस्क्यू किया है। साथ ही ट्यूमर, गहरे घाव, फैक्चर, गले व पैर में रस्सी बंधी होने से हुए घाव आदि का उपचार कराकर निजात दिलाई है। इसके अलावा दोनों अपने क्षेत्र में घर-घर रोटी, चोकर व सब्जियों के छिलके आदि एकत्र करके रोजाना गोशाला पहुंचाकर गोवंशों का पेट भी भरते हैं। हालांकि उनके पास गोवंशों को रखने की जगह नहीं है, न ही पर्याप्त संसाधन हैं। फिर भी बेजुबानों के प्रति हौसला बुलंद है।



काकोरी स्थित गोशाला में गाय को चोकर खिलातीं नीलम श्रीवास्तव।



काकोरी में अपने घर के बाहर गाय को रोटी खिलाते दिनेश श्रीवास्तव।

▶▶ गोवंशों का रेस्क्यू करके पहुंचाते गोशाला, भरण-पोषण की करते व्यवस्था

▶▶ घर-घर रोटी, चोकर व सब्जियों के छिलके एकत्र करके भरते पेट

**▶▶ पेशे से दिनेश अध्यापक और पत्नी अधिवक्ता**

दिनेश निजी अध्यापक हैं, जबकि उनकी पत्नी नीलम हाईकोर्ट में सरकारी अधिवक्ता हैं। दोनों अपने वेतन से गोवंशों का रेस्क्यू, उपचार व भरण-पोषण करते हैं। उन्होंने अनादि सेवा समिति नाम से संस्था भी बना रखी है। जो 8 राज्यों में इसी तरह पदाधिकारी व सदस्य जोड़कर घायल गोवंशों की सहायता कराते हैं। तीन वर्षों में खुद से करीब आठ लाख रुपये खर्च किए हैं। इसके अलावा गोशालाओं से गोबर लेकर उसके उत्पाद बनाकर बिक्री करते हैं। इससे जो आय होती है, वह इसी अभियान में खर्च करते हैं।

**अभियान के बाद भी सड़कों पर गोवंश**

दिनेश का कहना है कि सरकार अभियान चलाकर गोवंशों को गोशाला में शिफ्ट कर रही है। इसके बाद भी सड़कों पर गोवंश घूम रहे हैं। जो वाहनों से दुर्घटना ग्रस्त या फिर लोगों के हमला करने से घायल होकर मरते हैं। ऐसे गोवंशों के लिए सरकारी मदद तो नहीं मिलती है, बल्कि पशु प्रेमियों का सहयोग मिलता है। जिले में ऐसे 101 पशु प्रेमी अपने अभियान में जोड़ रखे हैं। इसी तरह हर जिलों में पशु प्रेमियों को जोड़कर गो-मुक्त सड़क अभियान को साकार करेंगे।

## एक नजर

### अभ्युदय कोचिंग के लिए रखे जाएंगे प्रवक्ता

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत प्रवक्ता और विषय विशेषज्ञ रखे जाएंगे। इसके लिए 20 लोगों ने आवेदन किया है। साक्षात्कार 16 अक्टूबर को जिला समाज कल्याण अधिकारी के कार्यालय में होंगे। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को यूपीएससी, नीट जेईई, पीसीएस (जे) समेत अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है। अंग्रेजी माध्यम से तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं को ध्यान में रखने हुए भी आवेदन मांगे गए थे। आवेदन करने की अंतिम तिथि 12 अक्टूबर थी। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुनीता सिंह ने बताया कि लगभग 20 से अधिक लोगों ने आवेदन किया है। आवेदन प्रवक्ता, व्याख्याता एवं विषय विशेषज्ञ के लिए मांगे गए थे। उन्होंने बताया कि आवेदनों के सापेक्ष साक्षात्कार 16 अक्टूबर को होंगे।

# लविवि को पांच नए कोर्स की मान्यता

## 15 नवंबर तक पूरी की जानी है सभी नए कोर्स में प्रवेश प्रक्रिया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार:** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय के पांच नए पाठ्यक्रमों के ऑनलाइन संचालन की संस्तुति प्राप्त हो गई है। जिनमें स्नातक स्तर पर बीबीए व परास्नातक विषयों में संस्कृत, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी शामिल है। बीबीए पाठ्यक्रम तीन वर्ष (6 सेमेस्टर) का और परास्नातक पाठ्यक्रम दो वर्ष (4 सेमेस्टर) की अवधि के हैं।

इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया 15 नवंबर तक पूर्ण की जानी है। इसके बारे में लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर समस्त जानकारी उपलब्ध करवाई जाएगी। कुलपति प्रो आलोक कुमार राय के मार्गदर्शन में सत्र 2023-24 से आनलाइन शिक्षण प्रक्रिया प्रारंभ कर चुका है। 2023-24 के लिए फरवरी 2024 से बीकॉम व एमकॉम पाठ्यक्रम ऑनलाइन माध्यम से संचालित हो रहे है। इस सत्र के प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं भी सितंबर 2024 में आफ लाइन संपन्न करवाई जा चुकी हैं।

### कॉलेजों को मान्यता के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय ने नए महाविद्यालयों और पूर्व संचालित महाविद्यालयों में सत्र 2025-26 में नए पाठ्यक्रमों के अनापत्ति और सहयुक्तता के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। 10 से 15 अक्टूबर तक आनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। 15 दिसंबर से 20 जनवरी तक भू संबंधित सत्यापन जिलाधिकारी के माध्यम से कराया जाएगा। 31 जनवरी तक अनापत्ति आदेश निर्गत किया जाएगा। विवि के निर्णय के खिलाफ शासन में अपील करने की अंतिम तिथि 10 फरवरी है। इसके निस्तारण की अंतिम तिथि 20 फरवरी तय की गई है। निरीक्षण मंडल का गठन 5 मार्च, निरीक्षण आख्या 5 अप्रैल तक जमा होंगे। विवि की ओर से संबद्धता ऑनलाइन प्रदान करने की अंतिम तिथि 20 अप्रैल है। संबद्धता न मिलने पर शासन में अपील करने की अंतिम तिथि 10 मई है, जबकि शासन स्तर से निस्तारण की अंतिम तिथि 31 मई निर्धारित किया गया है।

### रैगिंग करने वाले छात्र का हुआ विवि से निलंबन

**अमृत विचार, लखनऊ :** रैगिंग के दोषी पाए गए बीबीए के छात्र को लखनऊ विवि ने निलंबित कर दिया है। विश्वविद्यालय के द्वितीय कैंपस में एक छात्र ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की एंटी रैगिंग हेल्पलाइन पर रैगिंग की शिकायत की थी। जांच में बीबीए का छात्र अनुराग दोषी पाया गया है। उसे छात्रावास और परिसर में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

### बिजली की आवाजाही से उपभोक्ता रहे परेशान

**अमृत विचार, लखनऊ :** शारदानगर विस्तार उपकेंद्र के चंद्रावल फीडर से जुड़े सैनिक विहार कॉलोनी, सीआरपीएफ गेट नंबर 3, कमलापुर, बिजनौर नटकुर के लोग बिजली की आवाजाही से परेशान रहे। आरोप है कि अधिकारियों ने उपभोक्ताओं के फोन रिसीव नहीं किए। ग्रामीणों के अनुसार रविवार रात ट्रांसफार्मर में खराबी होने से बिजली की आवाजाही शुरू हुई। सोमवार सुबह 7:20 पर पूरे इलाके की आपूर्ति बंद हो गई। इसके लोगों को पानी के समस्या से जूझना पड़ा। कर्मचारियों को फॉल्ट सही करने में 3 घंटे से ज्यादा का समय लगा। पूरे क्षेत्र की बिजली सप्लाई को 10 बजे के बाद चालू किया जा सका। समस्या के बाबत अधिशासी अभियंता को कई बार फोन किया गया लेकिन उनका फोन नहीं उठा। इसके अलावा जानकीपुरम, मडियांव, कुर्सीरोड़ के आदिलनगर में भी उपभोक्ता कटौती से परेशान रहे।



अवार्ड दिखाते विधि विभाग के छात्र, साथ में शिक्षक। अमृत विचार

# विधि विभाग को मिला नॉलेज एक्सीलेंसी अवार्ड

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार, लखनऊ :** विश्वविद्यालय के विधि संकाय के विधिक सहायता केंद्र को सामाजिक न्याय और कानूनी सहायता में उत्कृष्ट योगदान के लिए नॉलेज स्टीज़ एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान 13 अक्टूबर को नई दिल्ली में इंडियन सोसाइटी ऑफ इंटरनेशनल लॉ में आयोजित 13वें इंटरनेशनल कान्फ्रेंस ऑन ह्यूमन राइट्स एंड जेंडर जस्टिस के तहत दिया गया।

इस प्रतिष्ठित पुरस्कार में विधिक सहायता केंद्र ने 31 से अधिक प्रतिभागी कॉलेजों में से पहले पांच में जगह बनाई। सम्मान विधि संकाय के अधिष्ठाता प्रो. बीडी सिंह, विधिक सहायता केंद्र के अध्यक्ष डॉ. अभिषेक कुमार तिवारी व प्रोबोनो क्लब के अध्यक्ष डॉ आलोक कुमार यादव के मार्गदर्शन से सफलता प्राप्त हुई।

### लविवि में व्याख्यान का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के भेषजिक विज्ञान संस्थान में कुलपति प्रो आलोक कुमार राय के नेतृत्व में एमिनेंट लेक्चर सीरीज का आयोजन किया गया। प्रो सर्ज मिगनानी, फ़ंगल, पुर्तगाल, फ़्रांस में मदीरा विश्वविद्यालय के सेंट्रो डी क्विमिका दा मदीरा ने बेंच-टू-बेडसाइड ट्रांसलेशन ऑफ़ नैनोपार्टिकल्स इन ऑन्कोलॉजी : डेनड्रीमरस्कसे स्टडीज, रियलिटी ओर यूटोपिया विषय पर व्याख्यान दिया। उनकी अनुसंधान टीम कार्रवाई के मूल तंत्र के साथ नए अवसादरोधी, एंटी-इस्केमिक, एंटी-एचआईवी, एंटी-डायबिटिक, एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-ट्यूमर एजेंटों की तैयारी में क्रमिक रूप से शामिल रही है। टीमों ने 10 से अधिक नई क्लीनिकल दवाइयों पर शोध किया है। बीफार्मा के 105 छात्र छात्राओं ने भी प्रतिभाग किया। प्रो. आरपी त्रिपाठी, प्रो. पुष्पेन्द्र कुमार त्रिपाठी भी उपस्थित रहे।

# तकनीकी संस्थानों में दो गुनी हो गई छात्राएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** मेडिकल या पैरामेडिकल के बजाए छात्राओं का रुझान इंजीनियरिंग और तकनीक शिक्षा की ओर बढ़ रहा है। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम तकनीक विश्वविद्यालय और इससे संबद्ध कॉलेजों में छात्राओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। वर्ष 2020-2021 में 17 हजार छात्राओं ने प्रवेश लिया था, जबकि 2024-2025 में 32 हजार से अधिक छात्राएं प्रवेश ले चुकी हैं।

तकनीकी संस्थानों के लिए डॉ एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय नियामक संस्था है। इसमें 750 संस्थान संबद्ध हैं। इन संस्थानों में सिविल से लेकर कम्प्यूटर साईंस, इलेक्ट्रानिक, इलेक्ट्रिक विभागों में छात्राओं की संख्या बढ़ गई है। वर्ष 2021 से 2024-2025 तक छात्रों की संख्या डेढ़ गुना बढ़ी है जबकि छात्राओं की संख्या दो से ढाई गुना हो गई है। सीटों की संख्या भी बढ़ाकर 1.31 लाख से 1.51 लाख कर दी गई है।

▸▸ 20-21 में 17 हजार ने लिया था प्रवेश, 24-25 में 32 हजार पहुंची संख्या

### एकेटीयू के अधिकारी और कर्मचारी करेंगे श्रमदान

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में महात्मा गांधी की जयंती पर सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने स्वच्छता की शपथ लिया था। कुलपति प्रो. जेपी पांडेय के निर्देशन में प्रत्येक वर्ष 100 घंटे यानी प्रत्येक शनिवार को दो घंटे श्रमदान किया जाएगा। अधिकारी व कर्मचारी शाम 3 बसे से 5 बजे तक विश्वविद्यालय परिसर में सफाई करेंगे।

# समीक्षा अधिकारी परीक्षा भी टलने की संभावना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** विश्वसनीय परीक्षा केंद्र उपलब्ध न होने से लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं का क्रम गड़बड़ाने से लगभग 12 परीक्षाओं का शेड्यूल गड़बड़ा गया है। समीक्षा अधिकारी की परीक्षा भी टलने की संभावना है।

पीसीएस-2024 परीक्षा पहले जून में होनी थी। तारीख बढ़ाकर 26 और 27 अक्टूबर प्रस्तावित की गई। अब 7 और 8 दिसंबर को परीक्षा होने की संभावना जताई जा रही है। समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी-2023 की प्रारंभिक परीक्षा 22 दिसंबर को प्रस्तावित है। चूंकि आयोग के सामने 14 दिनों में दो परीक्षाएं कराना चुनौती भरा होगा, इसलिए 22 दिसंबर को प्रस्तावित परीक्षा टलने की संभावना है।

समीक्षा अधिकारी सहायक समीक्षा अधिकारी-2023 के लिए अभ्यर्थियों की संख्या 1076004 है तो पीसीएस-2024 के अभ्यर्थियों की संख्या 576154 है। यदि पीसीएस-2024 की प्रारंभिक परीक्षा आयोग के पूर्व में घोषित शैक्षिक कैलेंण्डर के हिसाब से कराई गई होती तो अक्टूबर तक साक्षात्कार शुरू हो जाते। समीक्षा अधिकारी की प्रारंभिक परीक्षा के पर्चा लीक होने के चलते परीक्षाओं का क्रम गड़बड़ हो गया है। इतना ही नहीं, वर्ष 2024 में भर्तियों के नए विज्ञापन भी इन्हीं कारणों के चलते लटके हुए हैं।

▸▸ दजर्न भर परीक्षाओं का शेड्यूल भी बिगड़ गया

> छात्र ट्वीटर और सोशल मीडिया पर एक दिन में परीक्षा लेने को ट्रेंड कर रहे हैं। हमारी मांग है कि आयोग पहले की तरह एक दिन में परीक्षा कराए जिससे नार्मलाईजेशन में कोई भेदभाव नहीं होने पाएं। यदि आयोग इसे नहीं मानता तो हमलोग आंदोलन करेंगे।
>
> -प्रशांत पाण्डेय, मीडिया प्रभारी, प्रतियोगी छात्र संघर्ष समिति

### स्वास्थ्य कार्यकर्ता के 5272 पदों पर आवेदन 28 से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



▸▸ प्रारंभिक अर्हता परीक्षा के अंतर्गत अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने निकाली भर्ती

**अमृत विचार:** परिवार कल्याण महानिदेशालय के अंतर्गत स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) के 5272 पदों का विज्ञापन उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने जारी कर दिया है। प्रारंभिक अर्हता परीक्षा-2023 के आधार पर इस परीक्षा के लिए आवेदन लिए जाएंगे।

स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) सामान्य चयन के 4892 पद और विशेष चयन के 380 पद कुल 5272 पदों का विज्ञापन किया गया है। जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन 28 अक्टूबर से शुरू होगा। आवेदन स्वीकार करने की अंतिम तिथि 27 नवंबर है।

इस परीक्षा में सिर्फ वह ही अभ्यर्थी शामिल हो सकते हैं जो प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी-2023) में शामिल हुए हैं। जिनको आयोग द्वारा वैध स्कोर कार्ड प्रदान किया गया है। कारण कि इस परीक्षा में शार्ट लिस्टिंग प्रारंभिक अर्हता परीक्षा के प्राप्त अंकों के आधार पर किया जाएगा।

जो अभ्यर्थी शून्य अथवा नकारात्मक अंक प्राप्त किए होंगे उनको मुख्य परीक्षा के लिए शार्ट लिस्ट नहीं किया जाएगा। इस परीक्षा के लिए अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

### डॉ. कलाम की जयंती पर विजेताओं को मिलेंगी पुस्तकें

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के इनोवेशन हब की ओर से पूर्व राष्ट्रपति डॉ. कलाम की जयंती पर नेक्स्ट जेन कलाम इनोवेशन स्प्रिंट का आयोजन होगा। इसमें विश्वविद्यालय से संबद्ध संस्थानों के नवाचारी छात्रों के 300 आइडिया में से शॉर्टलिस्टेड कर 40 आइडिया की प्रस्तुति की जाएगी। जूरी मेंबर्स टॉप थ्री आइडिया का चयन करेंगे। इन छात्रों को 50, 30 व 20 हजार के पुरस्कार दिए जाएंगे। चयनित आइडिया को विश्वविद्यालय के कलाम पेटेंट सेंटर के अंडर में निशुल्क पूर्ण पेटेंट दिया जाएगा। इन्क्युबेशन सहायता भी दी जाएगी। डीन इनोवेशन प्रोफेसर बीएन मिश्र, समन्वय एसोसिएट डीन डॉ. अनुज कुमार शर्मा के नेतृत्व में होने वाली कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय करेंगे।




पावर ऑफिसर एसोसिएशन की प्रांतीय कार्य समिति की बैठक में मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

### ऊर्जा मंत्री से मिलेगा पावर ऑफिसर्स एसोसिएशन

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर्स एसोसिएशन प्रांतीय कार्य समिति की बैठक सोमवार को हुई। इसमें अनुसूचित जाति और पिछड़े वर्ग के अभियंताओं का उत्पीड़न करने के आरोप लगाए गए। पदाधिकारी ऊर्जा मंत्री से मिलकर मामले को रखेंगे। इसके बाद आंदोलन की रूपरेखा बनाई जाएगी। एसोसिएशन के अध्यक्ष केबी राम, कार्यवाहक अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि अनुसूचित और पिछड़े वर्ग के अभियंताओं को बिना ठोस आधार के निलंबित कर चार्ज सीट और प्रतिकूल प्रविष्टि दी जा रही है। अधिशासी अभियंता भजनलाल का मामला बैठक में उठाया गया। उपाध्यक्ष पीएम प्रभाकर, महासचिव अनिल कुमार, सचिव आरपीकेन, संगठन सचिव नेकीराम, बिंदा प्रसाद, विनय कुमार ने भी विचार रखे। पदाधिकारियों ने कहा कि ऊर्जा मंत्री से सहायक अभियंता से अधिशासी अभियंता और अधिशासी अभियंता से अधीक्षण अभियंता पद पर रुकी पदोन्नति करने की मांग भी की जाएगी।

### 11 नवंबर से क्रमिक अनशन करेगा माध्यमिक शिक्षक संघ

**अमृत विचार, लखनऊ:** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का जिला संगठन विभिन्न मांगों को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर 11 नवंबर से तीन दिन क्रमिक अनशन करेगा। ये निर्णय संगठन की बैठक में लिया गया। जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा की अध्यक्षता में क्वींस इण्टर कॉलेज में सोमवार को बैठक हुई। इसमें शिक्षकों के अवशेषों का भुगतान, एनपीएस खातों को अपडेट करने, पेंशन आदि देयकों के भुगतान और सिटीजन चार्टर लागू करने की मांग उठी। इसके अलावा जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालयों में चयन या प्रोन्नत वेतनमान स्वीकृत व निर्धारण में घूसखोरी के लम्बित प्रकरणों के निस्तरण पर भी चर्चा हुई। प्रादेशिक उपाध्यक्ष डा. आरपी मिश्र, प्रदेशीय मंत्री डा. आरके त्रिवेदी, जिलामंत्री महेश चन्द्र, संरक्षण समिति के संयोजक चन्द्र प्रकाश शुक्ल, संघर्ष समिति के संयोजक इनायत उल्लाह खां, राज्य कार्यकारिणी सदस्य डा. मीता श्रीवास्तव, राज्य परिषद सदस्य अनुराग मिश्र, सुधा मिश्रा, डा. पीके पन्त, विश्वजीत सिंह, कोषाध्यक्ष आरपी सिंह, आय-व्यय निरीक्षक आलोक पाठक, डा. श्रीकान्त मणि उपस्थित रहे।

**बैठक सूचना**

मातृ संस्था-ग्रामोद्योग विद्यालय पिण्डोरिया, अम्बेडकरनगर द्वारा संचालित विद्यालय-गाँधी ग्रामोद्योग उ0मा0 विद्यालय पिण्डोरिया, अम्बेडकरनगर के प्रबन्ध समिति का चुनाव दिनांक 27.10.2024 दिन रविवार अतरौलिया बाजार हनुमानगढ़ी के समीप प्रार्थी के अहाते में सम्पन्न होना प्रस्तावित है। विद्यालय के साधारण सभा के सभी सदस्यों से अनुरोध है कि उक्त तिथि को आधार एवं पहचान पत्र के साथ चुनाव कार्यक्रम में दोपहर 12:00 बजे दिन में प्रतिभाग करने एवं मतदान कार्य सम्पन्न कराने में अपना सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें, जिससे प्रबन्ध समिति का पुर्नगठन सुनिश्चित हो सके।

दिनांक 07.10.2024 प्रबन्धक

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**NOTICE**

I Santosh Kumar S/o Surya Narayan, Address- Khasra no 155, Badshah kheda, Alamnagar, Lucknow 226017, wants to inform publicly that by mistake my daughters name in Adhar Card mentioned as Ruby Trivedi where as her true name is Vedanshi Trivedi according DOB certificate.

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस सं0-270863 पर मेरे नाम के साथ पिता का नाम भगवती प्रसाद शुक्ला लिखा है, जो कि गलत है। अतः मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में पिता का नाम भगवत प्रसाद शुक्ल होना अनिवार्य है। **चन्द्रकान्त शुक्ल पुत्र भगवत प्रसाद शुक्ल नि0 - ग्राम पूरे काली तिवारी मजरे उमरी प0 व तह0 सलोन जिला- रायबरेली।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे प्रथम सेमेस्टर की बी.एस.सी. की मार्कशीट फरवरी 2022 व द्वितीय सेमेस्टर जुलाई 2022 की मार्कशीट कहीं खो गई है। जिसका अनुक्रमांक 2121290492 है। **सौरभ वर्मा पुत्र श्री परमानन्द निवासी - केन्द्रीय विद्यालय के पास लखेपड़ाबाग, बढ़ेल, परगना व तहसील- बाराबंकी।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे नाम जारी एलआईसी पॉलिसी बान्ड में मुकेश कुमार पुत्र राजाराम लिखा है, जबकि मेरे आधार कार्ड व बैंक खाते में मुकेश राजाराम कर्मवीर लिखा है। दोनों नाम मेरे ही हैं। मुझे दोनों नामों से जाना व पहचाना जाये। **मुकेश राजाराम कर्मवारी, ग्रा0पो0- सोतवाखेड़ा, जि0- रायबरेली, मो0- 7041623475**

**सूचना**

प्रस्तावित बहुउद्देशीय मत्स्यजीवी सहकारी समिति की प्रथम बैठक ब्लॉक टोडरपुर की न्याय पंचायत सुंदरपुर अमरौली के ग्राम कमालपुर में 18 अक्टूबर को मत्स्यजीवी सहकारी समिति लिमिटेड की प्रथम संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया जायेगा।
प्रार्थी- रज्जन कश्यप, मो0: 9598461370

**आवश्यकता है**

शहजादे सिंह महाविद्यालय, अतरौली-भरावन, हरदोई के बी.टी.सी. विभाग में विभागाध्यक्ष/प्राचार्य -1, सभी विषय के प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। वेतन व योग्यता एन.सी.टी.ई./राज्य सरकार के मानकानुसार। 30/10/2024 तक आवेदन करें। साक्षात्कार- 11/11/2024 को सुबह 10 बजे महाविद्यालय परिसर में होगा। प्रबन्धक मो0: 9918126001

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा बड़ा लड़का मोहनलाल व पुत्रवधू राजकुमारी का चाल-चलन व व्यवहार ठीक नहीं रहता है, वे आये दिन मुझे गाली देना, मारपीट करना, खाना-पीना न देना व अभद्र व्यवहार करता है। जिससे मेरी सामाजिक छवि धूमिल हो रही है। इस कारण मैंने अपने लड़के मोहनलाल व पुत्रवधू राजकुमारी के कृत्यों से क्षुब्ध होकर उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से 16.07.2024 से बेदखल कर दिया है। उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता सराकोर नहीं होगा। **राम विलास पुत्र पूर्वीदीन ग्राम महावीर खेड़ा, पो0- महरानीगंज, थाना- खीरो, जिला- रायबरेली।**

क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?
SINCE 2006
जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!
कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।
दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये - आयुर्वेद अपनायें
VACHAK वाचक आयुर्वेद®

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है



डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

पुरस्कार एवं सम्मान
- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी/उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in
अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें -
7080239313
7570060266

आलमबाग
पताः शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय- सुबह 10:00 से 02:00 तक

मुंशीपुलिया
पताः 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय- सांय 06:00 से 09:00 तक

रविवार सांय अवकाश








# धन कमाने का नहीं, समाज सेवा का जरिया है पत्रकारिता

## उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने राजधानी के 23 चिकित्सकों को अमृत विचार यूपी कॉन अवार्ड 2024 से किया सम्मानित


दीप प्रज्जवलित कर समारोह की शुरुआत करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, साथ में समूह संपादक शंभू दयाल वाजपेयी।


समारोह में नृत्य प्रस्तुत करते कलाकार।



डॉ .सैयद आजिम अली को सम्मानित करते विधायक नीरज बोरा।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** चिकित्सकों को सम्मानित करने आये प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि 'अमृत विचार' शुरू से ही जन-जन की आवाज सरकार तक पहुंचाने के काम में अपनी महती भूमिका निभाता रहा है। एक ओर यह समाचार पत्र सरकार तक जनता की समस्याएं पहुंचा रहा है तो दूसरी ओर सरकार की नीतियों को भी जनमानस तक पहुंचाने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता धन कमाने का नहीं, समाजसेवा का जरिया है और अमृत विचार पत्रकारिता को एक मिशन के अंदाज में करता दिखाई दे रहा है।

सम्मान का क्रम शुरू हुआ तो अमृत विचार के समूह सम्पादक शंभू दयाल वाजपेयी ने उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को राम मंदिर का मॉडल भेंट किया। उन्होंने मॉडल को माथे लगाया और ऐसे आयोजन में बुलाए जाने पर संस्थान का आभार जताया।

इस मौके पर डॉ. विभोर महेन्द्रू, डॉ. सुभाष सिंह, डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, डॉ. अभिषेक शुक्ला, डॉ. वीरेन्द्र यादव, डॉ. ब्रज भूषण वर्मा, डॉ. आर एन वर्मा, डॉ. अहिताश्मुल राशिद, डॉ. सुनील रावत, डॉ. सुनील वर्मा, डॉ. अजमत अली, डॉ. हिमाली झा, डॉ. जाहिद खान, डॉ. गौरव, डॉ. सुशील यादव,, डॉ. शालिनी सिंह, डॉ. गंगा राम यादव, डॉ. विक्रांत सिंह, डॉ. सुमित सामंत, डॉ. अनुराग दीक्षित, डॉ. संजीव अवस्थी, डॉ. सैय्यद नाजिम अली, समता बाफिला, डॉ. अजय कुमार सिंह, रोहित मेहरोत्रा, पंकज श्रीवास्तव, शरद सिंह, रिषभ श्रीवास्तव, अटल प्रताप सिंह, रिजवान अली, अमित श्रीवास्तव, वीर विक्रम चौहान, सचिन यादव, अमन गुप्ता, मुकेश शुक्ला और हर्षित श्रीवास्तव को प्रतीक चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। इसके बाद श्वेता सिंह और पवन कुमार ने सरस्वती वंदना पर मनभावन नृत्य प्रस्तुत किया। चिकित्सकों ने कार्यक्रम की सराहना की। इस मौके पर लखनऊ के कार्यकारी संपादक अनिल त्रिगुणायत, महाप्रबंधक त्रिनाथ शुक्ला के अलावा अमृत विचार परिवार के अजय दयाल, डीपी शुक्ला, धीरेंद्र सिंह, पदमाकर पांडेय, नीरज मिश्र, विकास तिवारी, आरपी सिंह आदि मौजूद रहे।



लखनऊ के गोमतीनगर में आयोजित समारोह में अमृत विचार यूपी कॉन अवार्ड से सम्मानित चिकित्सकों के साथ विधायक नीरज बोरा। अमृत विचार

## बेड नहीं हो तो स्ट्रेचर पर ही प्राण बचाने में जुट जाता है चिकित्सक : डॉ. नीरज बोरा

**अमृत विचार :** लखनऊ उत्तर के विधायक डॉ. नीरज बोरा ने कहा कि मैं पिछले 34 साल से सार्वजनिक जीवन में हूं लेकिन उससे भी पहले मैं चिकित्सक हूं। मुझे इस कार्यक्रम में निमंत्रित किया गया तो मेरे पहले से दूसरे कार्यक्रम लगे थे लेकिन मैं फिर भी यहां आया क्योंकि पहली बार किसी अखबार ने हमारे पेशे से जुड़े लोगों को सम्मानित करने का फैसला किया।

नीरज बोरा ने कहा कि चिकित्सक के परिश्रम को समझना बहुत जरूरी है। 25 करोड़ की आबादी वाले उत्तर प्रदेश की राजधानी के अस्पतालों में जितने मरीज आते हैं उतने बेड अस्पतालों के पास नहीं हैं। लेकिन इलाज में किसी तरह की कोताही नहीं होती है। अक्सर स्ट्रेचर पर ही मरीजों का उपचार होते दर्शाया जाता है। अखबारों में पढ़ने को मिलता है कि मरीज को बेड नहीं मिला। मरीज को स्ट्रेचर पर ही अपना इलाज कराना पड़ा, जबकि इस बात को सकारात्मक रूप से लिखा जाना चाहिए। बेड खाली नहीं था तो भी चिकित्सक ने उसके इलाज में देरी नहीं की। मरीज के अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर मरीज के प्राण बचाने में जुट जाता है और उसे तत्काल इलाज मिलना शुरू हो गया।

## हिंदी अखबारों पर ध्यान दे सरकार तो नए सोपान गढ़ेगी पत्रकारिता : शंभू दयाल

**अमृत विचार :** समूह संपादक शंभू दयाल वाजपेयी ने अमृत विचार की यात्रा पर चर्चा करते हुए कहा कि पांच साल पहले बरेली से अमृत विचार ने अपना सफ़र शुरू किया था लेकिन कोरोना काल में जब दूसरे अखबारों में छंटनी चल रही थी, उस दौर में हम अच्छे लोगों को अपने साथ जोड़ रहे थे। अखबार ने तेजी से रफ़्तार पकड़ी। आज उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में हमारे 6 एडीशन हैं और दोनों प्रदेशों में यह समाचारपत्र तेजी से आगे बढ़ते हुए अपने सकारात्मक विचारों को जनता तक पहुंचा रहा है।

उन्होंने कहा कि सामाजिक सरोकार पर हमारा विशेष फोकस रहता है लेकिन सच यह भी है कि अखबार रोजगार भी देता है। इसलिए आज मैं उनसे यह भी कहना चाहता हूं कि अगर सरकार हिन्दी अखबारों की स्थितियों पर ध्यान दे दे तो हिन्दी पत्रकारिता निश्चित तौर पर नए सोपान गढ़ेगी और समाचार पत्रों का बहुत भला होगा। उन्होंने उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की व्यस्ततम दिनचर्या से सभी को सीख लेने की सलाह भी दी। उनका समय प्रबंधन लोगों को प्रेरित करने वाला है।

### स्वभाव को समझने की चाहत ने बनाया साइकेट्रिस्ट



करीब 65 प्रतिशत लोग मनोरोग से पीड़ित होते हैं। इनमें से करीब 3 प्रतिशत लोग गंभीर मानसिक बीमारी का शिकार होते हैं। आज एक साइकेट्रिस्ट होने के नाते मैं इन समस्याओं को समझता हूं, लेकिन इसकी शुरुआत साल 1988 से पहले ही हो गई थी। मैं एमबीबीएस करने केजीएमसी पहुंचा था, वहां पर डॉक्टरों को मरीजों से बात करते देखता तो वह मुझे बहुत पसंद आता। जिसके बाद लोगों से बातचीत करना और उनके स्वभाव व व्यवहार को समझना अच्छा लगने लगा। मौजूदा दौर में तनाव और अन्य कारणों के चलते लोग मानसिक बीमारियों का शिकार होते हैं, जो बाद में गंभीर स्वरूप ले लेती हैं।

डॉ. आरके. ठकराल, न्यूरो साइकेट्रिस्ट, लखनऊ

### बड़े भाई की बीमारी ने बना दिया डॉक्टर



मेरा जन्म जौनपुर के एक किसान परिवार में हुआ था। शुरुआती शिक्षा गांव में ही हुई, हाईस्कूल में था कि तभी बड़े भाई बीमार पड़ गये। उनकी हालत गंभीर होती जा रही थी। इलाज के लिए काफी संघर्ष करना पड़ रहा था। इसी बीच बड़े भाई ने कह दिया कि काश हमारे घर में भी कोई डॉक्टर होता, बस यही बात दिल में घर कर गई और वहीं से विचार बदला और शुरू हुआ डॉक्टर बनने का सफर। बड़े भाई के इस बात से जीवन को नई दिशा मिली।

डॉ. वीरेंद्र यादव, हैरिटेज हॉस्पिटल


समंता बाफिला को सम्मानित करते उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।


यूपी कॉन 2024 समारोह में अमित शर्मा को सम्मानित करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

### अपनी मिट्टी से नहीं छूटा मोह, लौट आये स्वदेश

रायबरेली जिले के गुरुबख्शगंज में शुरुआती पढ़ाई हुई। टाट पट्टी पर बैठकर तख्ती पर लिखा करते थे। पिता शिक्षक रहे। इसलिए पढ़ाई लिखाई का साथ नहीं छूटा। पिता को देखकर ही सामाजिक सेवा का भाव मन में आया और इसी बीच इण्टर की पढ़ाई भी पूरी हो गई थी। उसके बाद मेडिकल की तैयारी शुरू कर दी। मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में एडमिशन मिल गया। बाद में फ्लोशिप पर विदेश चला गया। साल 2019 में लखनऊ मेदांता आ गया। इसके पीछे की वजह अपनी मिट्टी का मोह ही था। यहां आने के बाद अपने जिले में हर सप्ताह जाना होता है। वहां पर हर शनिवार को अपने लोगों के स्वास्थ्य देखभाल का मौका भी मिलता है।

**डॉ. धर्मेंद्र सिंह**, आर्थोपेडिक एंड ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, मेदांता हॉस्पिटल, लखनऊ

### पिता की इच्छा थी समाजसेवा से जुड़े

मेरे पिता डॉ. शमीम आयुर्वेद रत्न से सम्मानित रहे। उनकी वर्ष 2016 में मृत्यु हो चुकी है। पिता की इच्छा थी कि हम उनकी विरासत को आगे बढ़ाएं। सीतापुर में आसरा हॉस्पिटल का संचालन कर रहा हूं। मेरे दोनों भाई भी सहयोग करते हैं। आज अमृत विचार की ओर से सम्मानित होने पर गौरव की अनुभूति हो रही है।

**- डॉ. एहतशामुल**, आसरा अस्पताल, सीतापुर

### परिवार के पहले डॉक्टर, पिता से मिली प्रेरणा

मूल रूप से बलिया का रहना वाला हूं। मेरा परिवार खेती-किसानी से जुड़ा रहा है। परिवार का में पहला डॉक्टर हूं। पिता निजी विद्यालय में शिक्षक रहे। हमारे क्षेत्र में चिकित्सा सुविधा बेहतर नहीं थी। पिता की इच्छा थी कि हम डॉक्टर बने। वर्तमान में गोमतीनगर क्षेत्र में वर्णिका चाइल्ड थेरेपी सेंटर के नाम से क्लीनिक का संचालन कर रहा हूं। आज उपमुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित होकर होकर गौरव महसूस कर रहा हूं। **-डॉ. अजय कुमार सिंह**, संचालक, वर्णिका चाइल्ड थेरेपी सेंटर, गोमतीनगर


डॉ. अजय कुमार को सम्मानित करते उप मुख्यमंत्री।

चिकित्सक की जुबानी | मरीजों की सेवा के लिए सम्मान बढ़ाता है हौसला, अमृत विचार की पहल सराहनीय

# स्वस्थ रहे हर कोई, हमारी प्राथमिकता – रोगमुक्त हो काया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी में वर्षों से रोगों से छुटकारा दिलाकर मरीजों के चेहरे पर मुस्कान ला रहे चिकित्सकों के लिए सोमवार की शाम कुछ खास थी। अमृत विचार ने उनकी सेवाओं के लिए उन्हें सम्मानित किया तो सबकी अपनी डाक्टर बनने की कहानी जुबां पर आ गई। कोई परिवार से प्रभावित होकर डाक्टर बना तो किसी को बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाना अच्छा लगता था। उनकी राह में आई दिक्कतों को उन्होंने कैसे दूर किया, कैसे वह आज के वक्त में अपना काम बखूबी अंजाम देते हैं... उन्होंने अमृत विचार से बातचीत में खुल कर साझा किया।

### गुणवत्तापूर्ण जीवन देना प्राथमिकता

लोगों का जीवन तभी अच्छा होता है जब उनका स्वास्थ्य अच्छा हो। यही वजह है कि लखनऊ में करीब 12 साल से कैंसर पीड़ित मरीजों को बेहतर इलाज देने का काम कर रहा हूं। जिससे उनके जीवन की गुणवत्ता बनी रहे। **-डॉ. विभोर महेंद्रू**, कैंसर रोग विशेषज्ञ

### दिव्यांगता ने बना दिया डॉक्टर

कई डॉक्टर मेरे साथ काम करते हैं और हमारा एक ही उद्देश्य है कि मरीज का तत्काल और बेहतर इलाज हो और चिकित्सा सुविधा मिले। यह सोच मेरे अंदर दिव्यांगता होने के कारण आई। लोग जुड़ते हैं। **-डॉ. सर्वेश त्रिपाठी**, हनुमंत पॉली क्लीनिक,लखनऊ

### मरीजों को सस्ता इलाज देने की चाहत

मौजूदा दौर में इलाज कराना हर किसी के बस की बात नहीं है। इसके पीछे की वजह इलाज का महंगा होना है। मेरी कोशिश रहती है कि इलाज के रास्ते में गरीबी बाधा न बने। इसी के चलते मैं डॉक्टर बना। आज के समय में मैं लोगों को सस्ता और सुरक्षित इलाज मुहैया करा रहा हूं। **-डॉ .सैय्यद नाजिम अली**, लखनऊ

### आर्थिक हालात न बनें बाधा

भारत में बहुत से युवा चिकित्सक बनना चाहते हैं, लेकिन कई बार उनकी आर्थिक स्थित इस बात की इजाजत नहीं देती है। इसी समस्या का देखते हुये स्टूडेंट की काउंसलिंग का काम शुरू किया। **-डॉ. अटल प्रताप सिंह**, एमडी, ग्लोबल एजुकेशनल

### बच्चों को दे रही हूं मुस्कान

बाल चिकित्सा आर्थोपेडिक विधा की डॉक्टर होने के नाते हम पीड़ित बच्चों की मुस्कान लौटने का काम करती हूं। बच्चों की मुस्कान सुकून देती है। अमृत विचार की पहल सराहनीय है। **- डॉ. सुमित सामंत**,संचालन पेन फ्री क्लीनिक, गोमतीनगर

### देश की नींव होते हैं शिक्षक

शिक्षा वो हथियार होता है जिसे कोई छीन नहीं सकता। एक शिक्षक देश की नींव की तरह होता है। हमारा इंस्टिट्यूट इसी उद्देश्य से बच्चों को शिक्षित लर रहा है। उन्हें रोजगार मुहैया कराता है। आज उपमुख्यमंत्री से सम्मानित होकर अच्छा लग रहा है। **- समता बाफिला**, चेयरपर्सन हिमालयन ग्रुप ऑफ इंस्ट्यूशन

### पिता व्यवसायी थे तो मिला प्रोत्साहन

मेरे पिता दवा व्यवसायी रहे। इससे मेरी भी शुरू से ही डॉक्टरी पेशे में रुचि रही। पेन फ्री क्लीनिक के नाम से क्लीनिक संचालित कर रहा हूं। इसमें मेरी पत्नी सुमित सावंत (पीडियाट्रिक) भी सहयोग करती हैं। **-डॉ. विक्रांत**, संचालन पेन फ्री क्लीनिक, गोमतीनगर

### लोगों की सेवा करना अच्छा लगता है

पिता किसानी करते हैं। करीब 7 साल से जानकीपुरम के सेक्टर जी में नॉन सर्जिकल हेयर ट्रांसप्लांट का क्लीनिक संचालित कर रहा हूं। पीड़ितों की सेवा करना अच्छा लगता है। **-डॉ. रिजवान अली**, संचालक नॉन सर्जिकल हेयर ट्रांसप्लांट क्लीनिक, जानकीपुरम

### बुजुर्गों की कर रहे सेवा

हमें बुजुर्गों की सेवा करना अच्छा लगता है। महानगर में आस्था अस्पताल का संचालन इसी उद्देश्य से किया जा रहा। यहां कई निराश्रित बुजुर्गों का भी इलाज किया जा रहा। डॉक्टर बनने की प्रेरणा हमें अपने परिवार से मिली। आज का कार्यक्रम सराहनीय है। **-डॉ. अभिषेक शुक्ला**, आस्था अस्पताल

### जरूरतमंद बच्चों को दे रहे मुफ्त शिक्षा

शिक्षा जीवन का आधार है, इसके बिना बेहतर जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती।यही वजह है कि जरूरतमंद बच्चों को मुफ्त शिक्षा देने का हमारी संस्थान काम कर रही है। इसके अलावा सरकारी योजनाओं को लेकर लोग जागरूक रहें और उसका लाभ ले सकें इसके लिए भी लगातार काम किया जा रहा है। **-अमित शर्मा**, सांई धाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट, लखनऊ

### समाज से जुड़ाव ने बनाया चिकित्सक

समाज से जुड़ने का महज एक ही तरीका है कि असहाय और गरीबों की सेवा की जाए, बस यही चाहत चिकित्सा के क्षेत्र में ले आई। पिता इंजीनियर थे, मेरे दो भाई भी इंजीनियर हैं, लेकिन मुझे लगता था कि इंजीनियर बनकर लोगों की सेवा नहीं कर पाऊंगा। पिता की भी इच्छा थी कि समाज के लिए कुछ करूं। यही सोच आज मुझे सम्मान दिला रही है। आज का दिन इसलिए भी खास है कि आज ही मेरी बेटी का एमबीबीएस में दाखिला हुआ है।**-डॉ. सुनील वर्मा**, निदेशक, इंटरनल मेडिसिन, मैक्स हॉस्पिटल


डॉ. शालिनी सिंह को सम्मानित करते उप मुख्यमंत्री, साथ में समूह संपादक।


ऋषभ श्रीवास्तव को सम्मानित करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

## एक नजर

### आईपीएस अमोल मुर्कूट बने एसीपी मलिहाबाद

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ कमिश्नरेट में सोमवार को 2 एसीपी के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया गया है। पुलिस आयुक्त अमरेंद्र सिंह सेंगर ने आईपीएस अमोल मुर्कूट को एसीपी मलिहाबाद की जिम्मेदारी दी है। जबकि वहां तैनात एसीपी धर्मेंद्र सिंह रघुवंशी को अपराध बनाया गया है। दोनों को तत्काल कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

### घर में घुसे चोर, सिलेंडर और नकदी चोरी

**अमृत विचार, काकोरी :** थाना क्षेत्र के पहिया आजमपुर तिराहा स्थित बनी नई प्लाटिंग में रहने वाले टीपू सुल्तान ने बताया कि रविवार को पत्नी व बेटी पड़ोस के घर गई थी। देर शाम वापस आई तो घर का सारा समान बिखरा हुआ पड़ा था। किचन से घरेलू सिलेंडर और पर्स में रखे करीब 7 हजार रुपए गायब थे।कंट्रोल रूम पर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### डकैती में फरार बदमाश गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** तेल से लदे ट्रक को ड्राइवर और क्लीनर को बंधक बनाकर डकैती के मामले में बंथरा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। करीब 18 माह से फरार आरोपी मोहसिन बागपत के सिंघावली का रहने वाला है। 12 फरवरी 2023 को लतीफ नगर से हरौनी मार्ग के बीच ड्राइवर क्लीनर को बंधक बनाकर डकैती की वारदात हुई थी। मामले में 16 फरवरी की एटा निवासी अभिषेक कुमार ने लूटपाट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बाद में मामले को डकैती में तरमीम कर लिया गया था।

# ग्राहक बन एक लाख की अंगूठी ले उड़ा युवक, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, लखनऊ/काकोरी

▸▸ पुलिस फुटेज की मदद से संदिग्ध की पहचान कराने का कर रही प्रयास

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के कटरा बाजार कस्बा स्थित ज्वैलरी शॉप पर ग्राहक बनकर पहुंचा युवक करीब 1 लाख की सोने की अंगूठी गायब कर फरार हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाली तो आरोपी कैद मिला। पुलिस फुटेज की मदद से संदिग्ध की पहचान कराने का प्रयास कर रही है।

पीड़ित यश गुप्ता ने बताया कि सोमवार सुबह करीब 11 बजे अपनी श्री नवदुर्गा ज्वेलर्स पर बैठे थे। उसी समय एक ग्राहक आया और सोने की अंगूठी दिखाने के बहाने 15 ग्राम सोने की अंगूठी उठाकर कर भाग निकला। अंगूठी की कीमत करीब 1.10 लाख है। दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज में युवक की करतूत कैद हो गई। पीड़ित यश गुप्ता ने घटना की सूचना कंट्रोल रूम पर दी। पुलिस ने घटनास्थल पर छानबीन करने के बाद रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आरोपी युवक को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# दंपति ने जाली एग्रीमेंट बना भवन हड़पने का किया प्रयास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ जेसीपी कानून व्यवस्था के निर्देश पर वजीरगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** अलीगंज स्थित भवन को हड़पने के लिए किराएदार दंपति ने फर्जीवाड़ा किया। जाली साइन किया एग्रीमेंट कोर्ट में लगाकर वाद दायर किया। धोखा देख पीड़ित ने जेसीपी कानून व्यवस्था आकाश कुलहरी से शिकायत की। शुरुआती जांच में आरोप सही मिलने पर वजीरगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

चौक के विक्टोरिया स्ट्रीट निवासी नरूल इस्लाम की अलीगंज सेक्टर -एच स्थित दुकान व हॉल को वर्ष 2010 में सेक्टर-जे निवासी नीलम सिंह ने किराए पर लिया था। दो वर्ष तक नरूल को किराया मिला, फिर नीलम ने टालमटोल शुरू कर दी। 2015 तक नीलम और उनका पति अरुण किराए के नाम पर आश्वासन देते रहे। कई बार चेक दी, लेकिन बाउंस हो गई। नरूल ने बताया कि अलीगंज थाने में शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसी दौरान बेटी की तबीयत खराब होने के कारण पीड़ित 8 वर्ष तक लखनऊ, दिल्ली और मुंबई के चक्कर लगाता रहा।

2023 में पीड़ित को पता चला कि 2018 में बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। जांच में पता चला कि नीलम सिंह द्वारा बिजली चोरी की जा रही थी। पीड़ित ने संपर्क किया तो नीलम ने धमकाकर फोन काट दिया। पीड़ित ने इसी वर्ष मकान खाली करने के लिए एडीएम ट्रांसगोमती कोर्ट में वाद दायर किया।

जिसपर नीलम ने उनके खिलाफ सिविल जज की कोर्ट में वाद दायर किया। जिसमें नीलम ने पीड़ित के जाली साइन कर फर्जी अनुबंध पत्र लगाया है। पीड़ित का आरोप है कि नीलम और अरुण जाली एग्रीमेंट के सहारे मकान हड़पना चाहते हैं। जेसीपी कानून व्यवस्था के निर्देश पर वजीरगंज पुलिस ने जाली दस्तावेज के आधार पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### अधिवक्ता समेत दो के खाते से उड़ाए 4.51 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ :** जालसाज ने बैंककर्मी बनकर पीजीआई में रहने वाले अधिवक्ता के खाते से 36 हजार गायब कर दिए। वहीं, आशियाना में ऑनलाइन लोन का झांसा देकर जालसाज ने युवक से करीब 4.15 लाख रुपये ऐंठ लिए। पुलिस दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर साइबर सेल की मदद से जांच कर रही है। रायबरेली रोड स्थित उतरठिया निवासी 65 वर्षीय सुनील दत्त साहू सिविल कोर्ट में वकालत करते हैं। उन्होंने अपना मकान किराए पर देने के लिए ओएलएक्स पर विज्ञापन दिया था। 29 सितंबर को उनके पास एक कॉल आई। फोनकर्ता ने अपना परिचय एसबीआई कर्मी के तौर पर दिया। कहा कि ट्रांसफर गुजरात से लखनऊ हुआ है। 6 अक्टूबर तक लखनऊ ज्वाइन करना है। लिहाजा एडवांस भेज दूं। पीड़ित ने पत्नी के खाते की डिटेल दी। फिर कहा चेक कर लीजिए, गलती से 36 हजार की जगह 72 हजार ट्रांसफर कर दिया है। लिहाजा आप 36 हजार वापस कर दीजिए। जालसाज ने फर्जी मैसेज भेजकर बेटे से ऑनलाइन 36 हजार रुपए ट्रांसफर करा लिए। पीड़ित ने पीजीआई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं, आशियाना के बंगला बाजार निवासी अरूज साहू ने बताया कि उनके पास एक कॉल आयी। जालसाज ने ऑनलाइन लोन के झांसे में लेकर सारी जानकारी हासिल की। फिर खाते से 4,14,750 रुपये पार कर दिए। पीड़ित ने आशियाना थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

# सांड़ से टकराकर शव वाहन पलटा, 12 घायल

## गोसाईंगंज क्षेत्र में सुल्तानपुर हाईवे पर हुई घटना, हुसैनगंज से अमेठी के शुक्ल बाजार शव लेकर जा रहे थे लोग

संवाददाता, लखनऊ/गोसाईंगंज



पलटे हुए शव वाहन को उठाती क्रेन।

▸▸ पुलिसकर्मियों ने घायलों को गोसाईंगंज सीएचसी में कराया भर्ती

**अमृत विचार:** सुल्तानपुर हाईवे पर गोसाईंगंज स्थित रहमतनगर गांव के पास सोमवार तड़के शव वाहन सांड़ से टकराकर पलट गया। हादसे में 12 लोग घायल हो गए। पास में मौजूद पेट्रोल पंप कर्मचारियों ने घायलों को बस से बाहर निकाला। सभी लोग लखनऊ से अमेठी के शुक्ल बाजार शव लेकर जा रहे थे। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने घायलों को गोसाईंगंज सीएचसी भेजवाया। जहां तीन की हालत गंभीर देख सिविल अस्पताल रेफर कर दिया गया।

हुसैनगंज के लालकुआं निवासी लाड़ले अपने रिश्तेदार का शव सोमवार तड़के शव वाहन से अमेठी के शुक्ल बाजार जा रहे थे। सुल्तानपुर हाईवे पर रहमतनगर के पास अचानक सड़क पर सांड़ आ गया। ड्राइवर जब तक कुछ समझ पाता तब तक बस सांड़ से टकराकर पलट गई। हादसे के बाद चीख पुकार मच गई। हादसा देख पास में स्थित पेट्रोल पंप के कर्मचारी और ग्रामीण आ गए।

उन्होंने बस में फंसे लोगों को किसी तरह बाहर निकाल कर पुलिस को सूचित किया। पुलिसकर्मियों ने लालकुआं निवासी घायल शफीक, लाड़ले, जामिला बानो, मो. आहत, शबीना, जुल्फिकार, मो. फैजल, बदरूनिशा, अमीन बानो, शफीक हाशमी, शेहरबानो, व फैसन को गोसाईंगंज सीएचसी भेजवाया। जहां डॉक्टरों ने लाड़ले, शफीक व जामिला की हालत गंभीर देख सिविल अस्पताल भेज दिया। जहां तीनों का इलाज चल रहा है। तीनों की हालत खतरे से बाहर है।

### दीवार से टकराया डंपर, चालक की मौत

अमृत विचार, गोसाईंगंज : सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में डंपर अनियंत्रित होकर दीवार से टकरा गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल चालक को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया कि गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के मीसा गांव में रहने वाले सरोज कुमार (42) चालक था। वह रविवार की रात खनन कार्य में डंपर चला रहा था। देर रात अनियंत्रित डंपर सड़क के किनारे बनी मकान की दीवार से टकरा गया। हादसे के चालक सरोज डंपर में ही फस गया। घटना की सूचना पाकर जब पुलिस मौके पर पहुंची। किसी तरह उसे बाहर निकाल कर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### हादसे में बाइक सवार साले की मौत, जीजा घायल

अमृत विचार, काकोरी। थाना क्षेत्र के मौंदा गांव में लखनऊ आगरा एक्सप्रेस-वे की ओर जा रहे मिनी ट्रक ने बाइक सवार दो लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में प्रताप कुमार (43) की मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रुप से जख्मी हो गया। काकोरी के मौंदा गांव निवासी करन लोधी ने बताया कि रविवार रात चाचा प्रताप अपने जीजा कमलेश लोधी निवासी लोधन खेड़ा बंथरा को मौंदा गांव से आगरा एक्सप्रेस-वे नहर के पास दूसरे घर जा रहे थे। तभी सामने से आ रहे मिनी ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें दोनों गंभीर रुप से जख्मी हो गए। राहगीरों की मदद से पुलिस ने दोनों को लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टरों ने प्रताप को मृत घोषित कर दिया। जबकि जीजा कमलेश लोधी की हालत नाजुक बनी हुई है। इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि करन की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।

# पीजीआई : हॉस्पिटल में निकला अजगर, डॉक्टर ने पकड़ा

संवाददाता, पीजीआई



अजगर को पकड़ते डॉ. मो. फहद।

▸▸ इंडियन रॉक पायथन प्रजाति का था अजगर, जंगल में छोड़ा

**अमृत विचार:** संजय गांधी पीजीआई संस्थान के जनरल हॉस्पिटल परिसर में रविवार रात एक अजगर दिखाई दिया तो वहां हड़कंम मच गया।

जनरल हॉस्पिटल के परिसर में रविवार रात आठ बजे जैसे ही अजगर दिखा तो लोगों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ जमा हो गयी। इसी बीच वहां से गुजर रहे सीसीएम में तैनात डॉ. मो. फहद ने देखा तो वह एक लकड़ी का डंडा लेकर अजगर को पकड़ने पहुंच गये। और थोड़ी मसक्कत करने के बाद अजगर को पकड़ लिया। सूचना मिलते ही वन विभाग के साथ मिलकर काम कर रहे एनजीओ पर्यावर्णम सोसायटी के अजहर अंसारी मौके पर पहुंचे और अजगर को ले जाकर जंगल में छोड़ दिया। अजहर ने बताया कि ये अजगर इंडियन रॉक पायथन प्रजाति का था।

# नशीली कोल्डड्रिंक पिलाकर महिला बाउंसर से दुष्कर्म, बनाया वीडियो

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ दोबारा मिलने से इनकार पर पति को भेजा वीडियो

▸▸ पीड़िता ने ठाकुरगंज थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार:** सिक्योरिटी फर्म में काम करने वाली महिला बाउंसर का फर्म संचालक ने नहाते हुए वीडियो बनाया। फिर ब्लैकमेल कर दुबग्गा पर बुलाया। नशीली कोल्डड्रिंक पिलाकर आरोपी बेहोशी की हालत में होटल हैवेन स्क्वायर ले गया और दुष्कर्म किया। रेप का वीडियो बना आरोपी ने धमकाया और दोबारा मिलने से मना करने पर पति को भेज दिया। ठाकुरगंज पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

आलमनगर इलाके में पति संग किराए पर रहने वाली पीड़िता कुछ माह पहले काम के सिलसिले में पति संग शाहजहांपुर गई थी। वहीं पर अमित वर्मा निवासी एलडीए कॉलोनी आशियाना ने नहाने के दौरान उसका वीडियो बना लिया। फिर वीडियो दिखाकर ब्लैकमेल करने लगा। कुछ वक्त बाद पीड़िता पति संग वापस लखनऊ आ गई। जुलाई माह में अमित ने पीड़िता को कॉल की और दुबग्गा पर बुलाया।

वह पहुंची तो अमित ने कोल्डड्रिंक खरीदकर उसे पिलाई। जिसके बाद वह बेहोश हो गई। उसके बाद अमित उसे कार से ठाकुरगंज के लालबाग स्थित होटल हैवेन स्क्वायर ले गया। वहां पर अमित ने बेहोशी की हालत में दुष्कर्म कर वीडियो बना लिया। दोबारा मिलने से इनकार करने पर वीडियो वायरल की धमकी दी। पीड़िता ने बताया कि आरोपी अमित ने उनके पति को कॉल कर अश्लील वीडियो भेज दिया। इंस्पेक्टर श्रीकांत राय ने बताया कि आरोपी अमित को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के पास से बरामद मोबाइल में वीडियो भी मिला है। साथ ही होटल प्रबंधन से सीसी टीवी कैमरों के फुटेज मांगे गए हैं।

# छात्रा से छेड़छाड़, विरोध पर चाचा का सिर फोड़ा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



▸▸ सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र की घटना, आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार:** सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में छात्रा का पीछा कर युवक ने छेड़छाड़ की। अश्लील मैसेज भेजे। चाचा ने विरोध किया तो आरोपी ने रॉड मारकर सिर फोड़ दिया। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना क्षेत्र में रहने वाली किशोरी एक निजी स्कूल की छात्रा है। उनके चाचा ने बताया कि अमन उनकी भतीजी को आए दिन परेशान कर रहा है। उसे अश्लील फोटो भेजता और कॉल करता है। मामले की जानकारी होने पर पीड़िता के चाचा ने जब उन्होंने विरोध जताया तो आरोपी ने उन्हें मिलने के लिए बुलाया। 9 अक्टूबर को रात करीब 9 बजे जब वह मिलने पहुंचे तो अमन ने उनके सिर पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले वह लहूलुहान होकर गिर पड़े। होश आने पर पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्र ने बताया कि आरोपी अमन के खिलाफ शांतिभंग में कार्रवाई की गई है।

### सैन्यकर्मी पति पर दूसरी सगाई का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, पीजीआई :** पीजीआई थाने में महिला ने सैन्यकर्मी पति पर गर्भवती होने पर उसे छोड़ने और दूसरी सगाई करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर ब्रजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। वृंदावन की रहने वाली सैलून संचालिका ने तहरीर में बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से उसकी रायबरेली निवासी सैन्यकर्मी शुभम सिंह से बातचीत हुई थी। दोनों में पहले दोस्ती हुई फिर प्यार में बदल गई। इसके बाद शुभम ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने लगा। युवती ने शादी का दबाव बनाया तो 17 अप्रैल 2024 को शुभम ने उसके साथ विवाह कर लिया। युवती के गर्भवती होने पर शुभम ने दूरियां बढ़ा ली। आरोप है कि शुभम ने दूसरी युवती से सगाई कर ली है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### पीछा कर युवती को छेड़ा

**अमृत विचार, लखनऊ :** बंथरा थाने में एक युवती ने युवक पर पीछा कर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता का आरोप है कि आकाश दस दिन से परेशान कर रहा है। वह उनका रोजाना पीछा करता है और उसपर बात करने का दबाव बना रहा है। विरोध पर गाली-गलौज करता है। इंस्पेक्टर राम सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है। जल्द ही उसे पकड़ लिया जाएगा।

### तांकझांक से रोकने पर दंपति को पीटा

**अमृत विचार, लखनऊ:** कृष्णानगर थाना क्षेत्र में एक महिला ने पड़ोसी पर उनके घर में तांकझांक करने व विरोध पर उन्हें और पति को पीटने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। कानपुर रोड एलडीए कालोनी निवासी चेतना शनिवार रात सो रही थीं। तभी देर रात जब उनकी आंख खुली तो देखा कि तरुण दास खिड़की से उनके घर में झांक रहा था।

पीड़िता ने घर के बाहर निकल कर विरोध किया तो आरोपी गाली-गलौज करने लगा। इस बीच तरुण का भाई अभिषेक समेत अन्य लोग आ गए। उन्होंने पीड़ित परिवार की लाठी-डंडों से पीट दिया। साथ ही घर में तोड़फोड़ भी की। इंस्पेक्टर पीके सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।



जागरुकता

निगोहां थाना क्षेत्र के रामपुर गढ़ी जमुनी गांव के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में अपराधों के प्रति ग्रामीणों के लिए जागरुकता शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान सहायक पुलिस आयुक्त रजनीश वर्मा, थाना प्रभारी अनुज तिवारी ने छात्रों को स्टेशनरी किट वितरित किया।

### दो मजदूरों ने फंदे से लटक कर दी जान

**अमृत विचार, लखनऊः** निगोहां व नाका थाना क्षेत्र में दो मजदूरों ने फंदे से लटकर कर जान दे दी।

मंगटईया गांव निवासी मजदूर धर्मपाल (30) ने घर में बल्ली के सहारे साड़ी के फंदे से लटककर जान दे दी।

वहीं गुइन नगर स्थित घर में मजदूर अमर मौर्या (35) ने फंदा लगा लिया। आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। गुइन नगर निवासी अमर मौर्या ने सोमवार को घर की दूसरी मंजिल पर कमरे में पंखे से साड़ी के फंदे के सहारे जान दे दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि मौके से सूसाइडनोट नहीं मिला है।

# बदमाशों ने दुकानदार को पीटा चेन व रुपये लूटने का आरोप

संवाददाता, लखनऊ/ मोहनलालगंज

▸▸ पीड़ित की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज, इंस्पेक्टर ने लूट से किया इनकार

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के माधवखेड़ा के पास 3 बाइकों पर सवार 6 नकाबपोश बदमाशों ने फैब्रीकेटर्स व्यवसायी अनिल यादव को डंडा मार कर रोका। इसके बाद उन्हें जमकर पीटा। अनिल ने बदमाशों पर चेन और पांच हजार रुपये लूटने का आरोप भी लगाया है। इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया कि लूट की बात निराधार है। मारपीट हुई है, जांच की जा रही है।

एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि पीड़ित अनिल की तहरीर पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी है। घटना सीसी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज के आधार पर हमलावरों को चिंहित करने का प्रयास किया जा रहा है। अनिल ने बताया कि बिजनौर के बहादुर खेड़ा में उनकी खुशी स्टील के नाम से नीलमथा में दुकान है। रोजाना की तरह सोमवार सुबह भी वह बाइक से दुकान जा रहे थे। इस बीच माधवखेड़ा के पास पीछे से आए 3 बाइकों पर सवार 6 युवकों ने रोका। डंडा मारा इससे वह सड़क पर गिर गए। बचाव में पड़ोस की एक दुकान में भाग कर घुस गए। हमलावरों ने वहां निकाल लिया और फिर जमकर पीटा। लोगों जबतक जुटते हमलावर भाग निकले।

## सार-संक्षेप

### शिक्षक के घर चोरी करने वाले दो गिरफ्तार, एक फरार

**अमृत विचार, लखनऊ :** जानकीपुरम इलाके में एक शिक्षक के घर में चोरी करने वाले हिस्ट्रीशीटर समेत दो को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं गिरोह का एक सदस्य फरार है। आरोपियों के पास से पुलिस ने 1 लाख रुपये और वारदात में प्रयोग की कई बाइक बरामद की है। एसीपी अलीगंज बृज नारायण सिंह ने बताया कि फुटेज और बाइक के नंबर के आधार पर पुलिस ने लखीमपुर खीरी निवासी सुधीर कश्यप और पारा निवासी हिस्ट्रीशीटर रवि वर्मा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी आरोपी सुधीर किराना की दुकान पर काम करता है। वहीं, रवि मैकेनिक है। वहीं इंस्पेक्टर ने बताया कि फरार साथी मनीष पहले सराफा का काम करता था। जुआ और सट्टा खेलने की लत ने उसे बर्बाद कर दिया था। इसके बाद वह चोरी की घटनाएं करने लगा। आरोपियों ने कबूला कि मनीष ने ही चौक इलाके में किसी सराफा को चोरी के जेवरात बेचे हैं।

### प्रदेश अपराध की भेंट चढ़ गया: इन्द्रसेन

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में किसी भी अप्रिय घटना के बाद जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेना भाजपा सरकार की आदत बन गई है। जनपद बहराइच में इतनी बड़ी घटना इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। प्रदेश अपराध की भेंट चढ़ गया है। यह बात जनता शासन पार्टी( जशपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष इन्द्रसेन यादव ने इंदिरानगर स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित एक बैठक में कहीं। इस मौके पर उन्होंने बताया कि अगर जनपद बहराइच में अप्रिय घटना की आशंका पहले से थी तो उसकी तैयारी क्यों नहीं की गई। भाजपा सराकर तैयारी और कार्रवाई का बखान सिर्फ बयानबाजी और भाषणों में ही करती है। सच्चाई ये है कि उत्तर प्रदेश में अपराधियों की जड़ें और गहरी हो गईं। उत्तर प्रदेश को भाजपा सरकार ने विनाश के रास्ते पर धकेल दिया है।

### शिव बरात निकाली, तीन दिवसीय दशहरा मेला शुरू



बीकेटी कस्बे में शिव बरात निकालते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार , बख्शी का तालाब :** बख्शी का तालाब नगर पंचायत अंतर्गत शनिवार को दशहरा कमेटी के अध्यक्ष के नेतृत्व में विशाल शिव बारात निकाली गई। जिसके बाद दशहरा मेला प्रारंभ हो गया जो तीन दिनों तक चलेगा।इस शिव बारात में दर्जनों हांथी,ऊंट,बघ्घी शामिल रहे जिन पर भगवान रूपी कलाकारों को विराजमान रहे। शिव बारात के बाद बीकेटी कस्बे में भीषण जाम लग गया जिसमें मरीजों को अस्पताल ले जा रही एम्बुलेंस भी फंसी रहीं वहीं पुलिस की कड़ी मशक्कत के बाद जाम खुलवाया जा सका यह जाम करीब दो किलोमीटर तक रहा।

**भौली गांव के मेले में लिया हिस्सा :** भौली गांव के ऐतिहासिक दशहरा मेले में शनिवार को रामलीला समारोह में श्रीराम वनवास की घटना का सजीव मंचन किया गया। वहीं रावण के पुतले का दहन मेला कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार रावत एवं आशू राजपूत द्वारा किया गया। इस अवसर पर आयोजित मेल में गांव वासियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

# दो और पुलिसकर्मियों के नाम आए सामने

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ पुलिस हिरासत में युवक की मौत का मामला

▸▸ दोनों पुलिसकर्मियों को भेजा गया नोटिस

**अमृत विचार :** विकासनगर गंजरहापुरवा में पुलिस हिरासत में अमन की मौत शुक्रवार को हुई थी। इस मामले में पुलिस की जांच शुरू हो गई। अभी तक शैलेंद्र के अलावा दो अन्य पुलिसकर्मियों के नाम सामने आए हैं। वहीं, अमन की पत्नी रोशनी का बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया है।

सोमवार को अमन के घर पुलिस की निगरानी बनी थी। इस दौरान भाजपा, कांग्रेस और सपा नेताओं ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर हर संभव मदद का आश्वासन दिया। एसीपी गाजीपुर अनिद्य विक्रम सिंह के मुताबिक रोशनी का बयान दर्ज होने के बाद ही आगे जांच विवेचना आगे बढ़ेगी। इसके अलावा सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। शैलेंद्र के अलावा दो अन्य पुलिस कर्मियों के नाम भी प्रकाश में आए हैं। उन्हें विवेचना में शामिल कर लिया गया है। इन्हें भी बयान दर्ज कराने के लिए नोटिस भेजी जा रही है। इसके अलावा पुलिस कंट्रोल रूम 112 से पुलिस घटना के समय पीआरवी में तैनात पुलिस कर्मियों का ब्योरा मांगा गया है।

### मूर्ति विसर्जन के दौरान डूबे युवक का शव मिला

**अमृत विचार, लखनऊः** चिनहट में दुर्गा पूजा मूर्ति विसर्जन के दौरान गोमती में डूबे अमरेश कुमार (24) का शव सोमवार को एसडीआरएफ टीम ने बरामद कर लिया है। रविवार को मूर्ति विसर्जन के दौरान वह डूब गया था। चिनहट के जाटा बरौली निवासी मजदूर अमरेश कुमार रविवार को पास में ही मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम में शामिल होने गया था। मूर्ति विसर्जन के बाद वह गहरे पानी में चला गया। अमरेश को डूबते देख साथियों ने शोर मचाया। जब तब लोग कुछ समझ पाते, वह डूब गया। एसडीआरएफ टीम ने सोमवार दोपहर अमरेश का शव बरामद कर लिया। परिवार में पत्नी मंजू व एक बेटी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# महंगे शौक के लिए बाइक चोरी करने वाले दो किशोर धरे गए

संवाददाता, लखनऊ/आशियाना

▸▸ चोरी की 7 बाइकें बरामद, दोनों को बाल सुधार गृह भेजा

**अमृत विचार:** महंगे शौक पूरा करने के लिए पलक झपकते ही बाइक पार करने वाले दो किशोरों की आशियाना पुलिस ने पकड़ा है। उनके पास से चोरी की 7 बाइकें बरामद हुई हैं। पुलिस ने दोनों को बाल सुधार गृह भेज दिया है।

इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि 4 अक्टूबर को पूर्व सभासद भूपेंद्र सिंह की पत्नी लक्ष्मी सिंह ने बाइक चोरी का रिपोर्ट दर्ज कराई थी। छानबीन के दौरान पुलिस को कुछ सीसीटीवी फुटेज मिले थे। जिसमें संदिग्धों की तस्वीरें कैद हुई थी। रविवार रात पुलिस को सूचना मिली कि बाइक चोरी के संदिग्ध बाइक बेचने के इरादे से कैंट की तरफ से देवी खेड़ा की तरफ आ रहा है। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों संदिग्धों को पकड़ लिया गया। दोनों आरोपियों की निशानदेही पर देवी खेड़ा के जंगल में छिपाकर रखी गई 7 बाइक बरामद हुई। इंस्पेक्टर ने बताया कि दोनों बाल अपचारियों की उम्र 17 साल है। एक किशोर पूर्व में भी मानकनगर में बाइक चोरी के मामले में पुलिस अभिरक्षा में लिया गया था। दोनों ने पूछताछ के दौरान बताया कि शौक पूरे करने के लिए बाइक चोरी राह चलते 2-4 हजार में बेच देते हैं।

### राजस्थान के कारोबारी से लूट में एक गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊः** राजस्थान से अपने ड्राइवर संग कार से लखनऊ आए एक कारोबारी रवि पटवा को बंधक बनाकर लूटपाट करने वाले एक आरोपी को कृष्णानगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी प्रद्युम्न रावत उर्फ बॉबी मड़ियांव के भिठौली का रहने वाला है।

पुलिस ने आरोपी के पास से दो मोबाइल बरामद किए हैं। पुलिस वारदात में शामिल विक्की व सोनू की तलाश कर रही है। इंस्पेक्टर पीके सिंह ने बताया कि फरार आरोपी विक्की गिरफ्तार आरोपी प्रद्युम्न का फूफा है। पीड़ित रवि पटवा ने 12 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़ित ने वाईनेंस एप्प के माध्यम से 1500 डॉलर ट्रांसफर कराने चेन, मोबाइल और कार लूटने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

## एक नजर

### पर्सनल वॉरियर्स व कामर्शियल चैलेंजर्स खिताबी होड़ में

**अमृत विचार, लखनऊ :** पर्सनल वारियर्स और कामर्शियल चैलेंजर्स ने स्वच्छता स्पोर्ट्स लीग इंटर डिपार्टमेंटल वॉलीबाल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए फाइनल में जगह बना ली। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल क्रीड़ा संघ के तत्वावधान में एनईआर स्टेडियम, ऐशबाग पर खेले जा रहे टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल में कामर्शियल चैलेंजर्स ने इलेक्ट्रिकल वारियर्स को एकतरफा 25-10, 25-10 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में पर्सनल वारियर्स ने टीआरडी को 25-16, 25-15 से हराया।

### यूपी-हरियाणा का मुकाबला अब जयपुरिया मैदान पर

**अमृत विचार, लखनऊ :** रणजी में यूपी टीम का मुकाबला अब हरियाणा से होगा। 18 से 21 अक्टूबर तक यह मुकाबला अब एआर जयपुरिया ग्राउंड में खेला जायेगा। पहले यह मुकाबला डॉ. अखिलेश दास स्टेडियम पर खेला जाना था। लेकिन बीसीसीआई मानकों पर खरा न उतरने के कारण यह मुकाबला शिफ्ट करने का निर्णय लिया गया। शहर में रणजी मैच की मेजबानी करने वाला एआर जयपुरिया ग्राउंड चौथा होगा। इससे पहले केडी सिंह बाबू स्टेडियम, इकाना और डॉ. अखिलेश दास स्टेडियम पर रणजी मैच खेले गये थे।

### फेयरवे टाइगर्स को मिला तीन लाख का पुरस्कार

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ गोल्फ कोर्स में आयोजित हुई नाइट गोल्फ लीग में चैंपियन बनी फेयरवे टाइगर्स की टीम को तीन लाख रुपये का नकद पुरस्कार दे कर सम्मानित किया गया। दूसरे स्थान पर रहने वाली इकाना टाइटन्स को दो लाख रुपये का पुरस्कार मिला। तीसरे स्थान पर राम स्वरूप टाइगर्स और आईपीएस वॉरियर्स को एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया।

# यूपी के सिद्धांत, शांतनु और हर्षित अगले दौर में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ आल इंडिया सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट



**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के अर्चित सिन्हा और शिवम वर्मा ने डॉ. अखिलेश दास गुप्ता गुप्ता मेमोरियल आल इंडिया सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट में सोमवार को क्वालीफायर में पुरुष युगल के अगले दौर में जगह बना ली। बीबीडी यूपी बैडमिंटन अकादमी सहित लखनऊ के अन्य स्टेडियमों पर खेले जा रहे क्वालीफाइंग मुकाबलों में पुरुष एकल क्वालीफायर में यूपी के सिद्धांत सालार, शांतनु शर्मा व हर्षित तोमर भी अगले दौर में पहुंच गये हैं। टूर्नामेंट के मुख्य ड्रा के मुकाबले बीबीडी यूपी बैडमिंटन अकादमी में 16 अक्टूबर से खेले जाएंगे।

क्वालीफायर में आज अगले दौर में जगह बनाने वाले यूपी के खिलाड़ियों में पुरुष एकल में शांतनु शर्मा ने महाराष्ट्र के अजय मीना को 12-15, 15-10, 15-4 से, सिद्धांत सालार ने तमिलनाडु के अरविन अरोकिया वाल्टेयर को 12-15, 15-13, 15-11 व हर्षित तोमर ने दिल्ली के आरव भारती को 15-6, 15-5 से हराया।

महिला एकल में यूपी की करनजीत कौर ने दिल्ली की नैना चौहान को 15-6, 15-11 से हराया। पुरुष युगल में उत्तर प्रदेश के अभय सिंह व गुजरात के अम्बर गुप्ता की जोड़ी ने पश्चिम बंगाल के हरिषांत व हरियाणा के रमेश वर्मन को 15-9, 17-15 से हराया। यूपी के अर्चित सिन्हा व शिवम वर्मा ने केरल के अमाल जैकब व अतुल को 12-15, 15-9, 15-12 से शिकस्त दी। यूपी के हिमांशु मित्तल व शुभम शर्मा ने तमिलनाडु के अभिनव व नवीन को 15-10, 15-6 से पराजित किया। यूपी के ही अखिलेश कश्यप व ऋषभ कुमार ने मध्य प्रदेश के यश व कर्नाटक के युवराज को 15-10, 17-15 से हराया।

मिश्रित युगल में यूपी के प्रथम सिंह व तरन जीत कौर ने हरियाणा के हर्षित व कर्नाटक की न्यासा को 16-14, 16-14 से व यूपी के यश कुमार व अमोलिका सिंह ने हरियाणा के रनदीप सिंह व यशिका को 17-15, 15-6 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

### यूपी के सजल जीत के साथ अगले दौर में

**अमृत विचार, लखनऊ :** आइटा मेंस टेनिस टूर्नामेंट में सोमवार को शीर्ष वरीय हरियाणा के उदित काम्बोज, दूसरी वरीयता प्राप्त झारखंड के एकलव्य सिंह और तीसरी वरीयता प्राप्त यूपी के सजल केसरवानी ने जीत दर्ज कर अगले दौर में जगह बनाई। उदित ने तेलंगाना के गगन माली को 6-7(5), 6-0, 6-0 से शिकस्त दी। एकलव्य ने पंजाब के राहुल यादव को एक तरफा मुकाबले में 6-2, 6-4 से हराया। सजल ने दिल्ली के सार्थक शर्मा को 3-6, 6-3, 1-0 (रिटायर) को पराजित किया। आशियाना स्थित उन्नाद टेनिस अकादमी में खेली जा रही प्रतियोगिता में सोमवार को हरियाणा के सावन मलिक ने कर्नाटक के सातवीं वरीयता प्राप्त निशिथ नवीन को 6-2, 7-5 से हरा कर उलटफेर किया। हरियाणा के गजराज सांगवान ने पांचवीं वरीयता प्राप्त यूपी के अनिरुद्ध मुखर्जी को 6-2, 6-0 से हराकर उलटफेर किया।

### बाबा सिद्दीकी हत्याकांड की हो निष्पक्ष जांच : रामप्रीत

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाबा सिद्दीकी की हत्या बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है, इस मामले की निष्पक्ष और सख्त जांच होनी चाहिए यह बात राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजीत पवार गुट) के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष रामप्रीत शर्मा ने जारी एक बयान में कहा है। उन्होंने बताया कि ऐसी घटनाओं पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। ये अच्छी बात है कि आरोपी पकड़े गए हैं। घटना की जांच होनी चाहिए।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा., मंडल रेल प्रबंधक, हज़रतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ई-निविदा सूचना सं. | 1128-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ-चतुर्थ कॉल दिनांक 14.10.2024 |
| 2. | कार्य का नाम | लखनऊ मंडल के अंतर्गत LC गेटों पर AT सप्लाई और अन्य इलेक्ट्रिकल कार्यों के प्रावधान के संबंध में विद्युत कार्य। |
| 3. | अनुमानित लागत | रु. 1,02,75,050.20 (रुपये एक करोड़ दो लाख पिचहत्तर हजार पचास रुपये एवं बीस पैसा मात्र) |
| 4. | ई-निविदा की कीमत | शून्य |
| 5. | बयाना राशि | रु. 2,01,400/- (दो लाख एक हजार चार सौ रुपये मात्र) |
| 6. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 24 माह |
| 7. | ई-निविदा फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 06.11.2024 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:00 बजे के बाद वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा., उत्तर रेलवे, हज़रतगंज, लखनऊ के कार्यालय में। |
| 8. | प्रस्ताव की वैधता | ई-निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन |
| 9. | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |

सूचना सं.-1128-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ-चतुर्थ कॉल दिनांक 14.10.2024 3181/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# लखनऊ के आमिर पर धनवर्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



आमिर अली



आमिर अली के पिता तसव्वुर अली

▶▶ हॉकी इंडिया लीग के ऑक्शन में आमिर को 34 लाख रुपये में टीम ने खरीदा

**अमृत विचार :** लखनऊ के हॉकी जगत में उस समय खुशी की लहर दौड़ गई जब हॉकी इंडिया लीग में यहां के आमिर अली पर धनवर्षा हुई। ऑक्शन में 34 लाख रुपये देकर टीम गोनासिका ने उन्हें अपने पाले में किया। आमिर अली को इतनी बड़ी रकम में मिलने की खबर सुन कर उनके पिता तसव्वुर अली को विश्वास ही नहीं हुआ।

आमिर अली के पिता तसव्वुर अली की नेशनल कॉलेज के निकट एक छोटी सी दुकान है जहां वह दो पहिया वाहनों को ठीक करते हैं। आमिर को इतनी बड़ी धनराशि मिलने पर उन्होंने कहा कि सब कुछ सपने के सच हो जाने जैसा है। बेटे की मेनहत रंग लाई। उसकी कामयाबी में उसके प्रशिक्षकों को अहम रोल है।

उन्होंने बताया कि आठ वर्ष की उम्र से नेशनल इंटर कॉलेज के ग्राउंड में हॉकी की शुरुआत की। उनके भाई शाहरुख अली भी उनके साथ हॉकी का अभ्यास करते थे। केडी सिंह बाबू सोसाइटी की देखरेख में हॉकी का अभ्यास शुरू करने वाले आमिर अली ने स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई में दाखिला लिया। वहां से साई सेंटर पहुंचे और वहां भी कड़ी मेहनत की। केडी सिंह बाबू सोसाइटी के पीआरओ खुर्शीद अहमद ने बताया कि आमिर को मलेशिया में होने वाले सुल्तान जोहोर कप के लिए भारतीय जूनियर हॉकी टीम की कमान सौंपी गई है।

# कृष्णा, शिव कुमार, रचना पायल और गीता रहे प्रथम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ जनपदीय माध्यमिक विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता

**अमृत विचार:** 800 मीटर की दौड़ के बालक वर्ग में सरस्वती विद्यालय नरही के शिव कुमार निषाद ने 17 वर्ष से कम आयु वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया। इसी आयु वर्ग में बालिका ग्रुप में सरस्वती इंटर कॉलेज की रचना मौर्या ने बाजी मारी। चौक स्टेडियम पर सोमवार को जनपदीय माध्यमिक विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता शुरू हुई। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने किया।

इस मौके पर उनके साथ राकेश कुमार (जिला विद्यालय निरीक्षक, लखनऊ), जय शंकर श्रीवास्तव (सह जिला विद्यालय निरीक्षक लखनऊ), मनीषा द्विवेदी (निरीक्षक आंग्ल विद्यालय, उत्तर प्रदेश) और वेद प्रकाश यादव (जिला क्रीड़ा सचिव लखनऊ) मौजूद रहे। उद्घाटन अवसर पर जिलाधिकारी ने खिलाड़ियों बेहतर प्रदर्शन को प्रोत्साहित किया।

प्रतियोगिता में 49 स्पर्धाओं में 384 पदकों का निर्णय होना है। राष्ट्रीय खिलाड़ी कोमल यादव के द्वारा मशाल प्रज्जलित कर खिलाड़ियो को शपथ दिलाई गई। 55 स्कूलों के लगभग 800 खिलाड़ी अलग अलग स्पर्धाओं में प्रतिभाग कर रहे हैं।


**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ0रे0-मण्डल-वाणिज्य/उ0रे0 |
|---|---|
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | Parking-LKO-KHNM-MX-144-24-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09.10.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 25.10.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 25.10.2024 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | Parking-LKO-LBA-MX-145-24-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09.10.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 25.10.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 25.10.2024 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | Parking-LKO-JAIS-MX-151-24-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09.10.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 25.10.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 25.10.2024 समय 10:50 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | Parking-LKO-MME-MX-142-24-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09.10.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 25.10.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 25.10.2024 समय 11:00 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | Parking-LKO-GNG-MX-85-24-3 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09.10.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 25.10.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 25.10.2024 समय 11:10 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | Parking-LKO-LLJ-MX-146-24-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09.10.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 25.10.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 25.10.2024 समय 10:20 बजे |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3174/24


## सार-संक्षेप

### सफाई मित्रों के सम्मान में आयोजित हुआ व्याख्यान

**अमृत विचार, लखनऊ :** आरडीएसओ में 1 से 15 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी क्रम में आरडीएसओ में सोमवार को सफाई मित्रों के सम्मान में कायाकल्प और आत्म-परिवर्तन पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर आरडीएसओ के पूर्व एडीजी, यूएस पांडे ने 'सफाई मित्रों' के आत्म-विकास एवं अपनी ताकत को पहचानने के लिए प्रेरित किया। एसके बंसल, महानिदेशक (विशेष) इंजी. एवं पीएस शमी, महानिदेशक (विशेष) वेंडर विकास की अध्यक्षता में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एएम रिजवी, अपर महानिदेशक, आरडीएसओ, अमरनाथ दुबे, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी, मिताली धर, वरि. कार्मिक अधिकारी एवं आरडीएसओ के अधिकारी एवं कर्मचारी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### पांच रेलकर्मी सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** संरक्षा से जुड़े पूर्वोत्तर रेलवे के पांच कर्मचारियों को ट्रेन दुर्घटना बचाने में विशेष योगदान देने के लिये सम्मानित किया गया है। सम्मान पाने वालों में ऐशबाग डिपो की टेक्नीशियन बबिता मिश्रा भी शामिल हैं। पीआरओ महेश गुप्ता के अनुसार बीते 25 सितंबर को बबिता मिश्रा की ड्यूटी लखनऊ जंक्शन पर ट्रेन पासिंग में लगी थी। इस दौरान ट्रेन नंबर 15007 कृषक एक्सप्रेस जब स्टेशन पर आई तो उसके थर्ड एसी कोच का प्राइमरी आउटर स्प्रिंग नंबर चार टूटा हुआ मिला। इसको देखते उन्होंने पर्यवेक्षक को सूचित किया और कोच को अलग कराया। बबिता मिश्रा की सतर्कता से दुर्घटना टल गई। महमूदाबाद के स्टेशन मास्टर मृत्युंजय कुमार, लखपतनगर के स्टेशन मास्टर निकुंज कुमार, गोला गोकरननाथ से फरधान स्टेशनों के बीच ड्यूटी कर रहे निरीक्षक मुकेश कुमार सिंह व वीरेंद्र कुमार को भी सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। इस मौके पर डीआरएम आदित्य कुमार ने कर्मचारियों को सर्तकता से कार्य करने को प्रोत्साहित किया।

### भाजपा का बढ़ा कुनबा, 150 ने ली सदस्यता

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय जनता पार्टी का कुनबा लगातार बढ़ता जा रहा है। सोमवार को 150 लोगों ने सदस्यता ली। भाजपा नेता नीरज सिंह ने पश्चिम विधानसभा में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि लोगों को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के प्रति विश्वास बढ़ा है। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि 15 अक्टूबर के बाद सक्रिय सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। साथ ही निर्धारित संख्या के अनुसार लोगों को पार्टी से जोड़ने वाले कार्यकर्ताओं को सक्रिय सदस्य बनाकर सूचीबद्ध किया जाएगा। कार्यशाला में राज्यसभा सदस्य, विधायक, एमएलसी और पार्टी पदाधिकारी सम्मिलित होंगे। सदस्यता शिविर में अंजनी कुमार श्रीवास्तव, अशोक तिवारी, विजय भुर्जी, रजनी गुप्ता, सतेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



दुर्वासा आश्रम पांचाल घाट फर्रुखाबाद के ईश्वर दास महाराज का स्वागत करते भक्त।

### धर्म शिरोमणि की उपाधि से विभूषित हुए ईश्वर दास

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्राचीन संकट मोचन हनुमान मंदिर कला कोठी घाट चौक में एक शाम हनुमान जी के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राम नगरिया पीठाधीश्वर दुर्वासा आश्रम पांचाल घाट फर्रुखाबाद के ईश्वर दास महाराज का सभी भक्तों ने भव्य स्वागत किया। इस मौके पर धर्म रक्षा संघ के सदस्यों ने उन्हें धर्म शिरोमणि की उपाधि से विभूषित किया। इस अवसर पर मंदिर में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनुराग मिश्रा, पंडित नीरज अवस्थी, पंडित राजेश शुक्ल, प्रदीप कुमार वर्मा, चौक डिपो अध्यक्ष मोहित शर्मा, पंकज अवस्थी, बलदेव शर्मा, हर्षित तिवारी, पंडित उमेश पाठक, नितिन भारद्वाज, पंडित गोविंद शर्मा, पंडित श्याम शंकर द्विवेदी, पंडित शिव मूरत तिवारी, उषा अग्रवाल, कृष्णा मिश्रा, प्रिंस मिश्रा, कृष्णा शंकर शर्मा, शिवा अवस्थी, अंकुर दीक्षित और पवन निषाद आदि मौजूद रहे।

### वार्षिकोत्सव में बच्चों की मेधा से रूबरू हुए बड़े

**अमृत विचार, लखनऊ :** रूबरू एक्सप्रेस सामाजिक सेवार्थ संस्था ने अपना पांचवा वार्षिकोत्सव मनाया जिसमें उन बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी जो घर की आर्थिक परिस्थितियों के चलते स्कूल शिक्षा से दूर हैं। बॉडी के इंटरनल ऑर्गन्स, सोलर सिस्टम, बॉडी के पार्ट्स वाले पोस्टर, सोशल मीडिया के साइड इफेक्ट बताने वाली लघु नाटिका और मनोहारी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां बच्चों ने दिया। संस्था पिछले कई वर्षों से गरीब और मजदूर पेशा बच्चों को एक पार्क में खुले स्थान पर शिक्षित और प्रशिक्षित कर रही है। कल्पना वार्ष्णेय इस संस्था का संचालन कर रही हैं। कार्यक्रम में सोनी, लक्ष्मी, राधिका, महिमा ने अपने स्वागत नृत्य द्वारा सभी अतिथियों को अविभूत किया। इसके बाद बाद बच्चों ने अपनी योग्यता चार्ट के माध्यम से दर्शायी।एक के बाद एक मनमोहक क्रम में पंजाबी मुट्यारी लेकर आई स्वाती, हरियाणवी नृत्य बेटियां ने खूब पढाईयो रे राखी द्वारा, महाराष्ट्र की लावणी भवानी के लिए समर्पित परी द्वारा, गुजरात से गरबा, बच्चों की कविताएं सभी को बांधे हुए था।

### ग्रुप कमांडर ने सीएटीसी शिविर का किया दौरा

**अमृत विचार, लखनऊ :** ग्रुप कमांडर, ब्रिगेडियर नीरज पुनेठा ने सीएटीसी शिविर का दौरा किया और अनुभवों पर चर्चा करके विभिन्न एनसीसी गतिविधियों की जानकारी दी। सोमवार को लखनऊ ग्रुप कमांडर, ब्रिगेडियर नीरज पुनेठा ने 63 यूपी बटालियन एनसीसी यूनिट द्वारा 2 एमटी बटालियन एएमसी प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित सीएटीसी शिविर का दौरा किया। कैंप कमांडेंट 63 यूपी बटालियन लेफ्टिनेंट कर्नल राकेश तिवारी और सूबेदार मेजर अरविंद कुमार यादव ने स्वागत किया और कैडेटों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। ब्रिगेडियर ने यूनिट की प्रशिक्षण गतिविधियों का मूल्यांकन किया।

# बॉक्सिंग एसोसिएशन के चेयरमैन बने नीरज सिंह

▶▶ लखनऊ के अतुल अग्निहोत्री वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सहदेव सिंह समन्वय समिति के चेयरमैन बने

▶▶ मुजफ्फर नगर के विकास रुड़कीवाल होंगे एसोसिएशन के उपाध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह को उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग एसोसिएशन की विशेष आम सभा (एसजीएम) में सर्वसम्मति से चेयरमैन चुन लिया गया। इसके साथ ही कार्यकारिणी के विस्तार के साथ विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया।

रविवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में यह बैठक एसोसिएशन के अध्यक्ष अभिषेक प्रकाश (आईएएस) की अध्यक्षता में हुई। बैठक में उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ.आनन्देश्वर पाण्डेय ने नीरज सिंह को चेयरमैन बनाने का प्रस्ताव किया, जिसका पूरी कार्यकारिणी ने करतल ध्वनि से समर्थन किया। इसके पश्चात सचिव प्रमोद कुमार ने बैठक के एजेंडा की जानकारी दी और कार्यकारिणी के विस्तार व कमेटियों के गठन पर मुहर लगाई गई।



उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग एसोसिएशन की गठित की गई कार्यकारिणी के पदाधिकारी।

# 10 मूर्तिकार पत्थरों पर उकेर रहे प्रकृति का सौंदर्य

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

## शैल उत्सव

▶▶ वरिष्ठ मूर्तिकार पांडेय राजीवनयन ने की शैल उत्सव की शुरुआत



शैल उत्सव की शुरुआत करते वरिष्ठ मूर्तिकार पांडेय राजीव नयन, डॉ. वन्दना सहगल व अन्य।

**अमृत विचार :** प्रदेश के वरिष्ठ मूर्तिकार पांडेय राजीवनयन ने कहा कि हमारे जीवन में मूर्तिकला का संबंध पुरातन काल से है। इस तरह के शिविर होते रहने चाहिए। इससे आम जनमानस, नए उभरते कलाकारों व छात्रों को ऊर्जा मिलती है और बहुत कुछ सीखने को भी मिलता है। वह सोमवार को टैगोर मार्ग स्थित वास्तुकला एवं योजना संकाय में आयोजित शैल उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे।

लखनऊ विकास प्राधिकरण के सहयोग से आयोजित उत्सव में पांडेय ने पत्थर पर छेनी से उत्कीर्ण करके आठ दिवसीय अखिल भारतीय समकालीन मूर्तिकला शिविर का उद्घाटन किया। पांच राज्यों से आए 10 कलाकारों का हौसला बढ़ाया। शिविर में कलाकार पत्थरों पर प्रकृति थीम पर विचारों से कलाकृति बनाकर मूर्तियां तैयार करेंगे। लखनऊ के मूर्तिकार मुकेश वर्मा ने बताया कि वह प्रकृति के सौंदर्य और उत्पत्ति को पत्थरों में उकेंगे। इसी थीम पर मूर्तिकार ग्रिरीश पांडे काम करेंगे, जबकि लखनऊ के अजय योग संबंधित शिविलिंग तैयार करेंगे।

क्यूरेटर डॉ. वंदना सहगल ने बताया कि शिविर की तैयारी एक साल से की जा रही थी। कोऑर्डिनेटर भूपेंद्र अस्थाना ने बताया कि शिविर में कलाकार रात दिन कार्य कर प्राकृतिक विषय पर एक-एक मूर्तिशिल्प सृजित करेंगे। शिविर के अन्य सदस्य धीरज यादव, रत्नप्रिया, हर्षित सिंह, शैलेंद्र कुमार सहित कला के छात्र उपस्थित रहे।

# इरम एजुकेशनल सोसाइटी को मिलेगा डॉ. कल्बे सादिक मेमोरियल अवार्ड

**अमृत विचार, लखनऊ :** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी ओल्ड ब्वॉयज एसोसिएशन (अमूबा) लखनऊ की ओर से एएमयू के संस्थापक सर सैयद अहमद खान की 207वीं जयंती के उपलक्ष्य में 17 अक्टूबर को सर सैयद डे का परम्परागत आयोजन इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में शाम 6:30 बजे से किया जाएगा। इस अवसर पर इस वर्ष शिक्षा में उत्कृष्टता के लिए तीसरा पद्म भूषण डॉ. कल्बे सादिक मेमोरियल अवार्ड प्रतिष्ठित शिक्षाविद् डॉ. ख्वाजा मोहम्मद यूनुस द्वारा स्थापित इरम एजुकेशनल सोसाइटी को दिया जाएगा। एसोसिएशन की मानद सचिव शहला हक ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सर सैयद दिवस समारोह के मुख्य अतिथि रेलवे सुरक्षा बल के महानिदेशक एवं एएमयू के पूर्व छात्र मनोज यादव होंगे. प्रमुख विद्वान एवं अलीगढ़ तहरीक के शोधकर्ता डॉ. राहत अबरार विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे।


**कार्यालय डिप्टी रजिस्ट्रार फर्म्स, सोसाइटीज तथा चिट्स, लखनऊ मण्डल लखनऊ।**

संख्या 2772(2)/I- / लखनऊ **सार्वजनिक सूचना** दिनांक : 03.10.2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वामी देवेन्द्रानन्द गिरी शिष्य स्वामी बद्री नारायण गिरी संस्था-श्री रामजानकी विराजमान मन्दिर मठ समिति, ग्राम व पोस्ट-पहरेमऊ परगना तहसील व जिला-रायबरेली के अध्यक्ष की हैसियत से पंजीकरण हेतु सोसाइटीज रजि0 अधि0 1860 के अन्तर्गत ऑनलाइन पंजीयन शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। उक्त संस्था के स्मृति पत्र व नियमावली में निम्नलिखित पदाधिकारी व सदस्य दर्शाये गये है:-

| क्र.सं. | नाम/पिता/पति का नाम | पता | पद |
|---|---|---|---|
| 1 | स्वामी देवेन्द्रानन्द गिरि शिष्य स्वामी बद्री नारायण गिरी | ग्राम-सेरनदाजपुर डलमऊ, जिला रायबरेली | अध्यक्ष |
| 2 | स्वामी राम चौतन्य गिरि शिष्य गुरु श्री स्वामी देवेन्द्रानन्द गिरि | ग्राम-पहरेमऊ, पोस्ट-चन्दापुर, जिला रायबरेली | उपाध्यक्ष |
| 3 | सूरज पाल यादव पुत्र बद्री यादव | मोहल्ला-शिव प्रसाद गंज, पहरावा चंदापुर, जिला-रायबरेली | महामंत्री |
| 4 | स्वामी दिव्यानंद गिरि शिष्य स्वामी देवेन्द्रानन्द गिरि | ग्राम-सेरनदाजपुर डलमऊ, जिला रायबरेली | मंत्री |
| 5 | विजय पाल सिंह पुत्र श्री पाल सिंह | ग्राम-अशरफाबाद, पोस्ट-चंदापुर महाराजगंज, जिला-रायबरेली | कोषाध्यक्ष |
| 6 | राम कुमार यादव पुत्र सूरज बली यादव | मकान नं0-एफ-22/6 सी, शताब्दी इन्क्लेव बरौला सेक्टर-48, नोएडा गौतमबुद्धनगर | सदस्य |
| 7 | राम किशोर यादव पुत्र राम प्यारे यादव | ग्राम-पूरे दलजीत सिंह पोस्ट-पहरेमऊ, जिला रायबरेली | सदस्य |

उपरोक्त संस्था के पंजीकरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर इस कार्यालय को दस्तावेजी साक्ष्यों एवं फोटो युक्त नोटरी शपथ पत्र सहित आपत्ति पत्र प्रस्तुत किया जा सकता है। उपरोक्त सार्वजनिक सूचना/नोटिस सोसा0 रजि0अधि0 1860 की धारा 3(1) के परन्तु के अन्तर्गत जारी की जा रही है।

डिप्टी रजिस्ट्रार



**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा0, मंडल रेल प्रबंधक, हज़रतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ई-निविदा सूचना सं0 | 1144 वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता उत्तर रेलवे लखनऊ दिनांक 11.10.2024 |
| 2. | कार्य का नाम | महाकुंभ - 2025 के संबंध में फाफामऊ (PFM) स्टेशन पर बुनियादी सुविधाओं जैसे कवर शेड, मेला हैंगर और अन्य विद्युत संबंधित कार्य के उन्नयन हेतु विद्युतीकरण कार्य। |
| 3. | अनुमानित लागत | रू0 53,62,380.75 (तिरेपन लाख बासठ हजार तीन सौ अस्सी रूपये एवं पिचहत्तर पैसा मात्र।) |
| 4. | ई-निविदा की कीमत | शून्य |
| 5. | बयाना राशि | रू0 1,07,300 (एक लाख सात हजार तीन सौ रूपये मात्र) |
| 6. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 02 माह। |
| 7. | ई-निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 04.11.2024 को 12:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 12:00 बजे के बाद वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा0, उत्तर रेलवे, हज़रतगंज, लखनऊ के कार्यालय में। |
| 8. | प्रस्ताव की वैधता | ई-निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 9. | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |

सं0: 1144-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ दिनांक 11.10.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3161/24



**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते है। **क्र.स. 1 ई-प्रापण निविदा संख्या** :उपमु.ई.नि.-मुख्या.-जीकेपी-07-2024 दिनांक 11.10.2024 **कार्य का नाम** : पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल में गोरखपुर कैंट- वाल्मीकिनगर खंड के दोहरीकरण के संबंध में प्रभारी अभियंता द्वारा निर्देशानुसार विभिन्न स्थानों पर अनुभाग के साथ नवीनतम आरडीएसओ मानक के अनुसार गोरखपुर कैंट (सहित) वाल्मीकिनगर (छोड़कर) के बीच ट्रैक को जोड़ने, विभिन्न पीवे सामग्रियों की लोडिंग/अनलोडिंग और अन्य विविध कार्यों के साथ-साथ मशीन क्रशड स्टोन ट्रैक गिट्टी की आपूर्ति और स्टैकिंग का कार्य। **अनुमानित निविदा मुल्य:** 1221924447.44 **बयाना राशि** (रू.): 6259600.00 **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.)** : NiL **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 21(इक्कीस माह) • बिडिंग प्रारम्भ करने की तिथि-23.10.2024 • उपरोक्त ई-निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि - दिनांक 06.11.2024 15.00 बजे तक • उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि - दिनांक 06.11.2024 15.00 बजे • निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्ते वेवसाइट https://ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है। तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

**श्री रवि प्रकाश सहायक कार्यपालक इंजीनियर/निर्माण/मुख्या./गो. मो. नं. 9794844281**

उप मुख्य इंजीनियर/नि./मुख्या.,गोरखपुर

मुजाधि/डब्ल्यू-272

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें



**कार्यालयः अधिशासी अभियन्ता जोन-मु0, ऐशबाग, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

पत्रांकः- 1660/ई0ई0-मु0/एल0जे0एस0 दिनांक- 14/10/2024

**अल्प कालीन निविदा सूचना**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदाये आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनाँक 23/10/2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, जोन-मु0 कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते है। सील्ड निविदायें दिनाँक 23/10/2024 को अधिशासी अभियन्ता, जोन-मु0 के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर बाक्स से प्राप्त की जायेगीं। प्राप्त सभी निविदायें दिनाँक 23/10/2024 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे मुख्यालय के कार्यालय में खोली जायेंगी। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समययानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Reparing and painting on wall with flooring work of Finance Office Room at Head Office Aishbagh Jalkal Vibhag Nagar Nigam, Lko. | 6900.00 | Rs 400/- | 07 दिवस |

अधिशासी अभियन्ता, जोन-मु0
जलकल विभाग, नगर निगम,
लखनऊ

अप्रशस्तानि कार्याणि यो मोहादनुतिष्ठति।
स तेषां विपरिभ्रंशाद् भ्रंश्यते जीवितादपि ॥

जो मोह -माया में पड़कर अन्याय का साथ देता है, वह अपने जीवन को नरक-तुल्य बना लेता है।

## संपादकीय

# जागरूकता बढ़ाना जरूरी

वैश्विक भुखमरी सूचकांक में भारत इस वर्ष 127 देशों में 105वें नंबर पर है। इससे पता चलता है कि देश में कुपोषण की स्थिति बहुत गंभीर है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, कुपोषण का तात्पर्य किसी व्यक्ति की ऊर्जा एवं पोषक तत्व ग्रहण में कमी, अधिकता या असंतुलन से है। जबकि सूचकांक में पड़ोसी देश नेपाल 68, श्रीलंका 56 और बांग्लादेश 84वें नंबर पर हमसे आगे हैं। सिर्फ पाकिस्तान 109 वें रैंक के आधार पर हमसे भी पीछे है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स, भूख को मापने और ट्रैक करने का एक उपकरण है। यह यूरोपीय एनजीओ ऑफ कंसर्न वर्ल्डवाइड और वेल्टहंगरहिल्फ़ द्वारा तैयार किया जाता है। चिंता की बात है कि रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि इस मुद्दे से निपटने के उपायों में अधिक प्रगति के अभाव में दुनिया के कई सबसे गरीब देशों में भूख का स्तर कई दशकों तक उच्च बना रहेगा। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार भारत में पांच वर्ष से कम आयु के 35.5 प्रतिशत बच्चे स्टंटिंग के शिकार हैं। 19.3 प्रतिशत बच्चे वेस्टिंग के शिकार हैं। 32.1 प्रतिशत बच्चे अल्प-वजन के शिकार हैं। तीन प्रतिशत बच्चे अति-वजन के शिकार हैं। यह ऐसी स्थिति है जो किसी व्यक्ति के आहार में ऐसे महत्वपूर्ण पोषक तत्वों के अपर्याप्त सेवन से उत्पन्न होती है जो स्वास्थ्य, वृद्धि एवं विकास के लिए आवश्यक होते हैं। कुपोषण का मुद्दा देश में सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक भिन्नताओं के जटिल मिश्रण से जुड़ा हुआ है। कुपोषण मानव पूंजी के विकास में बाधा उत्पन्न करता है, जिससे आर्थिक और सामाजिक प्रगति की संभावना सीमित हो जाती है। कुपोषण के कारण बाल्यावस्था और वयस्कता दोनों में कार्य उत्पादकता में कमी आ सकती है, जिससे देश का समग्र आर्थिक उत्पादन प्रभावित हो सकता है। इस व्यापक समस्या की बहुमुखी प्रकृति पोषण संबंधी संकेतकों में आगे और गिरावट रोकने के लिए तत्काल ध्यान देने और समर्पित संसाधनों का निवेश करने की मांग रखती है।

हालांकि भारत ने 2000 के बाद से अपनी बाल मृत्यु दर में उल्लेखनीय रूप से सुधार किया है। इसके बाद भी बाल कुपोषण एक गंभीर मुद्दा बना हुआ है, जिसमें दुबलापन और बौनापन दोनों ही खतरनाक रूप से उच्च स्तर पर हैं। देश में कुपोषण की चुनौती से निपटने के लिए पोषण अभियान, आंगनवाड़ी कार्यक्रम, और मिड-डे मील योजना चलाई जा रही है। फिर भी कुपोषण के उन्मूलन के लिए भारत को अपनी आबादी के स्वास्थ्य एवं सेहत को प्राथमिकता देनी चाहिए तथा इसमें निवेश करना चाहिए। इसके लिए सामाजिक जागरूकता बढ़ाना भी आवश्यक है।

# किसे देनी पड़ रही है युद्ध की कीमत



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

इजराइल पंथी जेहादी लोग हमास के बारे में वही सवाल कर रहे हैं जो बहुराष्ट्रीय मीडिया कंपनियों ने रटा दिए हैं, या फिर शस्त्र उद्योग के मालिकों ने तय किए हैं। वे सवाल कर रहे हैं कि क्या हमास का समर्थन करते हो? यह सवाल ही ग़लत है। सवाल यह होना चाहिए कि क्या फिलीस्तीन जनता का समर्थन करते हो?

इन दिनों युद्ध और राजनीति में झूठ सबसे बड़ा अस्त्र है। अमेरिका-इजराइल झूठ के प्रचार अभियान को संगठित करने में माहिर हैं। याद करें वह क्षण जब अमेरिका के विदेश मंत्री कोलिन पावेल ने सुरक्षा परिषद में इराक के पास जन-संहारक अस्त्र हैं, यह सफ़ेद झूठ बोला था, सारी दुनिया को मीडिया के ज़रिए मनवा लिया गया कि इराक के पास जन-संहारक अस्त्र हैं। यह भी कहा गया कि अमेरिका के पास ठोस जासूसी सूचनाएं और उनके आधार पर उसने यह राय बनाई है। इस झूठ के विक्रेता के रुप में यहूदी और ईसाई फंडामेंटलिस्टों और उनके गिरोहों-बुद्धिजीवियों की मदद ली गई। लेकिन आज तक वे इराक़ में जन-संहारक अस्त्र खोजने में असफल रहे। लेकिन इस झूठ के अस्त्र से इराक तबाह कर दिया गया। इजराइल के द्वारा अभी तक कोई ऐसा प्रमाण पेश नहीं किया गया है हमास ने हमला कैसे? कहां से? और किस तरह युद्धास्त्र जुगाड़ करके किया?

इजराइल सिर्फ एक राष्ट्र ही नहीं बल्कि झूठ की फैक्ट्री है। दुनिया के जन-माध्यम इस फैक्ट्री के ज़रख़रीद गुलाम हैं। इजराइल-अमेरिका मिलकर सारी दुनिया को अहर्निश झूठे मसलों और झूठे प्रचार अभियान में व्यस्त रखते हैं। 7 अक्टूबर को विश्व के प्रमुख मीडिया घरानों ने हल्ला किया कि हमास ने इजराइल पर हमला किया। इसे मीडिया ने उसी तरह मुख्य खबर बनाया जैसा कि एक ज़माने में इराक़ और सद्दाम हुसैन के पास जन-संहारक अस्त्र हैं, इसे मुख्य ख़बर बनाकर सारी दुनिया को ठगा और लूटा गया। इराक पर हमला करके उसके तेल के कुओं पर क़ब्ज़ा कर लिया गया और एक सुंदर राष्ट्र को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। पचास लाख से अधिक इराक़ी शरणार्थी बना दिए गए। सारे देश पर अमेरिका-नाटो की सेनाओं का कब्जा है पर आज तक इराक़ के जन-संहारक अस्त्रों का प्रमाण अमेरिका पेश नहीं कर पाया, उलटे सुरक्षा परिषद के जांच आयोग ने पाया कि इराक के पास कोई जनसंहारक अस्त्र नहीं है।

7 अक्टूबर को विश्व मीडिया में मुख्य ख़बर आई कि हमास ने इजराइल पर मिसाइलों से हमला किया है। इस प्रसंग में पहली बात यह कि गाजा पट्टी में शासन हमास का है लेकिन उसकी पूरी नाकेबंदी इजराइल ने की हुई है। गाजा पट्टी में इस्रायली नाकेबंदी के कारण वहां कोई भी चीज दाखिल नहीं हो सकती। चप्पे-चप्पे पर इस्रायली सैनिक रहते हैं। ऐसी अवस्था में इजराइल पर हमले के लिए हमास के अत्याधुनिक मिसायलें कहां से आईं? क्या वे गाजा पट्टी में इजराइल को हथियारों -मिसायलों का कोई ज़ख़ीरा मिला? मिसाइलों के लिए गोला-बारुद गाजा पट्टी में कहां से आया? हमले किस ठिकाने से किए गए? इन सब सवालों पर मीडिया ध्यान ही नहीं दे रहा। साथ ही इजराइली पीएम से भी ये सवाल नहीं पूछे गए हैं।

इन दिनों युद्ध और राजनीति में झूठ सबसे बड़ा अस्त्र है। अमेरिका-इजराइल झूठ के प्रचार अभियान को संगठित करने में माहिर हैं। याद करें वह क्षण जब अमेरिका के विदेश मंत्री कोलिन पावेल ने सुरक्षा परिषद में इराक के पास जन-संहारक अस्त्र हैं, यह सफ़ेद झूठ बोला था, सारी दुनिया को मीडिया के ज़रिए मनवा लिया गया कि इराक के पास जन-संहारक अस्त्र हैं। यह भी कहा गया कि अमेरिका के पास ठोस जासूसी सूचनाएं और उनके आधार पर उसने यह राय बनाई है। इस झूठ के विक्रेता के रुप में यहूदी और ईसाई फंडामेंटलिस्टों और उनके गिरोहों-बुद्धिजीवियों की मदद ली गई। लेकिन आज तक वे इराक़ में जन-संहारक अस्त्र खोजने में असफल रहे। लेकिन इस झूठ के अस्त्र से इराक तबाह कर दिया गया। इजराइल के द्वारा अभी तक कोई ऐसा प्रमाण पेश नहीं किया गया है हमास ने हमला कैसे? कहां से? और किस तरह युद्धास्त्र जुगाड़ करके किया?

7 अक्टूबर से आज तक इजराइल ने गाजा पट्टी पर अंधाधुंध बमबारी करके अकल्पनीय मानवीय तबाही मचाई है। लेकिन वे सामान्य सी बात नहीं बता पाए कि हमास के पास हथियार कैसे आए और हमला कहां से किया गया? इजराइल लगातार ईरान, फ़िलिस्तीन और हमास के ख़िलाफ़ झूठ का प्रचार करता रहा है। इस प्रचार अभियान में ईसाई और यहूदी गैंग सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। तथ्य गवाह हैं कि विगत 75 साल में इजराइल ने फिलीस्तीनियों के ख़िलाफ़ बर्बर और जनसंहारक कार्रवाईयां की हैं। इनमें हज़ारों फ़िलिस्तीनियों की हत्या की गई और लाखों को शरणार्थी जीवन जीने के लिए मजबूर किया है।

विगत 7 अक्टूबर 2023 से शुरु किया हमास का 'अल-अक्सा फ्लड ऑपरेशन' विश्व मीडिया के प्रौपेगैंडा का सबसे बड़ा अस्त्र है। इसका लक्ष्य है इजराइल की बर्बरता-नृशंसता को वैधता प्रदान करना। मीडिया ने इस ऑपरेशन के बारे में बड़े ही नाटकीय और हाहाकार मचाने वाली शैली में यह दर्शाने की कोशिश की है कि इजराइल पीड़ित है, निर्दोष है। सभ्य है। इस फ्रेमवर्क में धड़ाधड़ मीडिया सामग्री परोसी जा रही है। यह प्रचार बुनियादी तौर पर गलत है।

असल में पीड़ित तो फिलीस्तीनी हैं। वे विगत 75सालों से इजराइली बर्बरता और कई जनसंहार के शिकार हुए हैं। इजराइल सभ्य राष्ट्र नहीं है। मीडिया के विभिन्न घरानों के फुटेज जहां नरेटिव में इजराइली कहानी बता रहे हैं वहीं साथ ही फिलीस्तीनियों का नष्ट संसार भी दर्शा रहे हैं। बार-बार यह बात सामने आ रही है कि गाजा पट्टी में नागरिकों और रिहायशी बस्तियों पर बमबारी हो रही है। इसके साथ ही मीडिया के ज़रिए राजनीतिक ध्रुवीकरण और डिस-इनफॉर्मेशन अभियान भी चल रहा है। लेकिन इस युद्ध की क़ीमत किसे देनी पड़ रही है। युद्ध की क़ीमत फिलीस्तीन की जनता को देनी पड़ रही है।

फिलीस्तीन को लेकर हमारी जो विदेश नीति रही है। उसमें द्वि-राष्ट्र का सिद्धांत केन्द्र में रहा है। इसके अनुसार इजराइल और फिलीस्तीन दो राष्ट्र हैं। हमास इसे नहीं मानता। हमास तो फिलीस्तीन और इजराइल को मिलाकर विशाल इस्लामिक राष्ट्र बनाने की वकालत करता रहा है। भारत ने कभी इस धारणा को समर्थन नहीं दिया। दूसरी ओर अमेरिका-इजराइल नियंत्रित मीडिया कवरेज की विशेषता यह है उसमें जितने फ़ुटेज पत्रकारों के डिस्पैच के साथ आए हैं उनमें इजराइल के प्रति सहानुभूति पैदा करने की कोशिश की गई है। जबकि हक़ीक़त में इजराइल सहानुभूति का हक़दार नहीं है। इजराइल के प्रति मीडियाजनित सहानुभूति को इजराइल के यहूदी कट्टरपंथी शासक अपने हितों की रक्षा के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं।

इजराइल पंथी जेहादी लोग हमास के बारे में वही सवाल कर रहे हैं जो बहुराष्ट्रीय मीडिया कंपनियों ने रटा दिए हैं, या फिर शस्त्र उद्योग के मालिकों ने तय किए हैं। वे सवाल कर रहे हैं कि क्या हमास का समर्थन करते हो? यह सवाल ही ग़लत है। सवाल यह होना चाहिए कि क्या फिलीस्तीन जनता का समर्थन करते हो?

फिलीस्तीन जनता एक ओर इजराइल के जुल्म की शिकार है वहीं दूसरी ओर गाजा पट्टी में हमास के चरमपंथ की क़ैद में है। फिलीस्तीनी जनता लोकतंत्र-धर्मनिरपेक्ष फिलीस्तीन राष्ट्र चाहती है। हमास उसकी पसंद नहीं है बल्कि हमास तो इजराइल-अमेरिका की सृष्टि है। हमास को फिलीस्तीन संघर्ष ने पैदा नहीं किया बल्कि हमास का जन्म फिलीस्तीन मुक्ति संघर्ष को नष्ट करने के लिए हुआ था। आज फिलीस्तीन की जनता दोनों ओर से परेशान और उत्पीड़ित है एक ओर चरमपंथी हैं दूसरी ओर इजराइल की फ़ासिस्ट सरकार है।

## प्रसंगवश

# भारतीय गौरवगान के ध्वजवाहक का जाना

रतन टाटा महज उद्यमी नहीं थे। वे दुनिया में भारतीय उद्यमिता और समग्र भारतीय गौरवगान के ध्वजवाहक थे। देश की पहली अपनी कार बनाने, बिना सरकारी मदद के पहला सुपर कंप्यूटर बनाकर दुनिया में छा जाने से लेकर दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी चाय कंपनी खरीदने जैसे गर्व के पल देने वाले रतन टाटा के निधन से भारतीय मेधा की अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने टाटा समूह की श्रेष्ठ परंपराओं का अनुपालन करते हुए दुनिया में स्वाभिमान के साथ भारतीय उद्यमिता का परचम लहराया। वे आम आदमी की चिंताओं को समझने वाले उद्यमी थे। 1995 में रतन टाटा टाटा समूह और टाटा मोटर्स के अध्यक्ष थे और उन्होंने एक पूर्ण भारतीय कार 'इंडिका' बनाने का एलान कर दिया। वस्तुतः इस कार का नाम, इंडिका, देश के प्रति गर्व की अनुभूति करने वाला था। 'इंडिका' को चमकदार डिजाइन के साथ भारतीय परिवारों के लिए पर्याप्त स्थान सृजित करने की रतन टाटा की चुनौती का सामना भी करना था और इसमें सफलता भी मिली। टाटा इंडिका का उत्पादन शुरू हुआ तो रतन टाटा स्वयं उस पर नज़र रख रहे थे। जबर्दस्त मांग के साथ 1998 में 'इंडिका' बाजार में उतरते ही छा तो गई किंतु कई समस्याएं भी सामने आईं। इनसे निपटने के लिए एक बार फिर रतन टाटा सामने आए और तत्काल आवश्यक सुधारों के कंपनी के प्रयासों को अपनी देखरेख में मूर्त रूप दिया। उनकी मेहनत सफल हुई और पुरानी इंडिका की सभी समस्याओं का समाधान कर वर्ष 2001 में एक नई, मजबूत इंडिका सामने आई। अब 'हर कार में कुछ ज्यादा और 18 महीने से भी कम समय में एक लाख कारें बेचकर यह भारतीय इतिहास में सबसे तेज बिकने वाली कार बन गई थी। विख्यात लेखक हरीश भट की किताब टाटा स्टोरीज़ में रतन टाटा ने कहा था, 'मेरी मजबूत धारणा थी कि हमारे इंजीनियर अंतरिक्ष में उपग्रह भेज सकते हैं, तो अपनी कार भी बना सकते हैं। ...और जब हमने यह चुनौती स्वीकार की, हम बाहर निकले और जहां से भी जरूरी लगा, विशेषज्ञता अर्जित की। इस कार में जो भी था, हमारा था। इस कारण मेरे लिए इंडिका एक राष्ट्रीय उपलब्धि का महत्वपूर्ण पल भी बनी।'



डॉ. संजीव मिश्र
कानपुर

रतन टाटा देशभक्ति के इसी भाव के साथ हर कदम पर आगे बढ़े। इक्कीसवीं सदी को भारत की सदी बताए जाने के बावजूद दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से 2007 तक, भारत के पास आईबीएम द्वारा विकसित डीप ब्ल्यू जैसा सुपर कंप्यूटर नहीं था, जिसने विश्व शतरंज चैंपियन गैरी कास्पोरोव को पराजित कर दिया था। यह शतरंज के बोर्ड पर संभावित 20 करोड़ स्थितियों का आंकलन एक सेकंड में कर सकता था। कुछ वर्ष बाद एक बार फिर आईबीएम द्वारा बनाए गए सुपर कंप्यूटर वाट्सन ने मनुष्यों के खिलाफ कठिन मुकाबले जीतने भी शुरू कर दिए। 1991 में बना भारत का पहला सुपर कंप्यूटर परम इस क्षेत्र के शीर्ष का हिस्सा कभी नहीं बन सका। रतन टाटा के नेतृत्व में टाटा समूह ने अब अपना, सबसे सशक्त सुपर कंप्यूटर बनाने की ठान ली थी। तय हुआ कि सुपर कंप्यूटर बनाया जाएगा और उसका नाम होगा 'एका', संस्कृत में जिसका अर्थ है, एक। यह नाम पहले स्थान पर रहने की इच्छाशक्ति का द्योतक था। संस्कृत शब्द के चयन के पीछे इस परियोजना में छिपा राष्ट्रीय गौरव का भाव मूल कारण था। समय के साथ यह सुपर कंप्यूटर 'एका' बनकर तैयार हुआ और 6 नवंबर 2007 में दुनिया भर के सुपर कंप्यूटर्स की रैंकिंग में चौथे स्थान से 'एका' ने एंट्री मारी। दुनिया की शीर्ष कंपनियों को खरीदकर भारतीय उद्यमिता का परचम लहराने के लिए भी रतन टाटा याद किए जाएंगे। चाय भले ही हर भारतीय की आत्मा में बसती हो, किंतु दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी चाय कंपनी खरीद कर रतन टाटा ने पूरी दुनिया में डंका बजाया था। दरअसल टाटा समूह ने दुनिया के दूसरे सबसे बड़े टी बैग उत्पादक टेटली टी को खरीदने की पहली कोशिश 1990 में की थी और 1995 में तो टाटा समूह की एक शीर्ष टीम अधिग्रहण को मूर्त रूप देने लंदन भी पहुंच गई थी, किंतु तब बात नहीं बनी। रतन टाटा के नेतृत्व का ही करिश्मा था कि अंततः 2000 में यह चाय कंपनी टाटा की हुई और 27.1 करोड़ ब्रिटिश पौंड में हुआ टेटली टी को खरीदने का सौदा दुनिया भर के अखबारों की सुर्खियां बना। यह भारतीय कारपोरेट इतिहास का सबसे बड़ा अधिग्रहण था। टाटा समूह ने एक बार फिर इतिहास गढ़ा था।

# सतत ऊर्जा का खजाना है जैव ईंधन



सीमा अग्रवाल
देहरादून

ऊर्जा के और विशेष तौर पर नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की तलाश और विकास बेहद जरूरी है और विशेषज्ञ ऐसी स्थिति में जैव ईंधन को एक बेहतर विकल्प के रूप में देखते हैं।

जैव ईंधन ऐसे नवीकरणीय ऊर्जा भंडार है जो जैविक सामग्री जैसे कृषि फसलें, अवशेष, पशु वसा और कचरे से उत्पन्न होते हैं। विशेषज्ञ बताते हैं कि ऐसे तो बायोफ्यूल कई श्रेणियों में मिलते है लेकिन एथनॉल जिसका उत्पादन गन्ना, मक्का या अन्य स्टार्चयुक्त फसलों से किया जाता है और बायोडीजल जिसको पशुवसा, वनस्पति तेलों या शैवालो से बनाया जाता है सबसे आम जैव ईंधन है। पिछले कुछ वर्षों में इनका उत्पादन और उपयोग वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ा है। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा फोरम के आंकड़े बताते है कि वर्ष 2030 तक वैश्विक स्तर पर जैव ईंधन की मांग 200 बिलियन लीटर तक हो जाएगी।

रिसर्च से ज्ञात हुआ है कि जैव ईंधन को पारंपरिक जीवाश्म ईंधन जैसे पेट्रोल और डीजल के साथ मिलाकर प्रयोग करने से कार्बन उत्सर्जन कम होता है जो बढ़ते वैश्विक तापन और जलवायु परिवर्तन को रोकने का अच्छा साधन है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार ने वर्ष 2018 में राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति बनाई जिसमे वर्ष 2025-26 तक पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण (ब्लेंडिंग) का और डीजल में वर्ष 2030 तक 5 प्रतिशत बॉयोडीजल मिश्रण का लक्ष्य रखा। सरकार का अनुमान है कि इससे जीवाश्म ईंधन का आयात कम होगा और विदेशी मुद्रा कोष का संचय भी किया जा सकेगा। वर्ष 2013-14 में भारत 38 करोड़ लीटर एथेनॉल की आपूर्ति ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को करता था जो वर्ष 2023 तक आते आते 13 गुना बढ़ गया और वर्ष 2022-23 में भारत ने 502 करोड़ लीटर एथेनॉल की आपूर्ति तेल कंपनियों को की जिससे तेल के आयात पर होने वाले लगभग 24300 करोड़ की विदेशी मुद्रा बचाई जा सकी।

फरवरी 2024 में अंतराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने इलेक्ट्रिसिटी 2025 नाम से एक रिपोर्ट प्रकाशित की जिसमे कहा गया कि वर्ष 2023 तक भारत की बिजली की मांग सात प्रतिशतबढ़ चुकी है और अभी आगे इसी तरह से बढ़ते हुए वर्ष 2026 तक चीन को पार करके आगे निकल जाएगी। ऐसी स्थिति में ऊर्जा के और विशेष तौर पर नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की तलाश और विकास बेहद जरूरी है और विशेषज्ञ ऐसी स्थिति में जैव ईंधन को एक बेहतर विकल्प के रूप में देखते हैं। जानकारों का मत है कि भारत जैसे कृषि प्रधान देश और पर्यावरण के प्रति चिंतित देश के लिए जैव ईंधन प्रयोग के कई लाभ होगें पहला तो बायो फ्यूल ग्रीन हाऊस गैस उत्सर्जन को कम कर देगा। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम द्वारा किये गए एक अध्ययन से पता चला है कि बायोफ्यूल पारंपरिक जीवश्म ईधनों की तुलना में ग्रीन हाऊस गैस उत्सर्जन को 90 प्रतिशत तक कम कर सकते है।

उदाहरण के लिए बायोडीजल पेट्रोलियम डीजल की तुलना में लगभग 78 प्रतिशत कम कार्बन डाई ऑक्साइड उत्सर्जित करता है जबकि एथेनॉल कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को 40-50 प्रतिशत तक कम कर सकता है। कार्बन डाई ऑक्साइड के उत्सर्जन में निरंतर गिरावट होने से भारत वर्ष 2070 तक अपने नेट जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल कर सकेगा।

गौरतलब है कि जैव ईंधन प्रयोग से किसानों की आय में बढ़ोत्तरी होगी और सरकार को किसानों की आय दुगुनी करने के लक्ष्य को पूरा करने में सफलता मिलेगी। बायोफ्यूल के इस्तेमाल से वनरोपण में इजाफा होगा और सतत कृषि करने की शुरुवात होगी जिससे जैव विविधता का संरक्षण होगा और तेजी से हो रहा प्रजातियों का विलुप्तीकरण रुकेगा।

जैव ईंधन के प्रयोग से वायु प्रदूषण में भी कमी आएगी रिसर्च बताती है कि जैव ईंधन के दहन से सल्फर डाई ऑक्साइड, पार्टिकुलेट मेटर आदि प्रदूषकों का उत्सर्जन बहुत कम होता है इससे शहरी क्षेत्रों की वायु गुणवत्ता सुधारी जा सकती है।

जैव ईंधन के प्रयोग में तमाम चुनौतियों को देखते हुए विश्व की सभी सरकारें अंतराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर इन चुनौतियों से लड़ने को नई नीतियों, संगठनों और कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है इनमे वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन (जी.बी.ए) उल्लेखनीय है जिसे भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान अक्टूबर 2003 में बनाया गया। यह गठबंधन अमेरिका, ब्राजील और भारत जैसे प्रमुख जैव ईंधन उत्पादक एवं उपभोक्ता देशों को एक साथ लाया है तथा 19 देश और 12 अंतर्राष्ट्रीय संगठन जी.बी.ए में शामिल होने की सहमति जता चुके हैं। अब देखना यह होगा कि भारत की अध्यक्षता में बना यह संगठन जैव ईंधन उत्पादन एवम विकास में आने वाली तमाम चुनोतियों को हल करके बायो फ्यूल को सतत ऊर्जा का खजाना बना पाएगा या नहीं।

## सोशल फोरम

# जीवन यापन की व्यवस्था

हमारे देश में जीवनयापन की तीन व्यवस्था उपलब्ध है-संयुक्त परिवार, एकल परिवार तथा एकाकी जीवन। संयुक्त परिवार जीवनयापन की अत्यंत सुरक्षित और सुविचारित व्यवस्था है, नुकसान कम-फायदे अधिक। जबकि एकल परिवार में रहना चुनौतीपूर्ण होता है, बेशक जिम्मेदारियां कम रहती हैं लेकिन संकट आने पर सहारे भी कम हो जाते हैं। वहीं पर एकाकी जीवन वह विकल्प है जिसमें मनुष्य अपनी शैली में जीता है, जो चाहता है- करता है और जो नहीं चाहता उसे न करने के लिए स्वतंत्र रहता है। यह शैली पारिवारिक दायित्वों से मुक्त रहती है और अक्सर सामाजिक दायित्वों से जुड़ती है। मुझे 37 वर्षों तक संयुक्त परिवार में रहने का अवसर मिला, उसके पश्चात अब तक एकल परिवार में हूं। मैंने संयुक्त परिवार में अपने जीवन का सर्वाधिक समय बिताया जिसमें मुझे निम्न कमियां नज़र आईं-मनुष्य को अपनी क्षमता और प्रतिभा को विकसित करने के अवसर कम मिलते हैं। जो भी उम्र में बड़ा होता है वह अपने निर्णय को लागू करवाने के लिए प्राधिकृत होता है, कम उम्र वालों की बात नहीं सुनी/मानी जाती। जिसके हाथ में परिवार का आर्थिक नियंत्रण रहता है वह अप्रत्यक्ष रूप से 'अपने एकल परिवार' की व्यवस्था बनाता है और संयुक्त परिवार के अन्य सदस्यों के हितों की उपेक्षा करता है।



द्वारिका प्रसाद अग्रवाल
वरिष्ठ लेखक, बिलासपुर

जीवनयापन करना कोई कठिन बात नहीं है, जिसने पेट दिया है- वह उसे भरेगा भी! कोई भी मनुष्य जीवन को यूं ही नहीं जीना चाहता। सबके अलग-अलग सपने होते हैं, लक्ष्य होते हैं, अभिलाषाएं होती हैं जिन्हें हासिल करने के लिए वह कोशिश करना चाहता है- हासिल हो, न हो! मैं परिवार से मिल-जुल कर जीना चाहता था जिसमें मेरी खुशियां भी साथ में रहना और जीना चाहती थी। अंततः समझ में यह आया कि यदि अपनी मस्ती में जीना चाहते हो, स्वतंत्र होकर रहना चाहते हो तो संयुक्त परिवार आपके लिए सही 'प्लेटफार्म' नहीं है, उससे अलग हो जाना चाहिए। अगर सार्वजनिक जीवन जीना चाहते है तो 'परिवार व्यवस्था' से ही दूर हो जाना चाहिए जैसा साधु-संन्यासी या सेवाभावी करते हैं।

-फेसबुक वॉल से

# भाषा-बोली के बारे में

'हरि अनंत हरि कथा अनंता' की भांति भाषा-बोली की कथाएं भी अनंत है। 'कोस-कोस पर पानी बदलेः चार कोस पर बानी', वाले भारत में तो इनकी कथाएं अनंत से भी अधिक हैं। जैसे कुदरत के खेल निराले होते हैं, वैसे ही भाषा के बोल निराले होते हैं। किसी भी भाषा या बोली के किसी शब्द विशेष की विचिकित्सा एवं विश्लेषण में बुद्धि भी प्रखर बनती है और अनिर्वचनीय आनंद की भी प्राप्ति होती है।

हमें ज्ञान प्रदान कराने वाली सभी भाषाएं शिशुओं को स्तनपान कराने वाली माताओं के समान हैं। हमें सभी भाषाओं का सम्मान करना चाहिए, भले ही वह हमारे वैचारिक या सांस्कृतिक विरोधी की ही भाषा क्यों न हो।

हर भाषा के शब्दों में यत्किंचित विलक्षणता पाई जाती है। हम हिंदी के 'राम' शब्द को ही लें। 'र' और 'म' मात्र दो अक्षरों से बनने वाले, 'राम' शब्द का उपयोग ईश्वर के नाम या भगवान के पर्यायवाची, 'राम' के रूप में हो, संबोधन-अभिवादन के अर्थ में, 'राम-राम' के रूप में हो, संसार की नश्वरतासूचक अंतिम उद्बोधनस्वरूप, 'राम नाम सत्य' नामक उद्घोष के रूप में हो, 'रमता जोगी' की कहावत के रूप में हो, अथवा 'रमा' के रूप में हो, हर रूप में रम्य है। यह शब्द की रम्यता-कम्यता किसी भी भाषा के समान ध्वनि सूचक शब्द से नहीं की जा सकती। इसी प्रकार अन्य भाषाओं में अनेक ऐसे शब्द हो सकते हैं, जिनकी विलक्षणताएं दूसरी भाषाओं के उसी ध्वनि-साम्य के शब्दों में नहीं खोजी जा सकती। उदाहरण के लिए, उर्दू के शब्द, 'चाहिए' को देखना चाहिए। 'चाहिए' शब्द 'चाह', जिसे हिंदी में,' इच्छा' 'आकांक्षा' या फिर 'आवश्यकता' और इंग्लिश में 'वान्ट' 'लांग' या फिर 'नीड' कह सकते हैं, से बना है। जब हम कहते हैं, 'आपको कार्यक्रम में जाना चाहिए', तो इसका भावार्थ यह होता है, कि लोग चाहते हैं कि उस कार्यक्रम में आपकी उपस्थिति हो, वहां आपका पहुंचना लोगों की चाहत है, आपका वहां पहुंचना लोगों को अच्छा लगेगा, जब तक आप नहीं पहुंचेंगे कार्यक्रम में कमी बनी रहेगी तथा कार्यक्रम मंश या कार्यक्रम को आपकी जरूरत है इत्यादि-इत्यादि। 'चाहिए' के आकर्षण के कारण ही इसे हिंदी वाले भी अपना कंठहार बनाए हुए हैं। यह शब्द हिंदी में इतना घुल-मिल गया है, कि इस अकेले शब्द को हिंदी-प्रयोग से निकाल दिया जाए, तो हिंदी का संपूर्ण कार्य-निष्पादन अपूरणीय क्षति तक बाधित हो जाएगा। इसी प्रकार उर्दू का ही शब्द, 'हालांकि' है। इसे हिंदी में 'यद्यपि' तथा इंग्लिश में 'आलदो' कहते हैं, पर जितनी आनंददायक विलक्षणता 'हालांकि' में है,उतनी अन्य किसी में नहीं है। हालांकि 'आलदो' की तुलना में 'यद्यपि' (यदि+अपि) भी अधिक विलक्षण है। 'हालांकि' में समाहित भावगत विलक्षणता को देखिए-यह शब्द एक अक्षर वाले, 'हां', 'ला' तथा 'कि' शब्दों से बना है। इन तीनों ही एकाक्षर शब्दों के भिन्न-भिन्न विलक्षण अर्थ हैं। 'हां' सकारात्मकता तथा 'ला' नकारात्मकता सूचक है। (उर्दू में 'ना' के लिए,'ला' शब्द आता है। लामकां, लापता इत्यादि) और 'कि' शब्द से बात शुरू की जाती है। वार्तालाप में 'हालांकि' शब्द का प्रयोग (भी) उस विचित्र स्थिति में किया जाता है, जब बात को कहने की जरूरत होती है, पर कहते हुए बनता भी नहीं है और अंततः बात को 'कि' से शुरू भी करना पड़ता है।



ओम प्रकाश मंजुल
पूरनपुर, पीलीभीत

# सूचना के अधिकार का प्रचार-प्रसार

सूचना अधिकार अधिनियम को लागू हुई इसी माह में 19 वर्ष हो चुके हैं, जिसके माध्यम से आम जनता को सरकारी/अर्द्ध सरकारी विभागों से आवश्यक जानकारियां, जनहित की जानकारियां एवं भ्रष्टाचार को उजागर करने में महत्वपूर्ण सूचनाएं प्राप्त होती रही हैं। सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के माध्यम से तमाम आरटीआई कार्यकर्ताओं ने जहां जनहित के मुद्दे उठाकर एवं विभागों से अलग-अलग तरीके के भ्रष्टाचार की पोल खोली है, वहीं दुर्भाग्य से कुछ हमारे आरटीआई कार्यकर्ता सूचना अधिकार के माध्यम से प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से ब्लैकमेलिंग करते हुए गैरकानूनी आमदनी भी कर रहे हैं, जिसे किसी भी दिशा में उचित एवं स्वीकार योग्य नहीं कहा जा सकता।

हाल में ही उत्तराखंड के राज्यपाल द्वारा लोक सूचना अधिकारी एवं अपील अधिकारियों को राजभवन में सम्मानित किया गया। जनहित के मामले उठाने वाले, आरटीआई कार्यकर्ताओं को सम्मानित किए जाने से चाहिए जहां एक ओर कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ेगा वहीं दूसरी ओर ईमानदार कार्यकर्ता जोर-शोर से जनहित के मामले उजागर करने में अपनी सक्रियता दिखाएंगे।

आज आवश्यकता इस बात है कि हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट के पाठ्यक्रम में सूचना अधिकार अधिनियम 2005 की विषय वस्तु को शामिल किया जाए। युवाओं को इसके बारे में जानकारी दी जाए, ग्रामीण क्षेत्रों में इसका प्रचार प्रसार किया जाए, ताकि सूचना अधिकार अधिनियम 2005 ,जिस उद्देश्य के लिए लागू किया गया, धरातल पर वह अपने उद्देश्यों और अपने दायित्व के प्रति सफल साबित हो सके। हम सब जानते हैं कि सूचनाओं का आदान-प्रदान आवश्यक है, इससे जवाब देय और जिम्मेवार व ईमानदार शासन प्रशासन की स्थापना होती है। तमाम सरकारी अधिकारी और कर्मचारी ईमानदारी के साथ जिम्मेदारी के साथ जहां कार्य करते हैं, वहीं सरकारी कागजों पपत्रों का रखरखाव भी व्यवस्थित तरीके से संपन्न होता है। जरूरी है कि सूचना अधिकार का प्रचार/प्रसार ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष वरीयता के साथ किया जाए।



डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी
हल्द्वानी

# कासगंज के परिवार ने विधान भवन के सामने खुद पर छिड़का पेट्रोल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- इ्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने पकड़ा
- हत्या के मामले में परिवार के दो लोगों को फंसाकर जेल भेजने का आरोप
- पैरवी करने पर पुलिस ने धमकाया, दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार:** कासगंज से आए एक परिवार के सदस्यों ने दुधमुंहे बच्चे के साथ सोमवार दोपहर बाद विधानभवन के सामने आत्मदाह का प्रयास किया।

तीन बच्चों समेत खुद पर पेट्रोल छिड़क लिया, ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें पकड़ कर हजरतगंज कोतवाली भेजा। पीड़ित का आरोप है कि सोनपाडा पुलिस ने भाई और भतीजे को हत्या के मामले फंसाकर जेल भेज दिया है। पैरवी करने पर पुलिस उन्हें प्रताड़ित कर रही है। उनके खिलाफ भी रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

विधानभवन गेट नंबर-7 के सामने सोमवार दोपहर करीब 2:55 बजे कासगंज के थाना सोनपाडा ग्राम अजीत नगर निवासी संजीव सोलंकी (35) परिवार के शशि (43), अंजली (23), नेहा (24) तीन मासूम बच्चों, निष्ठा, अखंड, अयांशी, नेहा के साथ पहुंच गए। सतीश ने बोतल से बच्चों, महिलाओं और खुद पर पेट्रोल छिड़क लिया। यह देख सुरक्षा कर्मियों ने समय रहते युवक और उसके परिवार को दबोच लिया। पुलिस ने सभी को हजरतगंज कोतवाली भेज दिया।

पीड़ित संजीव ने बताया कि दिसंबर 2023 में थाना क्षेत्र के ग्राम नगला गुलू में अभिषेक की चाकू से गोद कर हत्या कर दी गई थी। इस बीच निलंबित चल रहे इंस्पेक्टर वीरेंद्र प्रताप को थाना सोनपाडा का चार्ज दे दिया गया।

आरोप है कि थाना प्रभारी ने पीड़ित के भाई आशीष और भतीजे अतुल को हत्या में मुख्य आरोपी बनाकर जेल भेज दिया। अतुल की जमानत हो गई, लेकिन आशीष अभी जेल में है।

पीड़ित का कहना है कि उसके भाई निर्दोष हैं। आरोप है कि भाई और भतीजे को टॉर्चर किया, एनकांउटर की धमकी देकर तत्कालीन एसपी कासगंज के सामने मनगढ़ंत बयान करवाए। इसकी शिकायत पीड़ित ने एडीजी आगरा जोन से की थी। आरोप है कि थाना प्रभारी ने पीड़ित परिवार पर वादी को धमकाने और असलहा दिखाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर ली। पीड़ित परिवार ने मुख्यमंत्री से मामले में न्याय की गुहार लगाई है। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि पीड़ित परिवार को पुलिस सुरक्षा में कासगंज भेज दिया गया है।

### दो अन्य लोगों को भी फंसाया था हत्या के आरोप में

पीड़ित परिजन ने बताया कि थाना प्रभारी ने पूर्व में सतीश और ओमवीर को अभिषेक की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया था। सतीश की तबीयत खराब होने पर थाना प्रभारी ने सतीश को छोड़ दिया था। जबकि ओमवीर को जेल भेज दिया है।

## लखनऊ आउटर में 32 सड़कें खतरनाक

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ के आउटर पर बने सड़क मार्ग खतरनाक साबित हो रहे हैं। इन मार्गों पर आये दिन सड़क हादसे हो रहे हैं।अंधा मोड़, घुमावदार रास्ता, तिराहा-चौराहा, सर्विस लेन आदि यह ऐसे स्थान हैं, जहां अक्सर सड़क हादसे हो रहे हैं। हादसे की वजह ओवर स्पीडिंग और आपस में रेस ड्राइविंग हैं। ऐसे हादसों में लोग गंभीर रूप से घायल हो रहे हैं। इन जगहों को ब्लैक स्पॉट घोषित तो नहीं किया गया है। लेकिन ऐसे स्थानों को खतरनाक श्रेणी में दर्ज किया गया है। इस मामले की एक रिपोर्ट आईआईटी दिल्ली ने परिवहन विभाग को सौंपी है। अब इस रिपोर्ट के आधार पर लोक निर्माण विभाग सुधार की दिशा में जल्द काम शुरू करेगा।

कई जगहों पर निर्माणाधीन कार्यों की रिपोर्ट पीडब्ल्यूडी ने तैयार की है, जहां सुधार के दिशा में अंतिम दौर में काम चल रहा है। लखनऊ में 32 सड़क मार्ग लखनऊ के आउटर पर बने सड़क मार्ग खतरनाक हैं। इन रास्तों पर आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। ऐसे 32 स्थान बीते वर्ष चिन्हित किए गए थे।

इन जगहों पर पीडब्ल्यूडी सुधार की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। इनमें चिनहट, कमता, शहीद पथ, पकरी का पुल, पारा, कृष्णानगर, अलीगंज, गाजीपुर, मवैया, गौतमपल्ली, प्रयाग चौराहा, 1090 आदि स्थान शामिल हैं। इन जगहों पर डिवाइडर बनेंगे और यहां दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र घोषित किए जाएंगे।

## धार्मिक भावनाएं भड़काने में गिरफ्तार

**अमृत विचार, हरदोई:** सोशल मीडिया पर ठाकुर रामजी के नाम से अकाउंट बना कर उससे धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाला आरोपी पुलिस की गिरफ्त में है। साइबर थाने और बेहटा गोकुल पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया। सोशल मीडिया पर ठाकुर रामजी के नाम से बनाए गए अकाउंट से धार्मिक भावनाओं को भड़काया गया। एसपी नीरज कुमार जादौन ने साइबर थाना प्रभारी वहीद अहमद को आरोपी को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए।

# क्रॉप कटिंग के आंकड़े गड़बड़, फंस गया क्लेम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 70 जिलों में रबी 2023-24 के आंकड़ों का नहीं हुआ परीक्षण
- सीसीई एग्री एप की क्रॉप कटिंग में वजन निकला कम

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री फसल बीमा के तहत रबी 2023-24 की अधिसूचित फसलों की क्षतिपूर्ति यानी फसल नुकसान का क्लेम फंस गया है। कृषि विभाग को क्रॉप कटिंग के आंकड़ों की जांच करने पर शामली, बागपत, मैनपुरी, कानपुर देहात व मऊ को छोड़कर अन्य 70 जिलों में गलत मिले हैं। जो एनपीसीआई पोर्टल पर बिना परीक्षण के स्वीकृत करके अपलोड किए गए हैं।

प्रदेश में रबी 2023-24 की अधिसूचित फसलों की उपज का आकलन यानी क्रॉप कटिंग सीसीई एग्री एप से की गई थी। इस दौरान खेतों पर निकला उपज का हरा वजन जिला प्रशासन द्वारा स्वीकृत करके एनसीआईपी पोर्टल पर अपलोड किया गया था। इसकी कृषि विभाग ने जांच की तो अपलोड हरा वजन के आंकड़े 70 जिलों में गलत प्रतीत पाए। जो जिला प्रशासन द्वारा बिना परीक्षण के स्वीकृत किए गए हैं। जबकि सरकार के स्पष्ट निर्देश हैं कि क्रॉप कटिंग के दौरान उपज का हरा वजन परीक्षण करके ही स्वीकृत किया जाए।

प्रशासन स्तर पर हुई इस लापरवाही से केंद्र व राज्य सरकार बीमा योजना के तहत प्रभावित किसानों के लिए क्षतिपूर्ति का निर्धारण नहीं कर पा रही है। इस पर निदेशक कृषि सांख्यिकी व फसल बीमा सुमिता सिंह ने संबंधित जिलों के सांख्यिकीय विभाग के अधिकारियों को चेतावनी देकर खरीफ 2024 की फसल में आंकड़े परीक्षण कराकर स्वीकृत करने को पत्र जारी किया है। हालांकि इस संबंध में उनका पक्ष जानना चाहा तो संपर्क नहीं हो सका।

## खेत और तालाब योजना में स्प्रिंकलर पड़े भारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- योजना में स्प्रिंकलर की बाध्यता से अधर में लक्ष्य
- 49 तालाब लक्ष्य के सापेक्ष दो का हुआ पंजीयन

**अमृत विचार :** जिले में जल संचयन के लिए संचालित भूमि संरक्षण विभाग की खेत-तालाब योजना अधर में है। मलिहाबाद को छोड़कर अन्य विकास खंड क्षेत्र में जलस्तर ठीक होने के कारण 49 तालाब निर्माण के लिए महज दो किसानों ने पंजीयन कराया है।

मलिहाबाद की बात करें तो बागवनी क्षेत्र होने के कारण वहां तालाब की उपयोगिता नहीं है। इस वजह से लक्ष्य की पूर्ति नहीं हो पाई है। वजह यह भी है कि इस वर्ष चयनित किसानों को तालाब निर्माण के साथ खेतों पर सिंचाई के लिए उद्यान विभाग के स्प्रिंकलर खरीदकर लगाना है। जो एक लाख रुपये से अधिक के आते हैं। वैसे खेत-तालाब योजना 1,05,000 रुपये की है। इसमें चयनित लाभार्थी को तालाब बनाने पर आधी धनराशि अनुदान के तौर पर मिलती है। जब तक यह व्यवस्था रही तो जिले में लक्ष्य पूरा होता गया, लेकिन इस वर्ष स्प्रिंकलर की बाध्यता से किसान पीछे हट गए। स्प्रिंकलर के लिए 10 फीसद कृषक अंश देना है। जबकि 90 फीसद धनराशि अनुदान के तौर पर मिलेगी। साथ ही कृषि विभाग पंपिंग सेट लगाने के लिए 15 हजार रुपये अलग से देगा। इसके बाद भी किसान तैयार नहीं है। इधर, उद्यान विभाग से स्प्रिंकलर लगाए 90 किसानों की सूची खेत-तालाब से लाभान्वित करने के लिए भूमि संरक्षण विभाग को दी, लेकिन संपर्क करने पर तैयार एक भी नहीं हुए।

> लक्ष्य पूर्ति का प्रयास कर रहे हैं। किसानों को जागरूक करके पंजीयन करा रहे हैं। योजना में तालाब निर्माण के साथ सिंचाई के संसाधन अनुदान पर मिलते हैं। किसी तरह की समस्या नहीं है।
>
> –संगीता कटिया, भूमि संरक्षण अधिकारी।

### कई गुना बढ़ाकर मिला लक्ष्य बना मुश्किल

वैसे यह योजना बुंदेलखंड समेत अन्य कम जलस्तर वाले क्षेत्रों के लिए है। जहां किसान तालाब निर्माण करके सिंचाई व अन्य कार्य कर सकें, लेकिन तराई क्षेत्र के कई जिले जलस्तर सामान्य होने के कारण लक्ष्य पूरा नहीं कर पा रहे हैं। इसके बाद भी इस वर्ष कई गुना लक्ष्य बढ़कर मिला है। लखनऊ को 2020 में 9 तालाब, 2021 में 7, 2022 में 3, 2023 में 2 व 2024 में 49 तालाब का लक्ष्य मिला है।

## सार-संक्षेप



नवनियुक्त पदाधिकारी। अमृत विचार

### डॉ. धर्मेंद्र ने ली अध्यक्ष पद की शपथ

अमृत विचार, लखनऊ : प्रांतीय आयुर्वेदिक व यूनानी चिकित्सा सेवा संघ उप्र. का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को आयोजित हुआ। टूड़ियागंज के राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज व अस्पताल के सभागार में हुए समारोह में अतिथि प्राचार्य डॉ. माखनलाल, निदेशक यूनानी डॉ. जमाल अख्तर, आयुर्वेद के उप निदेशक डॉ. नारायण दास रहे। संघ के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह, महासचिव डॉ. जितेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष डॉ. उदयभान यादव, सदस्य डॉ. धर्मेंद्र कुमार आदि ने शपथ ग्रहण की। डॉ. धर्मेंद्र ने बताया कि डॉक्टरों की समस्याओं को दूर करने के लिए शासन स्तर पर पत्राचार किया जाएगा।

### डेंगू के 15 नए मरीज मिले

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिले में सोमवार को डेंगू के सिर्फ 15 नए मरीज मिले। हालांकि, जानकारों का कहना है कि शनिवार और रविवार को दो दिनों की छुट्टी होने के कारण सभी नमूनों की जांच रिपोर्ट नहीं आ सकी। इससे आंकड़ें कम रहे। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल ने बताया कि सोमवार को डेंगू के नए मरीज इटौंजा-1, अलीगंज-2, इन्दिरानगर-1, रेड क्रॉस- 2, एनके रोड-1, चन्दरनगर-3, चिनहट-2, मोहनलालगंज-1 और टूडियागंज सीएचसी क्षेत्र के 2 मरीज हैं। जनवरी से अब तक जनपद में डेंगू के कुल 1130 व मलेरिया के 443 रोगी मिल चुके हैं। टीम ने सोमवार को लगभग 1254 घरों व आस-पास मच्छरजनित स्थितियों की जांच की। इनमें से 6 घरों में मच्छरजनित स्थितियां पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया। टीम ने लोगों को मच्छरजनित बीमारियों से बचाव को लेकर जागरूक भी किया।

### प्रशिक्षण प्रदाता ने हस्तांतरित नहीं किया भवन

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिले की ग्राम पंचायत जुग्गैर में एक प्रशिक्षण प्रदाता द्वारा कौशल प्रशिक्षण केंद्र जिला ग्राम्य विकास अभिकरण विभाग को हस्तांतरित नहीं किया गया है। इसके लिए कौशल विकास मिशन की तरफ से बराबर पत्राचार किया जा रहा है। जुग्गैर के स्टेडियम में स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन के अंतर्गत स्थापित कौशल प्रशिक्षण केंद्र एक प्रशिक्षण प्रदाता द्वारा किराए पर लिया गया था। कौशल विकास मिशन द्वारा निरीक्षण करने पर केंद्र में प्रशिक्षण कार्य नहीं पाया गया। इस पर कौशल विकास मिशन की तरफ से प्रशिक्षण प्रदाता को केंद्र जिला ग्राम्य विकास अभिकरण विभाग को हस्तांतरित करने निर्देश दिए थे। जिसका पालन नहीं किया गया है। जिला समन्वयक राज कुमार यादव ने मिशन निदेशक को अवगत कराते हुए कार्रवाई के लिए पत्र लिखा है।

### कांच का दरवाजा टूटा, कर्मचारी घायल

**अमृत विचार, लखनऊ :** केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर में कांच का दरवाजा अचानक टूटकर गिर गया। दरवाजे के निकट काम कर रहा कर्मचारी घायल हो गया है। उसके चेहरे पर कांच के कई टुकड़े धंस गए। खून से लथपथ हालत में कर्मचारी को इमरजेंसी में भर्ती कराया गया। जहां इलाज व ड्रेसिंग के बाद मरीज को छुट्टी दे दी गई। ट्रॉमा सेंटर के दूसरे तल पर पीडियाट्रिक आर्थोपैडिक्स विभाग है। यहां संविदा पर तैनात वार्ड ब्वॉय अंकित पाल रात करीब 12 :30 बजे काम कर रहा था। इसी दौरान दरवाजे का कांच भरभराकर टूट गया। कांच के टुकड़े अंकित पाल पर गिर गए। उसके शरीर के कई अंगों में कांच धंस गया। चेहरे पर भी कई जगह कांच लग गया। घायल कर्मचारी के चेहरे व दूसरे अंगों से खून बहने लगा। साथी कर्मचारियों ने उसे गंभीर अवस्था में ट्रॉमा कैजुअल्टी में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने भर्ती कर कर्मचारी का इलाज शुरू किया। चेहरे पर लगे कांच के टुकड़े निकले। ड्रेसिंग की। जरूरी दवाएं दीं। कुछ घंटे बाद घायल कर्मचारी को छुट्टी दे दी गई।

### एडीएम की मौजूदगी में हुए डॉक्टरों के साक्षात्कार

**अमृत विचार, लखनऊ :** इमरजेंसी मेडिकल अफसर (ईएमओ) और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में खाली पड़े डॉक्टरों के पदों को भरने के लिए सीएमओ कार्यालय में सोमवार को वॉक इन इंटरव्यू हुआ। पहली बार साक्षात्कार एडीएम की मौजूदगी में हुए। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल का कहना है कि चयनित होने वाले डॉक्टरों का परिणाम इसी माह जारी कर दिया जाएगा। सीएमओ आफिस में वॉक इन इंटरव्यू में 22 पदों के लिए डॉक्टरों का चयन होना है। इसमें सरकारी अस्पतालों में इमरजेंसी मेडिकल अफसर के 16 पद हैं। इनका वेतन एक लाख रुपये तय है। वहीं, मेडिकल अफसर के तीन पद पर करीब 80 हजार रुपये वेतन व 20 हजार इंसेटिव मिलेगा। ये डॉक्टर सिविल, बलरामपुर, लोकबंधु, रानी लक्ष्मीबाई, बीआरडी महानगर, झलकारी बाई, डफरिन अस्पताल भेजे जाएंगे। पद के सापेक्ष 111 डॉक्टर साक्षात्कार में शामिल हुए। एनएचएम के जिला प्रोग्राम प्रबंधक पर डॉक्टरों की भर्ती में गड़बड़ी समेत कई गंभीर आरोप लगे हैं। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद डीएम स्तर से मामले की जांच शुरू हुई है। उधर, पूर्व में हुई डॉक्टरों की भर्ती की गड़बड़ी की विजिलेंस भी जांच कर रही है। उसके बाद भी इस बार हुए वॉक इन इंटरव्यू में जिला प्रोग्राम प्रबंधक को कमेटी में शामिल रखा गया है। उन्हें चयन प्रक्रिया से नहीं हटाया गया।



कोलकाता कांड के विरोध में केजीएमयू में नारेबाजी करते रेजिडेंट डॉक्टर। अमृत विचार

# केजीएमयू के रेजिडेंट डॉक्टरों ने किया प्रदर्शन, ओपीडी प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कोलकाता कांड के विरोध में किया प्रदर्शन, आज भी प्रभावित रहेगी ओपीडी

**अमृत विचार :** कोलकाता कांड के विरोध में केजीएमयू रेजिडेंट डॉक्टरों ने सोमवार को प्रदर्शन किया। ओपीडी में कामकाज ठप कर प्रदर्शन किया। नारेबाजी कर इंसाफ की मांग की। इससे ओपीडी में अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद रेजिडेंटों ने एक जुट होकर मार्च भी निकाला। मंगलवार को भी इमरजेंसी छोड़कर काम ठप रखने की चेतावनी दी है।

विरोध प्रदर्शन की अगुवाई कर रहे डॉ. दिव्यांश ने बताया कि कोलकाता में महिला रेजिडेंट डॉक्टर से दरिंदगी के बाद हत्या के लगातार विरोध जारी है। केजीएमयू रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन के सदस्य करीब 12 बजे ओपीडी ब्लॉक में जुटे। इंसाफ की मांग को लेकर नारेबाजी करने लगे। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिला व पुरुष रेजिडेंट डॉक्टर शामिल हुए। रेजिडेंट डॉक्टरों ने कहा कि सरकार हमारी सुरक्षा व दरिंदगी की शिकार हुई छात्रा को इंसाफ दिलाना नहीं चाह रही है। मामले को रफा-दफा करने पर अमादा है। लेकिन हम खो चुके अपनी महिला रेजिडेंट साथी व उसके परिवारीजन को न्याय दिलाकर रहें। फिर उसकी चाहे कोई भी कीमत क्यों न चुकानी पड़ी। रेजिडेंट डॉक्टरों ने परिसर में मार्च निकाला। फिर छत्रपति शाहूजी महाराज गेट के पास धरने पर बैठ गए। विरोध कर रहे डॉक्टरों ने संस्थान में सुरक्षित माहौल दिलाने की मांग की। मरीजों को दुश्वारियों से बचाने के लिए आनन-फानन सीनियर डॉक्टरों ने इलाज की कमान संभाली।

ओपीडी में मरीजों को इलाज मुहैया कराया। शाम तक सीनियर डॉक्टरों ने सभी मरीजों को देखा। ऑपरेशन व जांच पर भी रेजिडेंट डॉक्टरों के कार्य बहिष्कार का फर्क नहीं पड़ा। केजीएमयू प्रवक्ता डॉ. केके सिंह का कहना है कि सीनियर डॉक्टरों ने ओपीडी में सभी मरीजों को इलाज मुहैया कराया। इमरजेंसी, ऑपरेशन, जांच व वार्ड का कामकाज प्रभावित नहीं हुआ। सभी मरीजों को इलाज मिला।

## जमीन के विवाद में दंपति को पीटा

**अमृत विचार, लखनऊ/काकोरी :** पारा कोतवाली क्षेत्र में पुस्तैनी जमीन पर बाउंड्री बनाने के लिए नींव खुदवाने का विरोध करने पर दबंगों ने दंपति के साथ मारपीट करते हुए कपड़े फाड़ दिए। पीड़िता ने तहरीर देकर बताया कि बीते रविवार दोपहर करीब 3:30 पर अपनी पुस्तैनी जमीन में नींव खुदवाने का काम करवा थी। तभी पुरानी रंजिश को लेकर दबंग मुन्ना लाल, आशीष, सर्वेश, रंजीत, शमशेर, गेंदालाल, दिलीप, अनूप, रमन व सुजीत यादव और अन्य लोगों ने दंपति से गाली-गलौज की। विरोध करने पर दबंगों ने मारपीट करते हुए पीड़िता को जंगल में खींचने का प्रयास किया। चीख पुकार सुनकर पूर्व प्रधान का बेटा व अन्य लोग मदद के लिए दौड़े।

## 5 लाख की आबादी आज झेलेगी बिजली संकट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हरिहरपुर, प्रियदर्शिनी कॉलोली, जानकीपुरम और न्यू कैंपस के अंतर्गत कई क्षेत्रों में मंगलवार को मरम्मत कार्य किया जाएगा। इससे पांच लाख की आबादी को बिजली संकट का सामना करना पड़ेगा।

हरिहरपुर में चंद्रिका लॉन के आसपास सुबह 10 से शाम 5 बजे तक, प्रियदर्शिनी उपकेंद्र के शेरवानीनगर, अजीजनगर, मडियांव, प्रियदर्शिनी कालोनी, केशवनगर भरतनगर, मोहिबुल्लापुर, सीतापुर रोड़ में दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक आपूर्ति ठप रहेगी। जानकीपुरम विस्तार में सेक्टर-1,2.3, 4.5, सेक्टर- 7,8 सेक्टर- 6 के सैदपुर जागीर, सरस्वतीपुरम, वशिष्तपुरम, द्रोणाचार्य एकेडमी, अर्श बिहार, खरगापुर जागीर, हरिबोल चौराहा, न्यू फेण्ट्स कालोनी में सुबह से 10 बजे तक आपूर्ति ठप रहेगी। गोहाना कला फीडर पर के एकेटीयू, तिवारीपुर, मिर्जापुर, सैदपुर जागीर, शुक्ला चौराहा,बालाजी बिहार ,सुंदर बिहार और आई आई एम फीडर पर के मधुपुरम, रायपुर, नाग वाली गली, महर्षि नगर आईआईएम रोड व आसपास की बिजली सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक ठप रहेगी।

## पीजीआई में हाजिरी लगाने में भेदभाव

### डॉक्टरों की हाजिरी आधार कार्ड, कर्मियों की बायोमेट्रिक से लगाने का आरोप

संवाददाता, पीजीआई

**अमृत विचार :** संजय गांधी पीजीआई संस्थान के कर्मचारियों और फैकल्टी डॉक्टरों की हाजिरी को लेकर हंगामा मचा हुआ है। जहां डॉक्टरों की हाजिरी आधार कार्ड से कराए जाने का आदेश जारी किया गया है।

वहीं, कर्मचारियों की हाजिरी बायोमेट्रिक से कराए जाने की बात कही गई है। इस मामले में सोमवार को पीजीआई कर्मचारी महासंघ ने विरोध जताते हुए निदेशक आरके धीमन को पत्र लिखा है।

महामंत्री रामकुमार सिन्हा ने बताया कि हाल ही में संस्थान में बायोमेट्रिक हाजिरी को बढ़ावा देने की बात कही गई है, लेकिन फैकल्टी के सदस्यों को आधार कार्ड से हाजिरी लगाने का नियम बनाया गया है और कर्मचारियों को इस सुविधा से वंचित करते हुए बायोमेट्रिक हाजिरी स्वयं प्रस्तुत होकर लगाने का आदेश जारी हुआ है। रामकुमार सिन्हा ने कहा कि संस्थान के वरिष्ठ अफसर मनमाने तरीके से कर्मचारियों के साथ जो भेदभाव कर रहे हैं, वो हरगिज बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

कर्मचारी अब शोषण नहीं सहेगा, बल्कि अपने हक के लिए आंदोलन करेगा। राम कुमार सिन्हा ने बताया कि कर्मचारी संघ ने निदेशक को पत्र लिखकर एक समान हाजिरी का आदेश पारित करने की मांग की है। ऐसा न होने पर आंदोलन करने और कार्य बहिष्कार करने की चेतावनी दी है।

बॉलीवुड — गोमती नगर के एक होटल में कलाकारों ने दी फिल्म की जानकारी

# बंदा सिंह चौधरी के प्रमोशन के लिए राजधानी पहुंचे कलाकार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हम अपना घर बचा लें, देश अपने आप बच जाएगा : अरबाज खान
- बंदा सिंह चौधरी की कहानी दिल को छू जाती है : अरशद वारसी



फिल्म के बारे में जानकारी देते निर्देशक अभिषेक सक्सेना, निर्माता मनीष मिश्रा, अरशद वारसी, मेहर विज व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार :** अपनी नई हिन्दी फिल्म बंदा सिंह चौधरी के प्रमोशन के लिए निर्देशक अभिषेक सक्सेना मुख्य कलाकारों अरबाज खान, अरशद वारसी, मेहर विज और निर्माता मनीष मिश्रा के साथ सोमवार को लखनऊ पहुंचे। गोमती नगर स्थित एक होटल में इन कलाकारों ने इस फिल्म के बारे में विस्तार से बातचीत की। यह फिल्म 25 अक्टूबर को देश भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

फिल्म निर्देशक अभिषेक सक्सेना ने बताया कि 2020 में जब देश लॉकडाउन से जूझ रहा था, तब हिन्दुओं और सिखों के बीच पैदा हुई गलतफहमियों पर फिल्म बनाने का विचार आया। इस मुद्दे पर 50-60 परिवारों से मुलाक़ात की। उनकी समस्याएं सुनीं। सच्चाई के करीब जाने की पूरी कोशिश की। उसके बाद फिल्म का तानाबाना बुना गया। फिल्म अच्छी बनी है। लोग देखेंगे तो पसंद करेंगे।

अरबाज खान ने कहा कि सबसे ज्यादा लड़ाइयां घर और जमीन की वजह से होती हैं। उन्होंने कहा कि इस फिल्म में हमने यह बताने की कोशिश की है कि हर व्यक्ति को सबसे पहले अपना घर बचाना चाहिए। हम अपना घर बचा ले गए तो देश अपने आप बच जाएगा, लेकिन अगर घर ही नहीं बचा पाए तो फिर देश को कैसे बचाएंगे। अरशद वारसी ने कहा कि मेरे सामने बंदा सिंह चौधरी की कहानी आई तो दिल को छू गई। रोजमर्रा की जिन्दगी में हम जिस तरह की लड़ाई लड़ते हैं, वह इस फिल्म में देखने को मिलेगी। उन्होंने कहा यह फिल्म साहस सिखाएगी। साहस साथ नहीं देता तो चीजें बिगड़ जाती हैं। अरशद ने कहा कि मैं फिजूल के दिखावे में विश्वास नहीं करता हूं। मुझे लगता है कि जिन्दगी में सीखते रहना चाहिए। जहां जरूरत हो वहां गम्भीरता रहे, लेकिन बाकी वक्त चेहरे पर मुस्कान होनी चाहिए।

मेहर विज ने कहा कि लखनऊ दूसरी बार आई हूं। यहां की इमारतें और यहां का खाना आकर्षित करता है। उन्होंने कहा कि इस शहर की हवा में शांति महसूस होती है। मेहर ने कहा कि यह फिल्म नारी सशक्तिकरण की तस्वीर भी दिखायेगी। निर्माता मनीष मिश्रा ने कहा कि यह आम आदमी की कहानी है। उन्होंने कहा कि यह फिल्म बनाते वक्त इस बात का ध्यान रखा कि मौजूदा समय में ओटीटी जैसे माध्यम मौजूद हैं, ऐसे में ऐसी फिल्म बनानी है जो लोगों को सिनेमाहाल की तरफ मोड़ सके।

# विभूति खंड में डेढ़ वर्ष में तैयार होगा हाईटेक बस अड्डा

## पीपीपी मॉडल पर शुरू कराया गया निर्माण कार्य

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

**अमृत विचार:** गोमतीनगर के विभूति खंड में राजधानी के सबसे बड़े बस अड्डा का निर्माण कार्य पीपी मॉडल से शुरू कर दिया गया है। 60 हजार वर्ग मीटर में हाईटेक बस अड्डा डेढ़ साल में तैयार करने का लक्ष्य है। बसों को खड़ा करने के लिए 70 प्लेटफार्म बनाए जा रहे हैं। इनसे कम से कम 400 और अधिकतम 1200 बसें रवाना की जाएंगी।

16 इलेक्ट्रिक बसों के प्लेटफार्म और 80 बसों के लिए पार्किंग स्थल भी बनाए जाएंगे। 10 हजार से ज्यादा वर्ग मीटर में यात्री बसें संचालित होंगी। अन्य में शॉपिंग मॉल, पोस्ट ऑफिस, बैंक, एटीएम, पुलिस बूथ, सुरक्षा कंट्रोल रूम बनाए जाएंगे। एक हजार यात्रियों के लिए वेटिंग हाल और 750 दोपहिया व चार पहिया वाहनों की पार्किंग भी बनेगी। दो हिस्सों में 100 शौचालय बनाए जाएंगे। रोडवेज बस की कार्यशाला और सिटी बसों की कार्यशाला को जोड़ एक बड़ा बस अड्डा बनकर तैयार होगा। बस स्टेशन विकसित होने के बाद सामने की सड़क बंद होने की संभावना है। एक ओर का ट्रैफिक बंद होने से ट्रैफिक जाम की समस्या पैदा होगी। इस समस्या से निपटने के लिए रोडवेज के पास कोई प्लान नहीं है।

**70** प्लेटफार्म से रवाना की जाएंगी बसें

**750** वाहनों के लिए पार्किंग भी बनेगी

> पीपीपी मॉडल के तहत गोमतीनगर के विभूति खंड की जमीन खाली कराकर निजी कंपनी को सौंप दी गई है। निर्माण कार्य शुरू हो गया है। इस दौरान सिटी बसों की कार्यशाला को शिफ्ट किया जाएगा। जबकि रोडवेज बसों की कार्यशाला को कंपनी खुद निर्माण कराकर देगी।
>
> –आरके त्रिपाठी, क्षेत्रीय प्रबंधक,लखनऊ परिक्षेत्र

## एक नजर

### दीपोत्सव को लेकर आज होगी तैयारी बैठक

**अयोध्या, अमृत विचार :** दीपोत्सव मेला की तैयारी को लेकर आयुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में 15 अक्टूबर को 11 बजे आयुक्त कार्यालय स्थित सभागार में बैठक होगी। बैठक में दीपोत्सव मेला की व्यवस्था से जुड़े अफसर मौजूद रहेंगे। कहा गया है कि परिक्रमा/कार्तिक पूर्णिमा मेला के लिए जिन विभागो ने कार्ययोजना उपलब्ध नहीं कराई हैं। वह कार्ययोजना की प्रति के साथ बैठक में आएंगे। यह जानकारी अपर जिलाधिकारी (नगर)/ मेलाधिकारी सलिल कुमार पटेल ने दी।

### गुगरा गांव में कब्जे के विवाद में किसान की हत्या

**घाटमपुर, कानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गुगरा गांव में पैतृक जमीन पर कब्जे को लेकर विवाद हो गया। यह विवाद खूनी दुश्मनी में बदल गया। विवाद के दौरान किसान की हत्या कर दी गई। घटना में पारिवारिक भाइयों का नाम सामने आया है। गुगरा निवासी अतर सिंह यादव (40) का अपने पारिवारिक भाई से पैतृक जमीन पर कब्जे को लेकर विवाद चल रहा है। इसका मुकदमा भी उच्च न्यायालय में विचाराधीन है।

### पेड़ से लटका मिला किशोर का शव, हत्या की आशंका

**पुरवा उन्नाव।** मवेशी चराने गए किशोर का पेड़ पर शव लटका देख भाई के होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव निवासी श्याम मिलन संविदा पर विद्युत विभाग में लाइनमैन है। उसका 14 वर्षीय बेटा सत्यम कक्षा नौ का छात्र था। सोमवार को वह स्कूल से घर लौटा और खाना खाकर मवेशी चराने चला गया। करीब तीन बजे खेत पहुंचा उसका बड़ा भाई उत्तम खेत की ओर गया तो वहां सत्यम को नीम के पेड़ में रस्सी के सहारे लटका देख उसकी चीख निकल गई। ग्रामीणों की मदद से फंदा काटकर परिजनों ने उसे सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# हत्या कर बच्ची का शव दफनाया

## मड़हे में गड़ा मिला शव, पांच दिन से लापता थी, परिजनों में मचा कोहराम

करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार:** करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के सकरौरा पश्चिमी मोहल्ले में एक बच्ची की हत्या कर उसका शव दफना दिया गया। सोमवार को उसका शव मोहल्ले के एक मड़हे में गड़ा हुआ पाया गया। बच्ची पांच दिन से लापता थी और पुलिस तथा परिवार के लोग उसकी तलाश में जुटे थे। सोमवार को दुर्गंध उठने की शिकायत पर जब पुलिस मौके पर पहुंची तो वह अवाक रह गयी। बच्ची का शव मिलने से उसके परिवार में कोहराम मच गया। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और घटना की जांच में जुट गयी है।



शहनुमा (फाइल फोटो)।

कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र के सकरौरा पश्चिमी स्थित लोहिया पुल के पास छप्परनुमा मकान में रोशन अली का परिवार रहता है। रोशन अली ठेला चलाकर परिवार का पालन पोषण करते है। पांच दिन पूर्व बृहस्पतिवार को दिन में 11 बजे रोशन अली की 7 वर्षीय बेटी शहनुमा अपने घर के पास स्थित एक दुकान पर कुछ सामान लेने गई हुई थी। लेकिन काफी समय बाद वह वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने खोजबीन शुरू कर दी। काफी खोजबीन के बाद भी जब बच्ची नहीं मिली तो रात में परिजन कोतवाली जाकर घटना की तहरीर दी। जिसके बाद से पुलिस बच्ची की तलाश कर रही थी। लेकिन परिजनों व पुलिस के काफी खोजबीन के बाद भी बच्ची का कोई सुराग नहीं मिल पा रहा था।

सोमवार की सुबह मोहल्ले में ही स्थित एक मड़हे से दुर्गंध उठता देख कुछ लोगों ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मड़हे के नीचे जमीन की खोदाई करायी तो नीचे मासूम शहनुमा का शव गड़ा हुआ था। यह देख पुलिस भी अवाक रह गयी। बताया जा रहा है कि बच्ची की हत्या कर उसका शव दफनाया गया है। जानकारी मिलते ही सैकड़ों की संख्या में लोग लोहिया पुल के पास घटनास्थल पर एकत्र हो गए। शव बरामद होने के बाद पुलिस क्षेत्राधिकारी उमेश्वर प्रभात सिंह पुलिस टीम के साथ घटना स्थल का जायजा लिया।

बच्ची के मौत की खबर जैसे ही उसके परिजनों को मिली तो परिवार में कोहराम मच गया। बच्ची की मां रुबीना का रो रोकर बुरा हाल है। कोतवाल श्रीधर पाठक ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## दुर्गा प्रतिमा के गले से दस हजार के नोटों की माला चोरी

**कुमारगंज, अयोध्या, अमृत विचार :** क्षेत्र के सिधारी बाजार में नवदुर्गा पूजा समिति पंडाल में रविवार रात चोरों ने मां दुर्गा की प्रतिमा के गले से करीब दस हजार रुपए की नोटों की माला चोरी कर ली।

खण्डासा पुलिस चौकी क्षेत्र के सिधारी बाजार स्थित हनुमानगढ़ी के पास नवदुर्गा पूजा समिति द्वारा पंडाल में दुर्गा प्रतिमा स्थापित की गई थी। रविवार रात करीब 1:30 बजे तक बाजारवासी समिति के सदस्यों द्वारा भजन कीर्तन किया गया। सुबह जब लोगों ने पंडाल का पर्दा खोला तो प्रतिमा को देखकर दंग रह गए। पुलिस कमेटी के सदस्यों से पूछताछ करते हुए हनुमान मंदिर समेत आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों ने घटना की निंदा की। उनका कहना है कि ये किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा। चौकी प्रभारी प्रशांत शर्मा ने बताया कि दुर्गा प्रतिमा रखने वाले कमेटी को पहले ही अवगत कराया गया था कि उनके वॉलिंटियर रात में निगरानी करेंगे, लेकिन वॉलंटियर सो गए थे।

## भाजपा नेता पर मुकदमा दर्ज, दरोगा लाइन हाजिर

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार:** भाजपा के मण्डल अध्यक्ष ने थाने में बैठकर धमकाते रहे और बगल में बैठे चौकी प्रभारी सब कुछ सुनते रहे। दरोगा ने भाजपा नेता को रोकना तो दूर उन्होंने टोंकना तक मुनासिब नहीं समझा। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो पुलिस महकमे में अफरा-तफरी मच गई। एसपी भी एक्शन में आ गए। नतीजतन चौकी प्रभारी को लाइन हाजिर करते हुए धमकाने वाले भाजपा मण्डल अध्यक्ष के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

रविवार की दोपहर में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। जिसमें दिखाई दे रहा है कि कुर्सी पर बैठा पैंट-शर्ट पहने एक शख्स उंगली उठा-उठा कर वहीं दूसरी तरफ बैठे दूसरे शख्स को धमकी दे रहा है। वहीं बगल में एक बावर्दी दरोगा भी बैठे हुए दिखे जो भाजपा नेता द्वारा दी जा रही धमकी को सुनकर भी अनसुना कर मोबाइल पर व्यस्त दिखे। जांच में पता चला कि वीडियो पाली थाने का है और धमकी देर रहा व्यक्ति वहीं का भाजपा मण्डल अध्यक्ष शिवम तिवारी है। आरोपी भाजपा नेता पाली कस्बे के मोहल्ला बाज़ार निवासी मंजेश गुप्ता को थाने में बैठ कर धमकी दे रहा है। बगल में चौकी प्रभारी शिवशंकर मिश्रा बैठे हुए हैं। दरअसल एक मामले में मंजेश को थाने बुलाया गया था, वहीं मण्डल अध्यक्ष भी पहुंच गए और कानून को खिलवाड़ समझ कर पुलिस के सामने ही खुलेआम मंजेश गुप्ता को धमकी देने लगे।



भाजपा के विशेष सदस्यता अभियान में शामिल पदाधिकारी। अमृत विचार

### 100 लोगों को दिलायी गयी भाजपा की सदस्यता

**लखनऊ, अमृत विचार :** भाजपा के विशेष सदस्यता अभियान के अंतर्गत पश्चिम मंडल -1 के न्यू हैदरगंज प्रथम वार्ड के लकडमंडी में सोमवार को सदस्यता अभियान कैंप का आयोजन किया गया। लोगों को 8800002024 पर मिस्ड कॉल एवं नमो ऐप के माध्यम से 100 लोगो को भाजपा की प्राथमिक सदस्यता दिलाई गई। इस मौके पर अवध क्षेत्र सदस्यता अभियान के सह संयोजक नीरज सिंह, आनंद द्विवेदी, अशोक तिवारी,विजय भुर्जी, अंजनी कुमार श्रीवास्तव, सत्येंद्र सिंह, पश्चिम मंडल-1 अध्यक्ष राजेश मिश्रा (राजन), पश्चिम मंडल-3 के अध्यक्ष अरविंद मिश्रा,पार्षद रजनी विजय भुर्जी, एचएन मिश्रा, पुरुषोत्तम पुरी,राधेश्याम अवस्थी, हरि प्रसाद मिश्रा, गणेश मिश्रा,सुशील निगम हरिशंकर शर्मा, नोटेश किशोर दीक्षित, जय गुप्ता, राजेश वर्मा, रमेश कन्नौजिया, सुजीत शर्मा, अमित अवस्थी,रमाशंकर मिश्रा,राजीव मौर्या, गौरव मिश्रा, राजू गुप्ता सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 70 लाख की मार्फीन के साथ दो युवक अमेठी में गिरफ्तार

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** कुड़वार थाना क्षेत्र के बहमरपुर निवासी दो युवक 70 लाख की मार्फीन के साथ पड़ोसी जिले अमेठी के मुसाफिरगंज में पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए दोनों ही आरोपी युवकों को जेल भेजने की कार्रवाई की है। कुड़वार थाना क्षेत्र के बहमरपुर गांव निवासी प्रेम शंकर उर्फ गुडुल्ले साथी विवेक के साथ अपने थाना क्षेत्र सहित पूरे जिले में मार्फीन की तस्करी करता था। जिसकी जानकारी न तो स्थानीय पुलिस को लगी न ही जिले की पुलिस को। जिले में अपनी टीम तैयार कर दोनों ने अमेठी में तस्करी करने लगे। इसी बीच दोनों 70 लाख की मार्फिन के साथ पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

# विसर्जन जुलूस में उपद्रवियों का हंगामा

## अराजक तत्वों ने माहौल बिगाड़ने का किया प्रयास, चार दर्जन अज्ञात के खिलाफ केस

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** टिकैतनगर के कस्बा इचौली में रविवार को विसर्जन जुलूस में अराजक तत्वों ने माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को निकला जुलूस एक धार्मिक स्थल के सामने रुका और अबीर-गुलाल उड़ाने के साथ अराजक तत्व हुड़दंग करने लगे। इस दौरान पुलिस शांत खड़ी रही, वहीं दूसरे समुदाय में तनाव व्याप्त हो गया। अफसरों की फटकार पड़ने पर सक्रिय पुलिस ने चार दर्जन अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए आलोक, रवि और अभिषेक को गिरफ्तार कर लिया गया है। फिलहाल मौके पर शांति बनी हुई है।



प्रतिमा विसर्जन जुलूस में शामिल लोग। अमृत विचार

मामला टिकैतनगर थाना अंतर्गत मिश्रित आबादी वाले कस्बा इचौली का है। यह कस्बा संवेदनशील क्षेत्र में शामिल है। तहसील प्रशासन ने प्रतिमा विसर्जन को लेकर निकलने वाले जुलूस के लिए लिखित अनुमति दी, जिसमें कहा गया कि मज़ार के पास से गांव के उत्तर तक जुलूस निकालने के लिए 45 मिनट का समय तय है। रविवार को दोपहर बाद दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए तय रास्ते से जुलूस निकाला गया लेकिन पुलिस ने पूर्व की घटना से कोई सबक नहीं लिया। जुलूस में शामिल उपद्रवियों ने क़स्बा इचौली में एक धर्म स्थल के सामने काफी देर तक डीजे रोककर अबीर-गुलाल उड़ाया और हुडदंग किया। डीजे पर सवार एक युवक ने धर्मस्थल के भवन पर गुलाल फेंक दिया। इसके बाद विवाद शुरू हो गया। काफी देर बाद मामला शांत हुआ। जुलूस वहां से बिना देर किए रवाना कर दिया गया। घटना का वीडियो वायरल हो गया। इसके बाद पुलिस सक्रिय हुई। इस घटना की पुलिस से शिकायत की गयी। इस पर टिकैतनगर थाना के एसएसआई की तहरीर पर केस दर्ज हुआ। पुलिस ने रवि मौर्य, अभिषेक और आलोक को गिरफ्तार कर लिया है। बताते चलें कि तीन वर्ष पहले मूर्ति विसर्जन जुलूस के दौरान अराजकतत्वों ने माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया था। क्षेत्राधिकारी रामसनेहीघाट जटाशंकर मिश्र ने बताया कि चार दर्जन अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## धर्म दर्शन

### पथभ्रष्टों के मार्गदर्शक अग्निदेव

अपांभेषज सूक्त के देवता 'आपः' हैं। आपः का सामान्य अर्थ जल लिया जाता है। मनुस्मृति 1/8 के अनुसार ईश्वर ने 'अप्' तत्व को सर्वप्रथम रचा। आपः यदि जल है तो उसके पूर्व वायु और अग्नि की उत्पत्ति आवश्यक है, अन्यथा जल की संरचना संभव नहीं। इसलिए आपः का अर्थ जल भी है, किंतु कुछ विद्वानों ने उसे सृष्टि के मूलतत्व की क्रियाशील अवस्था माना है।

अखंड ब्रह्म के संकल्प से मूलतत्व का क्रियाशील स्वरूप सबसे पहले प्रकट होता है, उससे ही पदार्थ रचना प्रारंभ होती है। आधुनिक पदार्थ विज्ञानी भी ऐसे किसी तत्व के सतत प्रवाहित होने की परिकल्पना करते हैं। ऋषि कहते हैं, माताओं-बहनों की भांति यज्ञ से उत्पन्न पोषक धाराएं यज्ञकर्ताओं के लिए पेय (जल अथवा दूध) के साथ मधुर रस मिलाती हैं। सूर्य के संपर्क में आकर पवित्र हुआ वाष्पीकृत जल उसकी शक्ति के साथ पर्जन्य वर्षा के रूप में हमारे सत्कर्मों को बढ़ाए, यज्ञ को सफल बनाए। जीवनीशक्ति, रोगनाशक एवं पुष्टिकारक आदि दैवी गुणों से युक्त आपः तत्व हमारे अश्वों व गौओं को वेग एवं बल प्रदान करें। हम बल-वैभव से संपन्न हों। हे आपः! आप प्राणिमात्र को सुख देने वाले हैं। सुखोपभोग एवं संसार में रमण करते हुए, हमें उत्तम दृष्टि की प्राप्ति हेतु पुष्ट करें। अन्नादि उत्पन्न कर प्राणिमात्र को पोषण देने वाले हे दिव्य प्रवाह! हम आपका सान्निध्य पाना चाहते हैं। हमारी अधिकतम वृद्धि हो। व्याधि निवारक दिव्य गुण वाले जल का हम आवाहन करते हैं। वह हमें सुख-समृद्धि प्रदान करें। उस औषधिरूप जल की हम प्रार्थना करते हैं। दैवी गुणों से युक्त जल हमारे लिए हर प्रकार से कल्याणकारी एवं प्रसन्नता दायक हो। सोम का हमारे लिए उपदेश है कि दिव्य आपः हर प्रकार से औषधीय गुणों से युक्त है। उसमें कल्याणकारी अग्नि भी विद्यमान है। सूखे प्रांत (रेगिस्तान) का जल हमारे लिए कल्याणकारी हो, जलमय देश का जल हमें सुख प्रदान करे। हे अग्निदेव! हम आपकी वंदना करते हैं। हे ज्ञान स्वरूप अग्निदेव! आपका प्रकाशरूपी पराक्रम हम देखें। आप पथभ्रष्टों के मार्गदर्शक हैं। अपने प्रभाव से दुष्टों को सन्मार्ग की ओर प्रेरित करें। नदी जिस प्रकार झाग (गंदगी) को बहा देती है, उसी प्रकार यह 'हवि' पापचारियों को यहां से दूर बहा ले जाएं। प्रायश्चित की भावना से शरण में आए दुष्टों का स्वागत करें। हे मार्गदर्शक, ज्ञान के पुंज! आप अपने सद्गुणों से उसे वश में करें।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

हे प्रकाश पुंज आग्नेय! आप पथभ्रष्ट जनों की संतानों तक सुदूर गुफा में पहुंचकर अपने दिव्य प्रकाश से उन्हें सन्मार्ग दिखाएं, इस प्रकार आप सबके कष्टों को दूर करें। वैभव की कामना करने वाले इस पुरुष को आठों वसुदेवता, इंद्र, पूषा, वरुण, मित्र, अग्नि आदि देवता धारण कर अपना अनुग्रह प्रदान करें। आदित्य और अन्य सभी देवता इसको तेजस्विता प्रदान करें। हे देवताओं! सूर्य की तेजस्विता, अग्नि की प्रखरता, चंद्रमा की शीतलता एवं स्वर्ण की आभा मनुष्य के जीवन को ऊंचा उठाए। अपने संयम से इन शक्तियों को बढ़ाता हुआ वह मनुष्य आसुरी वृत्तियों का विनाश करे। इस प्रकार वह जीवन की सर्वोच्च स्थिति प्राप्त करें। हे अग्निदेव! जिस श्रेष्ठ ज्ञान के बल पर इंद्र आदि देवता संपूर्ण सुखों का उपभोग करते हैं, उसी दिव्य ज्ञान से मनुष्य के जीवन को प्रकाशित करते हुए आप ऊंचा उठाएं। वह मनुष्य, देवतुल्य श्रेष्ठ जीवन जिएं। हे अग्निदेव! मैं इस साधक के यज्ञ, तेज, ऐश्वर्य एवं चित्त को स्वीकार करता हूं। आप इस साधक को श्रेष्ठ सुख-शांति प्रदान करें।

### भारतीय संस्कृति में ओंकार की महत्ता

हमारे प्राचीन भारत की पवित्र धरा पर अ+उ+म के संयोग से निर्मित "ओम" शब्द को भारतीय मूल के सभी प्राचीन धर्मों, हिन्दू, बौद्ध और जैन में अत्यंत पवित्र माना जाता है। किसी भी धार्मिक अनुष्ठान का पूर्व "ओम" से प्रारंभ कर उसका समापन "ओम् शांतिः शांतिः शांतिः" से किया जाता है। पौराणिक साहित्य में बहुधा 'ओम्' में सम्मिलित 'अ' को विष्णु,'ओ' को शिव एवं 'म' को ब्रह्मा कहा गया है। "आकारों विष्णु रुद्दिष्ट उकारस्तु महेश्वरः। मकारोच्यते ब्रह्मा प्रणवेन त्रयो मताः।।" इस प्रकार ओंकार प्रणव से तीनों का बोध होता है। अन्यत्र अ को ब्रह्मा, उ को विष्णु तथा म् को रुद्र का सूचक माना गया है। पौराणिक साहित्य के अनुशीलन से यह भी विदित होता है कि "ॐ", ओम की तीन मात्राएं प्रकृति के सत्व, रज और तम की सूचक भी हैं। अकार, उ कार तथा म कार में अकार सतोगुण, उ कार रजोगुण तथा म कार तमोगुण का प्रतीक है।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत, पुलिस महानिरीक्षक

नारद पुराण के पूर्वभाग, प्रथम पाठ के अनुसार, ब्रह्मा ने 'ऊंकार' के अवयव, उ कार एवं म कार को ऋग्वेद, यजुर्वेद तथा सामवेद के दोहन से निकाला, जिसके पाठ से वेदाध्ययन का पुण्य प्राप्त होता है। सनातन धर्म की परंपरागत मान्यता के अनुसार "ॐ" के उच्चारण में संपूर्ण ब्रह्मांड का ही ज्ञान समाहित है। सात्विक भाव से इसके जाप से जापकर्ता के शरीर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इससे मानसिक शांति मिलती है, तनाव से मुक्ति मिलती है, अनिद्रा की बीमारी से मुक्ति मिलती है और शारीरिक-मानसिक शक्ति का विकास होता है। संस्कृत में ओम को प्रणव भी कहा जाता है, जिसका अर्थ गुनगुनाना होता है। "ॐ" के पर्यायवाची 'प्रणव' का अभिप्राय ही प्राण संचारी या प्राण का संचारक होता है। ईसापूर्व दूसरी सदी में हुए महान चिकित्मक, 'चरक संहिता' के प्रणेता,'योगसूत्र' के परमाचार्य पतंजलि के शब्दों में ओम के विषय में उल्लेख हैं,"तस्य वाचकः प्रणव;"। इसका शाब्दिक अर्थ है कि प्रणव वस्तुतः ईश्वर या "ॐ" है। स्मरणीय है कि ओम को ब्रह्मांड की ध्वनि या आवाज भी कहा गया है।

## वर्ग पहेली-222

**बाएं से दाएं**

1.1.पोला, रिक्त 2.जिसके भीतर कुछ भी न हो 3.निरर्थक, सारहीन 4.भावशून्य 5.शक्तिहीन, दुर्बल।

5.(पुराण) शिव का एक नाम, महादेव।

7.1.प्रत्यक्ष ज्ञान 2.संवेदन 3.प्रयोग-परीक्षण से प्राप्त ज्ञान 4.व्यवहार से उपलब्ध संज्ञान 5.तज़ुर्बा, अहसास, (एक्सपीरिएंस)।

8.1.क्षमता, योग्यता, सामर्थ्य 2.धारिता, ग्रहणशक्ति 3.हैसियत, दर्ज़ा, स्थिति 4.अधिकार।

**ऊपर से नीचे**

2.मध्यप्रदेश का एक प्रमुख ऐतिहासिक स्थान। उक्त नगर में चंदेलों ने एक भव्य मंदिर स्थापित किया था जो अपनी सुंदरता और भित्तिचित्र के लिए विश्व प्रसिद्ध है।

3.1.बहुत अधिक दूध देने वाली गाय 2.कामधेनु।

4.1.कल्पना 2.कामदेव, मनोज 3.प्रेम।

6.सेतु, पुल।

7.1.हमला, आक्रमण 2.आघात, प्रहार 3.किसी बात या कार्य पर सख्त आपत्ति या आलोचना।




### वर्ग पहेली -221 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 शृ | गा | ल | | | 2 उ |
| | | | 3 सु | रू | प |
| | | | ले | | च |
| 4 मु | | | ख | | य |
| 5 सा | ध | 6 नि | क | | |
| हि | | ज़ा | | | |
| 7 ब | ढ़ | ई | | 8 ठो | सा |

## सुडोकू -135

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 8 | | | 5 | | 4 |
| | 8 | 7 | | 1 | | 2 | | |
| 6 | | 3 | | 2 | 9 | | 1 | |
| | 7 | | | | | | 3 | |
| 3 | | | 9 | | 6 | | | 1 |
| | 5 | | | | | | 8 | |
| | 3 | | 4 | 6 | | 1 | | 9 |
| | | 1 | | 3 | | 6 | 7 | |
| 2 | | 8 | | | 1 | | 4 | |

### सुडोकू - 134 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 7 | 3 | 4 | 2 | 8 | 5 | 9 | 6 |
| 2 | 5 | 4 | 1 | 9 | 6 | 3 | 7 | 8 |
| 8 | 6 | 9 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 2 |
| 3 | 4 | 5 | 8 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 5 | 6 | 4 | 8 | 3 | 1 |
| 6 | 1 | 8 | 9 | 3 | 2 | 7 | 4 | 5 |
| 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 1 | 9 | 6 | 3 |
| 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 5 | 1 | 8 | 4 |
| 4 | 3 | 1 | 6 | 8 | 9 | 2 | 5 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 15 अक्टूबर मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 16 अक्टूबर 00 .19 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-शरद।

चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।

ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-पूर्व भाद्रपद 22 .08 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद

**मेष** – आज दांपत्य संबंधों में ताजगी रहेगी। मन में नए कार्यों को लेकर उमंग-उत्साह की भावना रहेगी। लेकिन एक साथ कई काम करने की कोशिश न करें। सरकारी जॉब कर रहे लोगों के ऊपर काम का दबाव कम होगा। महिलाएं अपने साज-सज्जा पर काफी ध्यान देंगी।

**वृष** – आज परिवार में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। पुराने झगड़ों को लेकर दोबारा उलझने से बचें। खोयी हुई वस्तु आपको आज वापस मिल सकती है। नए प्रोजेक्ट्स की शुरुआत कर सकते हैं। ससुराल पक्ष से शुभ समाचार मिलेंगे।

**मिथुन** – आज अध्यात्मिक विषयों पर गूढ अध्ययन कर सकते हैं। परिवार के सदस्य आपके ऊपर गर्व करेंगे। उच्च अधिकारियों की नाराजगी झेलनी पड़ेगी। व्यवसाय में सावधानी रखने की आवश्यकता है। रुका हुआ धन आपको प्राप्त हो सकता है।

**कर्क** – आज प्रियजनों की सलाह पर गंभीरता से विचार करें। जीवनसाथी के साथ विश्वास में कमी आयेगी। कुल मिलाकर आज का दिन संघर्ष से युक्त हो सकता है। मौसम परिवर्तन के कारण सिरदर्द जैसी समस्या हो सकती है।

**सिंह** – आज यदि किसी इन्टरव्यू में सम्मिलित हो रहे हैं, तो दिन सौभाग्यशाली रहेगा। व्यवसाय में दैनिक आय में वृद्धि होगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्च पद मिल सकता है। थोड़े ही प्रयासों से आपके काम सफल हो जायेंगे। मेहनत के बलबूते कई सारे कार्य एक साथ कर लेंगे।

**कन्या** – आज प्रेम संबंधों को पारिवारिक सहमति मिल सकती है। जीवन के प्रति अपने दृष्टिकोण में कुछ परिवर्तन ला सकते हैं। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों के साथ तालमेल बहुत ही अच्छा रहेगा। माता-पिता के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**तुला** – आज ऑफिस का काम समय पर पूर्ण हो जायेगा। ग्रह स्थिति आपके पक्ष में हो सकती है। दोस्तों के साथ समय बिताना पसन्द करेंगे। सहकर्मी आपको अपमानित करने का प्रयास कर सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा में शुभ परिणाम प्राप्त होने के योग बन रहे हैं।

**वृश्चिक** – आज आपको अकारण यात्रा करनी पड़ सकती है। यदि भीड़भाड़ वाले इलाकों में जा रहे हैं तो सावधानी अवश्य रखें। घरेलू खर्चों में वृद्धि होगी। घर में अचानक बिना बुलाए मेहमान आ सकते हैं। पति-पत्नी के बीच नोंकझोंक हो सकती है। आपकी छवि में निखार आ सकता है।

**धनु** – आज घर के किसी अविवाहित सदस्य के विवाह की चर्चा हो सकती है। प्रभावशाली लोगों के बीच आपका उठना-बैठना रहेगा। मनोरञ्जन के संसाधनों पर धन खर्च करेंगे। शान्तिपूर्ण तरीके से समस्याओं का समाधान निकालने का प्रयास करें। समय का सदुपयोग करें।

**मकर** – आज अपनी नकारात्मक आदतों पर नियंत्रण रखें। गरिष्ठ और तला-भुना भोजन कब्ज और माइग्रेन का कारण बन सकता है। विरोधी आपके विरुद्ध षड्यंत्र रच सकते हैं। जॉब में तनाव बढ़ने की संभावना है। नई संपत्ति खरीदने का विचार बना सकते हैं।

**कुंभ** – आज यदि आप किसी समस्या से परेशान हैं, तो आपको उसका समाधान मिल सकता है। धैर्यवान होकर काम पूर्ण करें। जीवनसाथी का सहयोग अपने कार्य को लेकर ऊर्जा प्रदान करेगा। आपके करियर में नया मोड़ आ सकता है। उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिलेगा।

**मीन** – आज आपकी राय लोगों के लिए काफी महत्वपूर्ण हो सकती है। बहुमूल्य वस्तुओं को संभाल कर रखें। पैतृक संपत्ति को लेकर विवाद उपजने की आशंका है। स्वभाव में चिड़चिड़ापन अधिक हो सकता है। अधीनस्थ कर्मचारी उच्च अधिकारियों से असंतुष्ट हो सकते हैं।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
नजर के सामने – सुबह : 09 .40
सिंह इज किंग – रात : 07 .17

&pictures
खिलाड़ी – सुबह : 10 .44
तिरंगा – रात : 07 .30

SONY PIX
गूसबम्प्स – सुबह : 10 .14
इट चैप्टर टू – रात : 09 .00

ZEE CINEMA
भवानी जंक्शन – सुबह : 09 .10
हैपी फिर भाग जाएगी – शाम : 06 .00

ZEE ACTION
मास – सुबह : 10 .32
मक्खी – रात : 07 .30

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर शाम : 06 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी तैयार होकर अपने पति से पूछती है, बताओ मैं कैसी लग रही हूं?
पति – कसम से दिल कर रहा है कि तुम्हें उठाकर पाकिस्तान फेंक आऊं
पत्नी – क्या मतलब ?
पति-मतलब कि तुम बम लग रही हो बम...

एक औरत साड़ी की दुकान पर साड़ी लेने गई।
दुकानदार- बताइए मैडम जी, आपको कैसी साड़ी दिखाऊं?
औरत- मेरी सास, जेठानी, नंद, पड़ोसन सब देखकर जल जाएं ऐसी साड़ी दिखाओ।

## एक नजर

### विधायक ओपी श्रीवास्तव ने की अमन गौतम के परिजनों से मुलाकात

**लखनऊ :** लखनऊ पूर्वी क्षेत्र के विधायक ओपी श्रीवास्तव ने सोमवार को विकासनगर पहुंचकर मृतक अमन गौतम के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पत्नी को एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी। उन्होंने विधायक निधि से पांच लाख रुपये और देने का आश्वासन दिया। साथ ही, मुख्यमंत्री राहत कोष से भी 50 लाख रुपए दिलाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर विधायक ने विपक्षी दलों के नेताओं की ओर संकेत करते हुए कहा कि कुछ लोग यहां सिर्फ राजनीति करने आए थे।

### युवती को भगाने में मदद करने वाला इनामी गिरफ्तार

**बरेली :** युवती को भगाने में मदद करने वाले आरोपी को थाना सिरौली पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी दो वर्ष से फरार था और उसपर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सिरौली के मोहल्ला प्यास निवासी गौरे खां के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष प्रयागराज सिंह ने बताया कि वर्ष 2022 में कस्बे की एक युवती को मुनीम, अब्दुल और अज्जू भगाकर ले गए थे।

# अपहरण के आरोपी युवक की पुलिस हिरासत में मौत

## प्रारंभिक जांच के आधार पर चार पुलिसकर्मियों को किया निलंबित

**मुजफ्फरनगर/बिजनौर, एजेंसी**

शामली जिले में एक किशोरी का कथित तौर पर अपहरण करने वाले युवक की पुलिस हिरासत में मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को बताया कि अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है। एक पुलिस अधिकारी के अनुसार, प्रारंभिक जांच के आधार पर आरोपी उप निरीक्षक (दरोगा), थाना प्रभारी समेत चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है।

बिजनौर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अभिषेक कुमार झा के मुताबिक, स्योहारा थाने में रविवार को एक किशोरी (16) के अपहरण की शिकायत मिलने पर मामला दर्ज कर दरोगा सुनील कुमार को घटना की जांच सौंपी गई। झा ने बताया कि पुलिस की एक टीम ने



**मृतक के परिजन ने निष्पक्ष जांच की मांग की**

रविवार रात अंबाला से जोड़े को बरामद किया और बिजनौर ले जाते समय दरोगा सुनील कुमार ने उन्हें शामली में अपने घर पर अवैध रूप से रखा, जहां मुंडाखेडी गांव के रहने वाले आरोपी युवक की मौत हो गई। मृतक के पिता ने आरोप लगाया कि अंबाला से पुलिस अभिरक्षा में शामली लाए जाने के बाद उसके बेटे की हत्या कर दी गई। उसने मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की।

शामली के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) श्याम सिंह ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए शामली भेज दिया गया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। अधिकारियों के मुताबिक, पुलिस को संदेह है कि यह आत्महत्या का मामला हो सकता है, क्योंकि युवक और किशोरी के बीच प्रेम-प्रसंग था। उन्होंने कहा कि हालांकि, मौत का असल कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा।

बिजनौर के एसपी ने बताया कि अपर पुलिस अधीक्षक धर्म सिंह मार्छाल की प्रारंभिक जांच के आधार पर लापरवाही बरतने के आरोप में थाना प्रभारी स्योहारा अवनीत मान, जांच अधिकारी उप निरीक्षक सुनील कुमार मिठालिया, मुख्य आरक्षी राजीव और महिला आरक्षी अन्नू को निलंबित कर दिया गया है।

## अमन के परिवार को एक करोड़ की मदद व नौकरी दी जाए : अजय राय

**लखनऊ :** पुलिस हिरासत में हुई मौत के मामले में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने प्रभावित परिवार को एक करोड़ की आर्थिक मदद और मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी दिए जाने की मांग की है। उन्होंने सोमवार को विकासनगर में मृतक अमन के घर पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की और पार्टी की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

अमन की बहन ने कहा कि पुलिस ने उनके भाई को बिना वजह मार दिया। हम न्याय की इस लड़ाई को आखिरी दम तक लड़ेंगे और दोषियों को सजा दिलाकर ही चैन लेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि यह सरकार खासतौर पर अनुसूचित वर्ग, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यकों व वंचितों पर अत्याचार कर रही है। प्रदेश में आराजकता का माहौल है। इस मौके पर प्रदेश महासचिव मुकेश सिंह चौहान, अरशद खुर्शीद, सदस्य एआईसीसी ललन कुमार, आदि मौजूद रहे।

# दुधवा नेशनल पार्क में भ्रमण के साथ सुनने को मिलेंगी रोचक कहानियां : जयवीर सिंह

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार :** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि ईको टूरिज्म स्थल दुधवा नेशनल पार्क में शीघ्र ही भ्रमण के साथ-साथ रोचक कहानियां सुनने का भी मौका मिलेगा। नेचर गाइड्स का गुरुवार से प्रशिक्षण शुरू हो गया है। शनिवार, यानी छह दिनों तक रोजाना 10-10 घंटे ट्रेनिंग दी जाएगी। प्रशिक्षण में मार्निंग वाक से लेकर शाम तक युवाओं को यहां के नैसर्गिक सौंदर्य, वन्यजीव व अन्य विशेषताओं से परिचित कराया जा रहा है। इसके साथ ही स्टोरी टेलिंग की कला भी सिखाई जा रही है।

पर्यटन मंत्री ने सोमवार को




**पर्यटकों की सुविधा के लिए नेचर गाइडों का प्रशिक्षण शुरू**

**नेचर गाइड के लिए उम्र सीमा 18 से 35 वर्ष और न्यूनतम शिक्षा इंटर निर्धारित**

बताया कि उप्र. ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड ने इसका पूरा खाका खींच लिया है। पर्यटकों को यह सुविधा दुधवा के बाद कतर्निया और पीलीभीत टाइगर रिजर्व आदि पर्यटक स्थलों पर नेचर गाइड की सुविधा मिलेगी। इसके तीन लाभ हैं, पहला कि स्थानीय युवाओं की स्किल डेवलप होगी। दूसरा कि पर्यटकों को प्रशिक्षित गाइड की सुविधा मिलेगी और तीसरा स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। नेचर गाइड के लिए उम्र सीमा 18 से 35 वर्ष और न्यूनतम शिक्षा इंटर निर्धारित की गई हैं।

उन्होंने बताया कि नेचर गाइड पर्यटकों को गंतव्य के इतिहास, पर्यावरण और स्थानीय परंपराओं से गहराई से जोड़ते हैं। नेचर गाइड का प्रशिक्षण न केवल उनके कौशल को निखारता है बल्कि उन्हें आगंतुकों को प्रकृति के साथ एक स्थायी संबंध बनाने और इसके संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करने के लिए सशक्त बनाता है।

# आज राजधानी में जुटेंगे प्रदेश के 49 जिलों के बाल वैज्ञानिक

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार :** अलीगंज के सेक्टर क्यू स्थित भाउराव देवरस सरस्वती विद्या मंदिर में 22वें विज्ञान मेला का आयोजन किया गया है। तीन दिनों तक चलने वाले विज्ञान मेला में अनेक प्रतियोगिताओं को जीतने के बाद बाल वैज्ञानिक राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किए जाएंगे।

विद्या भारती द्वारा 22वां क्षेत्रीय विज्ञान मेला का आयोजन किया गया है। मेले में पूर्वी उत्तर प्रदेश के 49 जिलों के 360 बाल वैज्ञानिक हिस्सा लेंगे। विज्ञान मेले में विज्ञान के विभिन्न विषयों पर होने वाली

**तीन तरह की टीमें होंगी**

शिशु वर्ग जिसमें कक्षा चतुर्थ और पंचम के छात्र होंगे। दूसरी टीम बाल वर्ग की है जिसमें षष्ठ, सप्तम और अष्टम के छात्र होंगे जबकि तीसरी टीम तरुण वर्ग की होगी जिसमें एकादश और द्वादस के छात्र होंगे। प्रत्येक टीम में 42 प्रतिभागी होंगे और प्रश्न मंच, मॉडल प्रस्तुति और प्रयोग तीन श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा आयोजित की गई है।

प्रतियोगिताओं के लिए निर्णायक मंडल के 70 विशेषज्ञों की टीम तैयार की गई है। डॉ सौरभ मालवीय ने बताया कि मेले का उद्घाटन 3 बजे प्रदेश सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री अजीत पाल और स्थानीय विधायक नीरज बोरा करेंगे।

## अवैध शराब के खिलाफ जारी रहे कार्रवाई : नितिन अग्रवाल

**लखनऊ :** आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने कहा कि अवैध शराब के खिलाफ प्रवर्तन कार्रवाई लगातार जारी रहनी चाहिए। गन्ना संस्थान में सोमवार को विभागीय समीक्षा बैठक में उन्होंने न्यूनतम राजस्व वाले बस्ती, गोरखपुर और आजमगढ़ के अधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए शत-प्रतिशत राजस्व अर्जित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने बताया कि सितंबर महीने में 3246.67 करोड़ रुपये का आबकारी राजस्व प्राप्त हुआ है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में अब तक 22563.15 करोड़ रुपये राजस्व मिला जबकि गत वर्ष 20226.55 करोड़ रुपये मिला था।

## बच्चों को शिक्षा के साथ दीनी तालीम भी दें

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**मुकाबले में विजेता बच्चों को दिए गए पुरस्कार**

**अमृत विचार :** तहसीनी फाउंडेशन ने सोमवार को इस्लामी मालूमाती मुकाबले का आयोजन किया। इसमें उलमा ने कहा कि मुसलमान अपने बच्चों को दुनियावी शिक्षा के साथ दीनी तालीम भी जरूर दें।

जगतपुर स्थित एक शादी हाल में हुए कार्यक्रम की शुरुआत कुरान की तिलावत से हुई। तहसीनी फाउंडेशन के सचिव मौलाना तौहीद अहमद खां रजवी ने कहा कि शिक्षा इंसान को कामयाबी पर पहुंचाती है। इसके बाद इस्लामी मालूमाती इनामी मुकाबले के नतीजों का एलान किया गया। इसमें लड़कों के ग्रुप में पहला स्थान मुहम्मद फाजिल अंसारी और लड़कियों के ग्रुप में पहला स्थान महक फातिमा ने प्राप्त किया।

# ग्रेटर नोएडा में लागू होगा आधुनिक ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**227.60 करोड़ की धनराशि होगी खर्च, 357 जगह लगेंगे हाई क्वालिटी सर्विलांस कैमरे**

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में आधुनिक ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लागू करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह यातायात प्रबंधन और सुरक्षा में तीसरी आंख के तौर पर कार्य करेगा। 227.60 करोड़ रुपये की धनराशि से 357 जगहों हाई क्वॉलिटी सीसीटीवी सर्विलांस कैमरे लगाकर चप्पे-चप्पे की निगरानी हो सकेगी।

इस परियोजना में एक व्यापक यातायात प्रबंधन प्रणाली, वीडियो निगरानी, आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली व सार्वजनिक सूचना प्रणाली विकसित होगी। वहीं, प्रक्रिया के अंतर्गत, इंटीग्रेटेड कमांड व कंट्रोल सेंटर (आईसीसी) की भी होगी स्थापना जिससे नागरिकों व यहां आने वाले आगंतुकों की जीवन की गुणवत्ता में सुधार होगा। ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वार इस प्रक्रिया को पूरा कराया जाएगा।

मुख्यमंत्री की जीरो टॉलरेंस नीति को आगे बढ़ाते हुए परियोजना के अंतर्गत इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट के जरिए रियल टाइम टाइम ट्रैफिक मॉनिटरिंग की जाएगी जिससे अपराध नियंत्रण में मदद मिलेगी। प्रणाली के लागू होने से ट्रैवल टाइम में कमी लाने में मदद मिलेगी।

## दो दिन से लापता युवक का बाग में मिला शव

**चन्दौसी :** दो दिन से लापता संभल गेट स्थित कुम्हारों वाली गली निवासी पुष्पेंद्र प्रजापति (23) का शव आम के बाग में पड़ा मिला। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस व परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। युवक हलवाई की दुकान पर कार्य करता था। घटना की सूचना पर एएसपी ने मौके पर पहुंच कर जानकारी की। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजकर जांच शुरू कर दी है। शव के पास से चाकू का टूटा दस्ता और शराब की बोतल मिली है।

## आगरा फोर्ट-कासगंज स्पेशल ट्रेन 16 को रहेगी निरस्त

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल की ओर से कासगंज यार्ड मारहरा के पास निर्माण कार्य की वजह से 16 अक्टूबर को 4 घंटे 20 मिनट का ब्लॉक लिया जाएगा। इसकी वजह से आगरा फोर्ट-कासगंज स्पेशल ट्रेन निरस्त रहेगी और कई ट्रेनों को शार्ट टर्मिनेट और ओरिजिनेट किया जाएगा।

पूर्वोत्तर रेलवे के मुताबिक यार्ड के पास एलएचएस निर्माण कार्य में प्रोटेक्शन प्लेट की लांचिंग के लिए 16 अक्टूबर को सुबह 5:30 बजे से 9:50 बजे तक पावर और यातायात ब्लॉक लिया जाएगा। इसकी वजह से 05413/05414 कासगंज-आगरा फोर्ट-कासगंज स्पेशल ट्रेन निरस्त रहेगी। इसके अलावा 05369 कासगंज-लालकुआं स्पेशल ट्रेन को 16 अक्टूबर को कासगंज सिटी से शार्ट ओरिजिनेट किया जाएगा और ट्रेन कासगंज से कासगंज सिटी के मध्य निरस्त रहेगी।



**उत्सव** सोमवार को हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के दूसरे दिन देवी-देवताओं की पालकी को ले जाते श्रद्धालु। ● एजेंसी

# मंडी सचिव ने पकड़ा प्याज से भरा ट्रक

**संवाददाता, मंडी धनौरा (अमरोहा)**

**टीम ने माल मालिक से 66330 का जुर्माना वसूला**

**अमृत विचार :** एसडीएम चंद्रकांता के नेतृत्व में गठित टीम ने सोमवार को मंडी शुल्क चोरी कर कर्नाटक से जनपद बिजनौर के चांदपुर के लिए जा रहे प्याज से लदे ट्रक को पड़क लिया। टीम ने माल मालिक से 66330 का जुर्माना वसूला है।

एसडीएम चंद्रकांता ने बताया कि मंडी शुल्क चोरी करने वालों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। कृषि उत्पादन मंडी समिति के सचिव सचिन शर्मा ने टीम के साथ यह कार्रवाई की। गजरौला-चांदपुर मार्ग पर हीरा धर्म कांटा के पास चल रही चेकिंग के दौरान मंडी सचिव ने प्याज से लदे ट्रक को रोका। चेकिंग में पाया गया कि ट्रक में करीब 183 क्विंटल प्याज लदी हुई है। चालक ने इसे मार्केट यार्ड हुगली कर्नाटक से चांदपुर लेकर जाने की बात कही लेकिन उसके पास मंडी समिति से संबंधित कोई भी आवश्यक दस्तावेज नहीं मिला। चालक ने वाहन को छोड़ने का अनुरोध किया। इस पर मंडी सचिव ने 4020 रुपये मंडी शुल्क, 2010 रुपये विकास सेस और 60300 का शमन शुल्क सहित कुल 66330 रुपये का जुमार्ना वसूला।

# घर में घुसकर महिला की गला रेतकर हत्या

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/कांठ**

**अमृत विचार :** थाना कांठ क्षेत्र के गांव दरियापुर रफातपुर में सोमवार की सुबह किसान की पत्नी की गला रेत कर हत्या कर दी गई। आरोप है कि हत्यारे ने घर में मौजूद मृतका की देवरानी के हाथ-पैर बांधकर कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद महिला की गला रेत कर हत्या कर फरार हो गया। घटना की छानबीन के बाद पुलिस ने अज्ञात हत्यारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कांठ थाना क्षेत्र के रामगंगा के खादर स्थित गांव दरियापुर रफातपुर में किसान हरपाल सिंह का परिवार रहता है। उनके तीन बेटे राहुल, सौरभ और गौरव हैं। राहुल सबसे बड़ा बेटा है। आठ वर्ष पहले राहुल की शादी सीमा



सीमा

**पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू की**

से हुई थी। हरपाल सोमवार की सुबह राहुल, सौरव और गौरव के साथ खेत पर चारा लेने चले गए थे। राहुल की बड़ी बेटी रितिका स्कूल चली गई थी, जबकि छोटी बेटी गांव में ही खेलने गई थी और बेटा रुद्र घर में ही खेल रहा था। घर में जेठानी सीमा (38) और देवरानी सुधा (31) ही थे।

दोपहर को जब सभी लोग खेत से घर पहुंचे तो इन्हें घर में कोई दिखाई नहीं दिया। इस पर सीमा और सुधा की तलाश की गई। गौरव ने कमरे में जाकर देखा तो सुधा बेहाश नीचे पड़ी थी। उसके हाथ, पैर और मुंह बंधे हुए थे। तलाशने के बाद सीमा भूसे के कमरे में मृत अवस्था में पड़ी थी। धारदार हथियार से उसका गला रेता हुआ था। महिला की गला रेत कर हत्या की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर जुट गए। परिजनों घटना की सूचना कांठ थाना पुलिस को दी। इसके बाद एएसपी कुंवर आकाश सिंह, सीओ कांठ अपेक्षा निम्बाड़िया, इंस्पेक्टर क्राइम जय देव सिंह यादव भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जांच शुरू कर दी।

सीओ अपेक्षा निंबाडिया ने बताया कि मृतका के पति राहुल ने परिवार की किसी प्रकार की रंजिश से इनकार किया है। राहुल की तहरीर पर ही पुलिस ने अज्ञात हत्यारे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## आलू बीज की विक्रय दरों में कमी

**लखनऊ :** प्रदेश में आलू बीज की विक्रय दरों में कमी की गई है। इससे किसानों को लाभ मिल सकेगा। उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि वर्ष 2024-25 के लिए आलू बीज वितरण व विक्रय की दरें निर्धारित की गई हैं। आलू बीज की विभागीय दरों में 500 रुपये प्रति कुंतल की दर में कमी की गई है। अब आधारित प्रथम आलू 2995 रुपये प्रति कुंतल, आधारित द्वितीय आलू 2595 रुपये प्रति कुंतल, ओवर साइज (आधारित प्रथम) 2270 रुपये प्रति कुंतल, ओवर साइज (आधारित द्वितीय) 2210 रुपये प्रति कुंतल और आधारित प्रथम आलू ट्रूथफूल 2180 रुपये प्रति कुंतल हो गया है। उद्यान मंत्री ने बताया कि लगभग 6.96 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में बुवाई का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## विस. की समितियों के माध्यम से होता है क्षेत्र का विकास : महाना

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**विधानसभा अध्यक्ष ने विभिन्न समितियों के उद्घाटन बैठक को किया संबोधित**

**अमृत विचार :** विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि कि आम धारणा है कि विधायक का काम केवल क्षेत्र का विकास कराना होता है लेकिन अपने क्षेत्र में जनमानस को बताना चाहिए कि विधानसभा की समितियों के माध्यम से हम अपने क्षेत्र का विकास कार्य कराते हैं।

विधानसभा अध्यक्ष सोमवार को प्राक्कलन समिति, आश्वासन समिति, लोकलेखा समिति, सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति तथा प्रतिनिहित विधायन समिति की उद्घाटन बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विधानसभा जितनी महत्वपूर्ण है उतनी ही महत्वपूर्ण उसकी समितियां हैं। सदन में जो मामले उठाए जाते है, उन सभी का इन समितियों के माध्यम से ही क्रियान्वयन होता है। लोकतान्त्रिक व्यवस्था में विधानसभा की समितियों का अपना महत्व होता है। इसलिए समिति का हर सदस्य हमारा ब्रांड एंबेसडर है।

सतीश महाना ने समिति के नए सदस्यों से कहा कि वह बैठकों के दौरान अपनी बात शालीनता से रखने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि विधानसभा समितियों का सदस्य होना ही गौरव की बात होती है। वह अपने क्षेत्र में समितियों के महत्व के बारे में बताए। जिससे जनता विधायिका से जुड़ने का काम कर सके।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **14.11.2024 को 15.00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सूचना संख्या | 010402024 दिनांक 14.10.2024 | | |
| निविदा संख्या | 15-Sr.DEN-IV-LKO/2024-25 | | |
| कार्य का नाम | वरि. मण्डल इंजीनियर/चतुर्थ/उत्तर रेलवे/लखनऊ के अधीन लखनऊ–सुल्तानपुर–जफराबाद सेक्शन मे झाँसी/कबरई खदान से रेक द्वारा 65एमएम गेज की मशीन से तोड़ी गई हार्ड स्टोन गिट्टी की आपूर्ति और स्टैकिंग विनिर्देश (आई एस/आरडी एस ओ–सीई/000–2023 फरवरी 2023) निर्देशानुसार नवीनतम सुधार पर्ची की पुष्टि करने वाली (कुल मात्रा 20000 घन मीटर) | | |
| अनुमानित लागत | Rs.1,55,58,000.00 | धरोहर राशि | Rs. 2,27,800.00 |
| कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 06 माह। | | |
| निविदा डालने का प्रारंभ | 31.10.2024 | | |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 14.11.2024 at 15:00 बजे | | |
| वेबसाईट | www.ireps.gov.in | | |

नोट:– 1. निविदाकर्ता निविदा डालते समय गिट्टी की (इम्पैक्ट वेल्यू जो कि IS:2366 Pt-IV-1963 पर आधारित हो, अब्रेशन वैल्यू जो कि IS:2386 Pt-III-1963 पर तथा वाटर एब्जोरपशन वैल्यू जो कि IS:2386 Pt-III-1963 पर आधारित हो) की जांच रिर्पोट जो कि रेलवे प्रयोगशाला/राजकीय प्रयोगशाला/राजकीय स्वामित्व वाले इंजीनियरिंग कालेज/राजकीय पालीटेक्निक/आई0आई0टी0 तथा एन0आई0टी0 की हो तथा निविदा नोटिस की तिथि से निविदा बंद होने की तिथि बीच की हो को संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जायेगी।

2. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 3182/2024

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

# उत्तराखंड

# देहरादून-टनकपुर एक्सप्रेस को बेपटरी करने की साजिश

**संवाददाता, खटीमा**

**अमृत विचार :** जनपद हरिद्वार के रुड़की के बाद अब ऊधमसिंह नगर जनपद के सीमान्त क्षेत्र खटीमा में असामाजिक तत्वों द्वारा देहरादून-टनकपुर एक्सप्रेस ट्रेन को पलटने की कोशिश की गई। हालांकि ट्रेन के चालक की सूझबूझ से पटरी पर रखी मोटी विद्युत केबल (वायर) से एक बड़ा हादसा होने से बच गया।

लोको पायलट ने ट्रेन की पटरी पर रखी मोटी केबल (वायर) पर नजर पड़ते ही इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोक दी। पायलट ने सूचना तत्काल उच्च अधिकारियों को दी। सोमवार तड़के हुई घटना से पुलिस और रेलवे महकमे में हड़कंप मच गया। बाद में केबल



रेलवे ट्रैक व बरामद विद्युत केबल का निरीक्षण करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

हटाने के बाद ट्रेन टनकपुर के लिए रवाना हुई।

पुलिस के मुताबिक, सोमवार तड़के करीब 3.18 बजे गाड़ी संख्या 15019 देहरादून से टनकपुर एक्सप्रेस ट्रेन आ रही थी। खटीमा-बनबसा रेलवे स्टेशन के बीच अमाऊं क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर मोटी विद्युत केबल (वायर) रखी हुई थी। उस पर नजर पड़ते ही पायलट जसीम राजा व सहायक लोको पायलट भुनेश कुमार ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक दिया। मौके पर देखा तो करीब 10 फुट लंबी 300 वर्ग एमएम का 11000 केवी का विद्युत केबल (वायर) पटरी पर रखा। जिसे घटनास्थल के पास के ही गेटमैन राहुल सिंह

**खटीमा में लोको पायलट की सूझबूझ से टला हादसा**

**पटरी पर रखी गई थी मोटी केबल इमरजेंसी ब्रेक लगाकर रोकी ट्रेन**

के सहयोग से उठाकर ट्रेन के इंजन में रखकर बनबसा रेलवे स्टेशन पर सुपुर्द कर दिया गया।

घटना के चलते ट्रेन 3.18 से 3.33 बजे तक मौके पर खड़ी रही। उसके बाद टनकपुर के लिए रवाना हुई। एक बड़ा हादसा हो सकता था लेकिन पायलट व लोको पायलट की सूझबूझ से हादसा टल गया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है। इसके अलावा आरपीएफ (रेलवे पुलिस फोर्स) और जीआरपी (राजकीय रेलवे पुलिस) समेत अन्य एजेंसियों भी जांच कर रही हैं।

## माता के जागरण में गई किशोरी से गैंग रेप, एक गिरफ्तार

**हल्द्वानी :** माता के जागरण में शामिल होने गई किशोरी (15) से दो युवकों ने गैंग रेप किया। जागरण से लौटते वक्त आरोपी उसे जबरन आम के बगीचे में खींच ले गए, जहां उसके साथ दोनों ने दुष्कर्म किया और फरार हो गये। पीड़िता दोनों आरोपी लड़कों को जानती थी। बताया कि आशीष (23) और हिमांशु (24) ने उसके साथ दुष्कर्म किया है। पीड़िता की मां की तहरीर पर मुखानी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी हिमांशु को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि दूसरे आरोपी की तलाश के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

# लालकुआं में नकली नोट चलाने वाले गिरोह का भंडाफोड़

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**पश्चिम बंगाल से नकली नोट लाकर उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश में खपा रहे थे**

**अमृत विचार :** नैनीताल जिले की पुलिस ने लालकुआं में नकली नोट चलाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। सात आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 3,07,000 रुपये कीमत के 500-500 के नकली नोट बरामद किए हैं। पश्चिम बंगाल से नकली नोट लाकर गिरोह के सदस्य उन्हें उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश के बाजारों में न केवल खपा रहे थे, बल्कि बेच भी रहे थे।

लालकुआं के वार्ड एक, अंबेडकरनगर निवासी शिवम वर्मा के करंट अकाउंट में देश-विदेश से बड़े पैमाने पर धनराशि का लेन-देन हो रहा था। जबकि शिवम का ऐसा कारोबार भी नहीं है। स्थानीय बैंक प्रबंधन ने इस बारे में उच्च स्तर पर प्रबंधन को अवगत कराया। जिसके बाद बैंक ने शिवम के अकाउंट को सीज कर दिया और मामले की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस ने जांच के बाद 9 अक्टूबर को शिवम वर्मा को दबोच लिया था। एसएसपी ने बताया कि शिवम वर्मा गिरोह का सरगना है, उससे पूछताछ के आधार पर टीम ने लालकुआं से आसिफ अंसारी, सय्यद मौज्जम अली, अली मोहम्मद, विनोद कुमार, विजय टम्टा और संतोष कुमार को नकली नोटों के साथ गिरफ्तार किया।

## पहाड़गंज में शादी की दावत में पका डाला प्रतिबंधित गोमांस

**रुद्रपुर :** पहाड़गंज में एक शादी की पार्टी में प्रतिबंधित गोमांस पकाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने कच्चा व अधपका मांस बरामद कर वीडियोग्राफी भी की है। वहीं पशु चिकित्साधिकारी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। 13 अक्टूबर को दरोगा प्रवीण सिंह रात्रि गश्त कर रहे थे। तभी सूचना मिली कि पहाड़गंज मस्जिद वाली गली स्थित अजगर अली के घर पर शादी समारोह में प्रतिबंधित गोमांस तैयार किया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर जाकर दबिश दी और बरामद मांस की जांच करवाई। इसके आधार पर पुलिस ने 66 किग्रा प्रतिबंधित गोमांस बरामद किया।

| बाजार | संसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 81,973.05 | 25,127.95 |
| बढ़त | 591.69 | 0.66 |
| प्रतिशत में | 0.73 | 0.07 |

## लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल गेहूँ (आरआर 21) 2360–2800 गेहूँ (के 65) 3500–3800 बाजरा 2200–2300 मक्का 2700–2800 जौ 2900–3000 चावल प्रति कुन्तल चावल सेल्हा 2800–3100 चावल बासमती 7000–8000 चावल मोटा 2800–3000 चावल मन्सूरी 3200–3500 चावल शक्कर चीनी 4800–5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600–8600 चावल राजरानी 7000–7500 दाल दलहन चना देशी 6800–7000 चना फार्मी 7200–7500 चना काबली 14500–17000 मटर हरा 6000–620 मटर सफेद 6100–6500 दाल चना 8000–8400 दाल मटर 6400–6500 उड़द हरा 12000–12500 उड़द काला 9000–9500 दाल उड़द हरी 15500–16000 दाल उड़द काली 10500–11000 दाल उड़द धोवा 12000–12500 मूँग खड़ा 10000–10500 मूँग दाल 10500–11000 मूँग धोवा 12000–13000 मसूर 8800–9000 मलका 9000–9500 दाल अरहर फूल 16000–17000 दाल स्पेशल 13000–14000 राज्मा सफेद 13000–14000 राज्मा काला 11500–12500 मूँगफली का दाना 11000–12000 तेल तिलहन अलसी 5310–5510 लाही 4800–5200 काली सरसों 4900–5300 पीली सरसों 5600–5800 तेल सरसों (प्रति 15 ) 1475–1900 तेल अलसी 2600–2700 तेल तिल्ली 2600–2700 तेल मूँगफली रिफाइन्ड 3400–3500 तेल नारियल 2700–2800 तेल सोयाबीन 1650–1700 वनस्पति बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200 मैदा 3000–3100 आटा 2700–2900

## सर्राफा

लखनऊ

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 78,350 |
| सोना रवा | 78,200 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 93,600 |
| चांदी (999) | 93,500 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

# खुदरा महंगाई बढ़कर नौ माह के उच्चस्तर 5.49 प्रतिशत पर

## खाद्य कीमतों में तेजी के कारण उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में आया उछाल

- आरबीआई की नीतिगत ब्याज दर में भविष्य में कटौती की उम्मीद धूमिल

नयी दिल्ली, एजेंसी



विशेष रूप से खाद्य कीमतों में तेजी के चलते देश में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति सितंबर 2024 में उछल कर 5.49% पर पहुंच गयी। यह खुदरा मुद्रास्फीति का नौ माह का उच्चतम स्तर है और इससे भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की नीतिगत ब्याज दर में निकट भविष्य में कटौती की उम्मीद धूमिल हो सकती है।

अगस्त में खुदरा मुद्रास्फीति 3.65% थी। आरबीआई खुदरा मुद्रास्फीति को 4% या हद से हद 2% ऊपर-नीचे की सीमा में बनाए रखना चाहता है। सितंबर में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति क्रमशः 5.87 और 5.05% रही। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार सितंबर, 2024 में मुद्रास्फीति दर में उछाल मौसम की स्थिति के कारण विशेष रूप से सब्जियों और अन्य खाद्य वस्तुओं की कीमतों के ऊंचा बने रहने के साथ साथ तुलनात्मक आधार के प्रभाव के कारण भी है।

### आरबीआई की थी घोषणा

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, इस साल सितंबर में खाद्य मुद्रास्फीति पिछले महीने के 5.66 से बढ़कर 9.24% हो गई। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति ने पिछले सप्ताह नीतिगत रेपो दर को नौवीं बार 6.50% पर अपरिवर्तित रखने का फैसला किया, जबकि कुछ तिमाहियों में दर में कटौती की चर्चा थी। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा था कि सितंबर के लिए खुदरा मुद्रास्फीति में खाद्य वस्तुओं के मूल्यों में तेजी से बड़ा उछाल देखा जा सकता है। आरबीआई का कहना कि 2023-24 में प्याज, आलू और चना दाल (ग्राम) के उत्पादन में कमी का बाजार पर प्रभाव बना हुआ है।

# एसएमई : देश के आर्थिक विकास के लिए प्रेरक

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एसएमई) किसी भी देश की अर्थव्यवस्था का आधार हैं। ये उद्यम नवाचार, रोजगार सृजन और समुदायों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एसएमई में निवेश से उच्च विकास की संभावनाएं, विविधता और अर्थव्यवस्था को समर्थन मिलता है। इन निवेशों के साथ जोखिम भी होते हैं, जैसे आर्थिक अस्थिरता और प्रतिस्पर्धा। सही शोध और रणनीति के साथ, नए निवेशक एसएमई में अवसरों का लाभ लेसकते हैं इस पर आइये गौर करें ...



- **सूक्ष्म उद्यम :** जिनमें 10 कर्मचारी और सालाना टर्नओवर निश्चित सीमा (जैसे 2 करोड़) होता है।
- **लघु उद्यम :** जिनमें 10 से 50 कर्मचारी होते हैं और टर्नओवर लगभग 10 करोड़ तक होता है।
- **मध्यम उद्यम :** जिनमें 50 से 250 कर्मचारी होते हैं और टर्नओवर 10 से 50 करोड़ के बीच होता है।

### कंपनियां

- विनिर्माण
- सेवा उद्योग
- कृषि
- खुदरा
- आईटी और टेक्नोलॉजी

### निवेश के लाभ

- **उच्च विकास की संभावना :** एसएमई अक्सर नवाचार के लिए प्रेरित होते हैं और इसलिए उनमें विकास की अच्छी संभावनाएं होती हैं।
- **निवेश में विविधता :** छोटे और मध्यम उद्यमों में निवेश करने से आपका पोर्टफोलियो विविध हो सकता है।
- **स्थानीय अर्थव्यवस्था का समर्थन :** एसएमई स्थानीय समुदायों में रोजगार पैदा करते हैं और आर्थिक विकास में मदद करते हैं।

### जोखिम

- **आर्थिक अस्थिरता :** छोटे उद्यम अक्सर आर्थिक परिवर्तनों के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं।
- **सीमित संसाधन :** इसमें पूंजी, तकनीकी और मानव संसाधनों की कमी होती है।
- **प्रतिस्पर्धा :** बड़े कंपनियों से प्रतिस्पर्धा करना कठिन हो सकता है।

### कैसे करें निवेश

- **शोध करें :** एसएमई के व्यापार मॉडल, मार्केटिंग रणनीतियों और वित्तीय स्थिति का विश्लेषण करें।
- **नेटवर्किंग :** स्थानीय व्यापार संघों, निवेश फोरम और प्रदर्शनी में भाग लें।
- **मूल्यांकन :** निवेश से पहले व्यवसाय योजना को अच्छी तरह से समझें।

## सोना फिर 78,700 के उच्चस्तर पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** स्टॉकिस्टों और व्यापारियों की सतत लिवाली के कारण सोमवार को सोने की कीमत 200 रुपये बढ़कर 78,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई। हालांकि, वैश्विक स्तर पर सोने में गिरावट आई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। शुक्रवार को सोना 78,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। ताजा औद्योगिक मांग के कारण चांदी 500 रुपये बढ़कर 93,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले बंद भाव में यह 93,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

# सीमा पार धन प्रेषण की लागत व समय कम करने पर जोर

नई दिल्ली, एजेंसी



- आरबीआई के गवर्नर ने की वकालत, आईओएम के रिपोर्ट अनुसार, भारत का धनप्रेषण 111 अरब डॉलर

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने सोमवार को विदेश भेजे जाने वाले धन में लगने वाले समय और लागत को कम करने की वकालत की, जो भारत सहित कई विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए महत्वपूर्ण है। अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) द्वारा जारी विश्व प्रवासन रिपोर्ट 2024 के अनुसार, पिछले वर्ष भारत का धनप्रेषण अन्य सभी देशों से आगे बढ़कर 111 अरब डॉलर हो गया।

बैंक ऑफ इंग्लैंड के अनुमान के अनुसार, वैश्विक सीमा पार भुगतान का मूल्य 2027 तक 250 लाख करोड़ डॉलर से अधिक होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि सीमा पार श्रमिकों द्वारा भेजे जाने वाले धन की महत्वपूर्ण मात्रा, पूंजी के सकल प्रवाह का बढ़ता आकार और सीमा पार ई-कॉमर्स के बढ़ते महत्व ने इस वृद्धि में उत्प्रेरक का काम किया है। दास ने सेंट्रल बैंकिंग एट क्रॉसरोड्स विषय पर आयोजित सम्मेलन में कहा कि भारत सहित कई उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए सीमा पार पीयर-टू-पीयर (पी2पी) भुगतान की संभावनाओं को तलाशने के लिए धन प्रेषण शुरुआती बिंदु है। हमारा मानना है कि ऐसे धन प्रेषणों की लागत और समय को महत्वपूर्ण रूप से कम करने की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि डॉलर, यूरो और पाउंड जैसी प्रमुख मुद्राओं में लेनदेन निपटाने के लिए वास्तविक समय सकल निपटान (आरटीजीएस) के विस्तार की व्यवहार्यता द्विपक्षीय या बहुपक्षीय व्यवस्था से तलाशी जा सकती है। भारत और कुछ अन्य अर्थव्यवस्थाओं ने द्विपक्षीय और बहुपक्षीय दोनों तरीकों से सीमा पार तीव्र भुगतान प्रणालियों के विस्तार के प्रयास पहले ही शुरू कर दिए हैं। इनमें प्रोजेक्ट नेक्सस भी शामिल है, जो चार आसियान देशों (मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर और थाईलैंड) और भारत की घरेलू त्वरित भुगतान प्रणालियों (आईपीएस) को जोड़कर सीमा पार खुदरा भुगतान को सक्षम करने के लिए बहुपक्षीय अंतर्राष्ट्रीय पहल है।

# चीन के मुकाबले 5 वर्ष में भारतीय बाजार ने दिया अच्छा रिटर्न : सेबी

मुंबई, एजेंसी

- घरेलू शेयर बाजार ने लगातार 15% रिटर्न दिया, जबकि चीन में यह शून्य
- सेबी ने कम जोखिम पर अधिक रिटर्न देने वाले भारतीय बाजार को सोने पे सुहागा बताया

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पूर्णकालिक सदस्य अनंत नारायण ने सोमवार को निवेशकों से कहा कि घरेलू शेयर बाजार ने पांच साल में लगातार 15% रिटर्न दिया है, जबकि चीन में यह शून्य है और कई मामलों में तो गिरावट रही है। नारायण ने कम जोखिम पर अधिक रिटर्न देने वाले भारतीय बाजार को सोने पे सुहागा बताते हुए निवेशकों के लिए सावधानी के कुछ क्षेत्रों को भी चिह्नित किया और उन्हें जोखिमों के प्रति सचेत रहने के लिए कहा।

उन्होंने कहा कि कुछ दिनों में चीन के बाजारों के बारे में काफी चर्चा हो रही है। लेकिन पांच साल में भारतीय बाजार ने लगातार लगभग 15% सालाना का रिटर्न दिया है। वहीं चीन इसके आसपास भी नहीं हैं। वहां रिटर्न शून्य है। वास्तव में हांगकांग जैसे कुछ मामलों में निवेशकों को नुकसान उठाना पड़ा है। नारायण ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में निवेशक जागरूकता सप्ताह की शुरुआत के कार्यक्रम में कहा कि 2023-24 भारत के लिए उल्लेखनीय वर्ष था। इसमें सूचकांकों ने 28% का रिटर्न दिया है।



## एक नजर

### असम : चार करोड़ मूल्य की हेरोइन जब्त, एक गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम में गुवाहाटी के उपनगरीय इलाके में सोमवार को ट्रक से चार करोड़ रुपये की हेरोइन बरामद की गई और इस सिलसिले में असम पुलिस के विशेष कार्य बल ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। नागालैंड से गुवाहाटी की ओर मादक पदार्थ ले जाने की सूचना पर पुलिस ने जोराबाट के निकट अभियान चलाया और ट्रक को रोका। तलाशी के दौरान पुलिसकर्मियों ने 537.2 ग्राम हेरोइन से भरे साबुन के 45 डिब्बे बरामद किए, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत चार करोड़ से अधिक है।

### कोविड-19 रोधी टीकों के दुष्प्रभाव वाली याचिका रद

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कोविड-19 रोधी टीका लगाने से खून में थक्का बनने जैसे दुष्प्रभाव होने का आरोप लगाने वाली जनहित याचिका को सोमवार को खारिज कर दिया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला एवं मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि जनहित याचिका सिर्फ सनसनी फैलाने के इरादे से दायर की गई है। इस पर कार्रवाई के लिए मुकदमा दायर करें। इसका क्या उपयोग है? कृपया यह भी समझें कि अगर आप टीका नहीं लेते हैं तो इसका क्या दुष्प्रभाव होगा।

### कोर्ट से केंद्र ने कहा- चारधाम परियोजना 75 प्रतिशत पूर्ण

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय को सूचित किया कि सामरिक रूप से अहम उत्तराखंड की चारधाम परियोजना के तहत आवंटित ठेके का 75 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। इसके तहत चीन तक यातायात के लिए सड़क बनाई जा रही है। सामरिक रूप से अहम 900 किलोमीटर लंबी सड़क परियोजना का उद्देश्य उत्तराखंड के चार पवित्र धामों यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बदरीनाथ को साल पर चालू रहने वाली सड़कों से जोड़ना है। केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार और न्यायमूर्ति उज्ज्ल भुइयां की पीठ को बताया कि शीर्ष अदालत द्वारा गठित निगरानी समिति ने उच्चतम न्यायालय को दो रिपोर्ट दाखिल की हैं।

### आबकारी मामला: अभिषेक की जमानत मंजूर की

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली के कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में हैदराबाद के व्यवसायी अभिषेक बोइनपल्ली की जमानत अर्जी सोमवार को मंजूर कर ली। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और अरविंद कुमार की पीठ ने अंतरिम जमानत के पहले के आदेश को नियमित जमानत में तब्दील किया। ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने जमानत का विरोध नहीं किया।

# कांग्रेस चला रही भू हड़प आंदोलन

## राहुल खरगे के जमीन आवंटन अनुरोध को वापस लेने पर भाजपा ने घेरा

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस अध्यक्ष के बेटे राहुल ने सिद्धारमैया की पत्नी के भूखंड लौटाने के बाद ये कदम उठाया
- भाजपा ने सिद्धारमैया समेत कांग्रेस के कई नेताओं पर जमीन घोटालों का आरोप लगाया

भाजपा ने सोमवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व भूमि सौदों से जुड़े भ्रष्टाचार में लिप्त है और पोल खुलने के बाद उसे नैतिक आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए। भाजपा ने कांग्रेस पर ऐसे समय हमला किया जब कर्नाटक में सिद्धार्थ विहार ट्रस्ट के अध्यक्ष राहुल एम. खरगे ने बहु-कौशल विकास, प्रशिक्षण एवं अनुसंधान केंद्र के लिए बेंगलुरु में पांच एकड़ जमीन आवंटन के अनुरोध को वापस ले लिया।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बेटे राहुल का यह कदम सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती द्वारा मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण को 14 भूखंड लौटाने के बाद आया है। लोकायुक्त पुलिस ने इस मामले को लेकर सिद्धारमैया, उनकी पत्नी और रिश्तेदार के खिलाफ मामला दर्ज किया था। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि ये फैसले नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएजी) की प्रतिकूल रिपोर्ट और कानूनी कार्यवाही पर लिए गए हैं और एक तरह से यह उसके नेताओं की स्वीकारोक्ति है कि भू आवंटन गलत था।

त्रिवेदी ने सिद्धारमैया समेत कांग्रेस के कई नेताओं पर जमीन घोटालों का आरोप लगाया और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से पूछा कि उनकी मोहब्बत की दुकान अब अवैध प्रॉपर्टी डीलर की दुकान में कैसे तब्दील हो गई?

### भूमि हड़पने का कार्य कांग्रेस में सर्वोच्च स्तर पर

त्रिवेदी ने खरगे और सिद्धारमैया के परिवार द्वारा जमीन लौटाने का उल्लेख करते हुए कहा कि यह उनकी स्वीकारोक्ति है। सत्ता का दुरुपयोग करके भूमि को हड़पने का कार्य कर्नाटक में कांग्रेस में सर्वोच्च स्तर पर हो रहा था। उन्होंने कांग्रेस से सवाल किया कि सिर्फ जमीन लौटाने से काम नहीं चलेगा। नैतिकता के आधार पर जिन्होंने जमीन वापस की, क्या उन्हें इस्तीफा नहीं देना चाहिए? त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि महात्मा गांधी और विनोबा भावे के भूदान से जुड़ी पार्टी अब सोनिया और राहुल गांधी की प्रेरणा से भू हड़प आंदोलन चला रही है। जमीन को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, भूपेश बघेल और कमलनाथ तथा कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार समेत अन्य के खिलाफ आरोप लगाए गए हैं।

## उप्र के सीएम ने भी अपने मुकदमों को वापस लिया था : परमेश्वर

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के गृहमंत्री जी.परमेश्वर ने 2022 में हुबली में हुए दंगे के आरोपियों पर से मुकदमे वापस लेने का सोमवार को बचाव करते हुए दावा किया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी खुद पर दर्ज मुकदमों को वापस लिया था। उत्तरी कर्नाटक के हुबली में 16 अप्रैल 2022 को दंगे के दौरान पुलिस पर पत्थरबाजी की आरोपी भीड़ पर दर्ज मुकदमे वापस लेने के कर्नाटक सरकार के फैसले के खिलाफ भाजपा फ्रीडम पार्क में प्रदर्शन कर रही है। इस बारे में सवाल किए जाने पर परमेश्वर ने यह टिप्पणी की।



सूत्रों ने बताया कि परमेश्वर को अंजुमन-ए-इस्लाम द्वारा दी गई अर्जी के बाद मंत्रिमंडल ने 43 मामलों को वापस लिया, जिनमें हुबली का मामला भी है। परमेश्वर ने कहा कि मामलों को वापस लेने के प्रस्ताव को मंजूरी देने के बाद अदालत को जानकारी दी गई है। अगर अदालत इसे स्वीकार कर लेती है तो मामले वापस हो जाएंगे। हम सतर्कता से प्रक्रिया का पालन करेंगे। हम मामले केवल इसलिए वापस नहीं लेंगे क्योंकि किसी ने ऐसा करने के लिये कहा है।

# मेक इन इंडिया अब बनकर रह गया फेक इन इंडिया : कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी



- केंद्र सरकार का किया घेराव, बोली- इसके उद्देश्य साबित हुए जुमले

कांग्रेस ने सोमवार को आरोप लगाया कि मेक इन इंडिया की शुरुआत के समय नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने इसके जो उद्देश्य बताए थे वे जुमले साबित हुए हैं और मेक इन इंडिया अब फेक इन इंडिया बन गया है। कांग्रेस महासचिव (संचार प्रभारी) जयराम रमेश ने कहा कि पिछले दशक में हमारे देश का आर्थिक नीति निर्माण स्थिर, पूर्वानुमान एवं समझदारी से भरा नहीं रहा है।

रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया कि मेक इन इंडिया की घोषणा के साथ प्रधानमंत्री ने चार उद्देश्य तय किए गए थे। उनकी स्थिति क्या है, इसे लेकर पड़ताल- पहला जुमलाः भारतीय उद्योग की विकास दर बढ़ाकर 12-14% प्रति वर्ष करना। हकीकत में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर औसतन 5.2% है। दूसरा जुमला : 2022 तक औद्योगिक क्षेत्र में 10 करोड़ नौकरियां पैदा करना। हकीकत : श्रमिकों की संख्या 2017 में 5.13 करोड़ थी, जो गिरकर 3.56 करोड़ हो गई। तीसरा ्र : 2022 तक और 2025 तक निर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी को जीडीपी के 25% ले जाएंगे। हकीकत में विनिर्माण का हिस्सा 2011-12 में 18.1 प्रतिशत था। यह गिरकर 14.3 प्रतिशत रह गया है।

# मुंबई में प्रवेश करने वाले हल्के मोटर वाहनों पर नहीं लगेगा टोल शुल्क

मुंबई, एजेंसी

- विधानसभा चुनाव से पहले महाराष्ट्र सरकार ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद लिया निर्णय

महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई में प्रवेश के लिए सभी पांच टोल बूथ पर हल्के मोटर वाहनों के लिए टोल शुल्क पूरी तरह समाप्त करने की सोमवार को घोषणा की और यह फैसला आज मध्यरात्रि से लागू हो जाएगा। राज्य मंत्रिमंडल के मुंबई में सोमवार सुबह हुई बैठक में टोल शुल्क समाप्त करने की अनुमति देने के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि टोल बूथ पर यातायात जाम से टोल शुल्क समाप्त करने की मांग थी।

एक अधिकारी ने बताया कि यह कदम आगामी राज्य विधानसभा चुनाव से पहले लिया गया है। टोल शुल्क समाप्त करने से दिवाली से पहले मुंबई आने और जाने वालों को राहत मिलेगा।यात्री पांच बूथ दहीसर, एलबीएस रोड-मुलुंड, ईस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे-मुलुंड, एरोली क्रीक ब्रिज और वाशी पर टोल दिए बिना यात्रा कर सकेंगे। हल्के मोटर वाहनों में कार (हैचबैक, सीडान और एसयूवी), जीप, वैन, ऑटो-रिक्शा, टैक्सी, डिलीवरी वैन और छोटे ट्रक शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि छह लाख से अधिक वाहन रोज मुंबई की सीमा पार करते हैं जिनमें से 80 फीसदी हल्के वाहन हैं। शिंदे ने कहा कि टोल शुल्क समाप्त करने के कदम से समय एवं ईंधन बचेगा और प्रदूषण कम होगा।

# अनशन जारी, दो और डॉक्टरों की हालत बिगड़ी

### आरजी कर मामला

कोलकाता, एजेंसी



मांगों को लेकर रैली निकालते डॉक्टरों के साथ लोग।

आरजी कर अस्पताल की घटना के बाद मांगों को लेकर चिकित्सकों का आमरण अनशन सोमवार को 10वें दिन भी जारी है। अधिकारियों ने बताया कि इस बीच दो और चिकित्सकों की तबीयत बिगड़ गयी और उनमें से एक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

उन्होंने बताया कि एनआरएस मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पुलस्थ आचार्य को पेट में दर्द के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। वरिष्ठ चिकित्सक ने कहा कि पुलस्थ क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) में भर्ती हैं। कोलकाता मेडिकल कॉलेज की एक और चिकित्सक तान्या पंजा की भी दोपहर को तबीयत बिगड़ गयी है, लेकिन उन्हें अस्पताल में भर्ती नहीं कराया गया है। वहीं प्रदर्शनकारी चिकित्सकों ने सोमवार को धर्मतला के पास डोरिना चौराहे से यह मार्च निकाला, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के लोग शामिल हुए। पांच डाक्टरों के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल बोस से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा है।

## वक्फ पर संसदीय समिति की बैठक का किया बहिष्कार

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों ने वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार कर रही संसदीय समिति की बैठक का सोमवार को बहिष्कार करते हुए आरोप लगाया कि समिति नियम-कानून के अनुसार काम नहीं कर रही है। कांग्रेस के गौरव गोगोई और इमरान मसूद, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के ए राजा, शिवसेना (यूबीटी) के अरविंद सावंत, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के असदुद्दीन ओवैसी, सपा के मोहिबुल्लाह और आप के संजय सिंह जैसे विपक्षी सांसद बैठक से बाहर निकल गए और इसकी कार्यवाही को लेकर अपनी चिंताएं व्यक्त कीं। सावंत ने कहा कि विधेयक पर गौर कर रही संयुक्त समिति नियमों के मुताबिक काम नहीं कर रही है। अन्य सांसदों ने आरोप लगाया कि समिति के समक्ष उपस्थित व्यक्ति को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जैसे वरिष्ठ सदस्यों पर आरोप लगाने की अनुमति दी गई।

## मोदी पर टिप्पणी : थरूर पर मानहानि की कार्यवाही को लेकर रोक बढ़ी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मानहानि मामले में कांग्रेस सांसद शशि थरूर के खिलाफ निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक सोमवार को चार सप्ताह के लिए बढ़ा दी। यह मामला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को निशाना बनाकर कथित शिवलिंग पर बिच्छू वाली टिप्पणी के विरुद्ध दायर मानहानि याचिका से जुड़ा है।



न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने दिल्ली पुलिस और शिकायतकर्ता को थरूर की याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया है। पीठ ने निर्देश दिया कि मानहानि की कार्यवाही पर रोक अंतरिम आदेश जारी रहेगा।

# बीएनएस में आईपीसी की धारा 377 के समान प्रावधान बाहर करने के खिलाफ याचिका रद

नई दिल्ली, एजेंसी



- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- यह मुद्दा संसद के क्षेत्राधिकार में, वह निर्देश नहीं दे सकता

सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) से अप्राकृतिक यौन संबंध के अपराधों के लिए दंडात्मक प्रावधानों को बाहर करने के खिलाफ दायर याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। बीएनएस ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) का स्थान लिया है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि यह मुद्दा संसद के क्षेत्राधिकार में आता है और वह इस मामले में कोई निर्देश नहीं दे सकती। पीठ ने याचिकाकर्ता को सरकार से संपर्क की अनुमति देते हुए कहा कि हम संसद को कानून बनाने के लिए बाध्य नहीं कर सकते। आईपीसी की धारा 377 के तहत दो वयस्कों के बीच गैर-सहमति से अप्राकृतिक यौन संबंध, नाबालिगों के साथ यौन क्रियाएं और पशुगमन को दंडित किया जाता है।

## तेलंगाना के मंदिर में मूर्ति को तोड़ने से तनाव

**हैदराबाद।** तेलंगाना के सिकंदराबाद जिले के मोंडा मार्केट में मुथ्यालम्मा मंदिर में शरारती तत्वों के मंदिर में मूर्तियों को तोड़ने के बाद जिले में तनाव व्याप्त है। घटना की जानकारी के बाद लोग ने गुस्सा और रोष व्यक्त किया। पुलिस ने स्थिति को देखते हुए बल तैनात किया है। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने हैदराबाद पुलिस आयुक्त सीवी आनंद के साथ स्थिति का आकलन करने के लिए मंदिर का दौरा किया। किशन रेड्डी ने पुलिस अधिकारियों से घटना का ब्योरा भी मांगा।

# आईएएस और मंत्री से जुड़े लोगों के परिसरों पर ईडी ने मारा छापा

रांची, एजेंसी

### जल जीवन मिशन घोटाला

- धनशोधन के मामले में रांची में 20 स्थानों पर की गई कार्रवाई

ईडी ने झारखंड में जल जीवन मिशन योजना के क्रियान्वयन में कथित अनियमितताओं को लेकर धनशोधन के मामले की जांच में सोमवार को रांची में कई स्थानों पर छापेमारी की। सूत्रों ने बताया कि रांची में 20 से अधिक जगहों पर तलाशी ली जा रही है तथा चाईबासा और पश्चिमी सिंहभूम जिले में भी कुछ स्थानों पर छापे मारे गए।

उन्होंने कहा कि ईडी पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर के स्टाफ में शामिल आईएएस अधिकारी मनीष रंजन, उनके भाई, कुछ सरकारी अधिकारियों, ठेकेदारों और व्यापारियों के परिसरों की भी तलाशी ली। रंजन भूमि, सड़क और भवन विभाग के सचिव हैं तथा ईडी उनसे पहले भी धनशोधन के अलग मामले में पूछताछ कर चुका है।



# विराट में अब भी बाकी है रनों की भूख : गंभीर

## चिन्नास्वामी स्टेडियम में 16 से न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होगा पहला टेस्ट



बेंगलुरु, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट टीम के कोच गौतम गंभीर ने विराट कोहली की तारीफ करते हुए कहा है कि उनमें रनों की भूख पहले की तरह ही बरकारार है एवं खेल के शीर्ष पर एक दशक से अधिक समय के बाद भी बल्ले से रन बनाने की उनकी इच्छा कम नहीं हुई है।

टीम इंडिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर ने 16 अक्टूबर से चिन्नास्वामी स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होने वाले पहले टेस्ट से पहले कोहली के समर्पण की जमकर तारीफ की। विराट टेस्ट क्रिकेट में 9,000 रन बनाने के उल्लेखनीय मुकाम हासिल करने के काफी करीब है। गंभीर ने विराट के शुरुआती दिनों को याद करते हुए कहा मुझे श्रीलंका में उनके डेब्यू टेस्ट में उनके साथ ओपनिंग करना याद है। उनकी भूख हमेशा बनी रहती है, और यही बात उन्हें विश्व स्तरीय क्रिकेटर बनाती है। विराट अपने दृढ़ निश्चय के लिए जाने जाते हैं और उन्होंने लगातार यह साबित भी किया है कि सफलता के लिए उनकी भूख खत्म नहीं होती है। गंभीर ने इस बात पर जोर देते हुए कहा वह हमेशा अधिक रन बनाने के लिए भूखे रहते हैं और उनकी यह भूख कभी कम नहीं होती। मुझे यकीन है कि वह भारत में आगामी श्रृंखला और ऑस्ट्रेलिया दौरे में बल्ले से ज्यादा रन निकालने के लिए उत्सुक होंगे। उन्होंने कहा कि भारत तीन मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज़ के लिए तैयार है उसके बाद ऑस्ट्रेलिया का चुनौतीपूर्ण दौरा होगा। विराट का अनुभव और टीम के लिए उनका समर्पण महत्वपूर्ण साबित होगा। विराट ने अब तक अपने टेस्ट करियर में 114 मैच खेलते हुए 8871 रन बनाए है जिसमें 29 शतक और सात दोहरा शतक शामिल है। उन्हें 9000 रन का बैरियर पार करने के लिए 140 रन की जरुरत है।

### जितना जोखिम, उतना फायदा, बल्लेबाजों पर कोई लगाम नहीं



**बेंगलुरु।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सोमवार को यह स्पष्ट किया कि वह टेस्ट क्रिकेट में अपने बल्लेबाजों पर लगाम नहीं लगाएंगे क्योंकि जितना अधिक जोखिम लिया जाएगा उतना ही फायदा भी होगा। भारत ने हाल में बारिश से प्रभावित कानपुर टेस्ट मैच में बांग्लादेश के खिलाफ इसी तरह का रवैया अपनाया था। इस मैच में बारिश के कारण दो दिन एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी थी लेकिन भारत ने आखिर में सात विकेट से जीत दर्ज की थी। गंभीर ने कहा कोई ऐसा दिन भी होगा जब हमारी टीम 100 रन पर आउट हो जाए लेकिन हमें इसे स्वीकार करना होगा। हम अपने खिलाड़ियों का जोखिम से भरी क्रिकेट खेलने के लिए समर्थन जारी रखेंगे। हम इसी तरह से आगे बढ़ना चाहते हैं तथा कैसी भी परिस्थिति हो परिणाम हासिल करना चाहते हैं। गंभीर ने हालांकि तुरंत ही कहा की परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना उनकी टीम के लिए आगे भी महत्वपूर्ण बना रहेगा। मैंने चेन्नई में कहा था कि हम एक ऐसी टीम चाहते हैं जो एक दिन में 400 रन बनाए तथा दो दिन तक बल्लेबाजी करके मैच ड्रॉ करा सके। इसे ही आगे बढ़ना कहा जाता है। इसे परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना कहा जाता है। यही टेस्ट क्रिकेट है। अगर आप हमेशा एक ही ढर्रे पर बने रहते हैं तो फिर आगे नहीं बढ़ सकते। गंभीर को विश्वास है कि उनके खिलाड़ी अपनी सीमा से आगे निकलने के टीम के रवैये पर कायम रहते हुए किसी भी परिस्थिति से पार पाने की क्षमता रखते हैं।

### जरूरी है अश्विन और जडेजा के खिलाफ बेहतरीन बल्लेबाजी : रचिन रविंद्र



**बेंगलुरु।** न्यूजीलैंड के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज रचिन रविंद्र ने सोमवार को कहा कि अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा के दोहरे खतरे से निपटना भारत के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला में उनकी टीम की सफलता के लिए महत्वपूर्ण होगा। अश्विन और जडेजा ने टेस्ट में मिलकर 800 से अधिक विकेट हासिल किए हैं। यह दोनों वर्तमान में विश्व क्रिकेट में सबसे अनुभवी गेंदबाजी जोड़ियों में से एक हैं। रचिन ने कहा वे लंबे समय तक एक क्षेत्र में गेंदबाजी करने की क्षमता रखते हैं। मेरा मतलब है आप दो स्पिनरों को देखते हैं जो लगातार खेलते हैं। अश्विन और जडेजा दोनों बहुत ही कुशल गेंदबाज हैं। आप जानते हैं कि वे बल्लेबाजी भी कर सकते हैं जिससे प्रतिद्वंद्वी टीम के लिए परिस्थितियां थोड़ी कठिन हो जाती है। वे निरंतर अच्छी गेंदबाजी करते हैं। खासकर दुनिया के इस हिस्से में उनके खिलाफ अच्छा संघर्ष होगा। हम जानते हैं कि भारत घरेलू परिस्थितियों में अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी की गुणवत्ता में कितना अच्छा है। इससे पता चलता है कि किसी टीम के लिए यहां आकर जीतना कितना कठिन है।

### खेल के शानदार विचारक हैं कोच गौतम गंभीर : स्टार्क

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने गौतम गंभीर की रणनीतिक सूझबूझ की सराहना करते हुए कहा कि भारत के कोच खेल के शानदार विचारक हैं जो टीम की जरूरतों को प्राथमिकता देते हैं और तकनीक तथा क्षेत्ररक्षण सजाने में समायोजन के माध्यम से लाभ प्राप्त करना चाहते हैं। एक खिलाड़ी के रूप में स्टार्क ने इस साल की शुरुआत में इंडियन प्रीमियर लीग में कोलकाता नाइट राइडर्स टीम के तत्कालीन मेंटर गंभीर के साथ काम किया था। गंभीर के मार्गदर्शन में केकेआर ने सबसे प्रभावशाली सत्रों में से एक का आनंद लिया और 10 साल के अंतराल के बाद खिताब जीता। स्टार्क ने कहा कोलकाता में अपने अनुभव से बोलते हुए, वह खेल के शानदार विचारक हैं। वह हमेशा प्रतिद्वंद्वी के बारे में सोचते हैं और गेंदबाजी आक्रमण के रूप में उन्हें कैसे आउट करना है या बल्लेबाजी आक्रमण के रूप में कैसे रन बनाना है। हमेशा टीम की एकाग्रता के बारे में है और तकनीक या क्षेत्ररक्षण सजाने या किसी भी चीज में छोटी-छोटी चीजों पर कैसे ध्यान दिया जाए।



## खेल डायरी

### कुसाले को महाराष्ट्र सरकार ने किया सम्मानित

**मुंबई।** पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले निशानेबाज स्वप्निल कुसाले को सोमवार को महाराष्ट्र सरकार ने दो करोड़ रुपये का चेक देकर सम्मानित किया। राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस और अजीत पवार ने मुंबई में एक कार्यक्रम में कुसाले और अन्य खिलाड़ियों को सम्मानित किया। कुसाले ने पेरिस ओलंपिक की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। पेरिस पैरालंपिक में पुरुषों की गोला फेंक एफ46 स्पर्धा में एशियाई रिकॉर्ड तोड़कर रजत पदक जीतने वाले एथलीट सचिन सरजेराव खिलारी को इस अवसर पर तीन करोड़ रुपये का चेक देकर सम्मानित किया गया। इन खिलाड़ियों के प्रशिक्षकों को भी 20 से 30 लाख रुपये तक के चेक देकर सम्मानित किया गया।

### डल्लास काउब्वॉयज ने तेंदुलकर को किया सम्मानित



**ह्यूस्टन।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का यहां डल्लास काउब्वॉयज एनएफएल मैच के दौरान टीम के मालिक जैरी जोंस ने दस नंबर की जर्सी भेंट करके सम्मान किया। अमेरिकी में क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता में तेंदुलकर ने राष्ट्रीय क्रिकेट लीग (एनसीएल) के जरिए योगदान दिया है। एनसीएल के सह मालिक तेंदुलकर अमेरिका में नये दर्शकों तक क्रिकेट को पहुंचाने के लिए प्रयासरत हैं। एनएफएल के सबसे मशहूर केंद्रों पर उनका सम्मानित होना क्रिकेट और अमेरिकी खेलों को करीब लाने की दिशा में अहम कदम है। एनसीएल में शाहिद अफरीदी, सुरेश रैना, शाकिब अल हसन और क्रिस लिन जैसे खिलाड़ी जुड़े हैं। इनके अलावा सुनील गावस्कर, वसीम अकरम, विवियन रिचडर्स जैसे लीजैंड इसके मेंटर में से हैं।

### उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग एसोसिएशन के चेयरमैन बने नीरज

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता नीरज सिंह को उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग एसोसिएशन की विशेष आम सभा (एसजीएम) में सर्वसम्मति से चेयरमैन चुन लिया गया। इसके साथ ही कार्यकारिणी के विस्तार के साथ विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया। रविवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में हुई बैठक में एसोसिएशन के अध्यक्ष अभिषेक प्रकाश (आईएएस) की अध्यक्षता में हुई बैठक के दौरान विशेष रुप से उपस्थित उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डा.आनन्देश्वर पाण्डेय ने नीरज सिंह को चेयरमैन बनाने का प्रस्ताव किया जिसका पूरी कार्यकारिणी ने करतल ध्वनि से समर्थन किया। सचिव प्रमोद कुमार ने बैठक के एजेंडा की जानकारी दी और कार्यकारिणी के विस्तार व कमेटियों के गठन पर मुहर लगाई गई। बैठक में सचिव प्रमोद कुमार व कोषाध्यक्ष डा.रोहित पाण्डेय ने जानकारी दी कि खेल के प्रसार में योगदान को देखते हुए बाक्सिंग एसोसिएशन लखनऊ के अध्यक्ष अतुल अग्निहोत्री को वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। वहीं बाक्सिंग एसोसिएशन लखनऊ के सचिव सहदेव सिंह समन्वय समिति के चेयरमैन बनाये गए है।

### दिल्ली हाफ मैराथन में कड़ी प्रतिस्पर्धा की उम्मीद

**नई दिल्ली।** इथोपिया के दो बार के 5000 मीटर के विश्व चैंपियन मुक्तार इदरिस के यहां 20 अक्टूबर को होने वाली दिल्ली हाफ मैराथन में पुरुष एलीट वर्ग में युगांडा के 10,000 मीटर के ओलंपिक चैंपियन जोशुआ चेपटेगई को कड़ी टक्कर देने की उम्मीद है।पेरिस ओलंपिक में 10 हजार मीटर का खिताब जीतने वाले 28 साल के चेपटेगई दिल्ली हाफ मैराथन में पदार्पण करेंगे। वह 10 हजार मीटर में तीन बार के विश्व चैंपियन हैं और हाफ मैराथन में उनका निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 59 मिनट 21 सेकेंड है। चेपटेगई 5000 मीटर और 10,000 मीटर दोनों में वर्तमान विश्व रिकॉर्ड धारक हैं और 15 किमी की दूरी का सर्वश्रेष्ठ समय भी उनके नाम है। उन्होंने भारत में टीसीएस विश्व 10के (10 किमी) बेंगलुरु में 2014 में अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था और दूसरे स्थान पर रहे थे। चेपटेगई को इदरिस से चुनौती मिलेगी जो 2022 के बाद दिल्ली हाफ मैराथन में वापसी करेंगे। उन्होंने 2020 में दिल्ली हाफ मैराथन में 59 मिनट चार सेकेंड के प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ चौथा स्थान हासिल किया था। महिलाओं के एलीट वर्ग का नेतृत्व 2022 राष्ट्रमंडल खेलों की 10,000 मीटर चैंपियन ग्रेट ब्रिटेन की इलिश मैकोलगन करेंगी। मैकोलगन के नाम 10 किमी की रोड रेस का यूरोपीय रिकॉर्ड है।

### पाकिस्तान के खिलाफ वनडे में अगुवाई करेंगे कमिंस

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के नियमित कप्तान पैट कमिंस पाकिस्तान के खिलाफ अगले महीने होने वाली तीन एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच की श्रृंखला में फिर से अपने देश की अगुवाई करेंगे। पिछले साल नवंबर में भारत में विश्व कप जीतने के बाद यह पहला अवसर होगा जबकि कमिंस वनडे टीम की कमान संभालेंगे। टेस्ट टीम में कमिंस के नियमित साथी तेज गेंदबाजों जोश हेज़लवुड और मिशेल स्टार्क को भी ऑस्ट्रेलिया की 14 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। सितंबर में स्कॉटलैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की टी-20 श्रृंखला में रन बनाने के लिए जूझने वाले सलामी बल्लेबाज जेक फ्रेजर मैकगर्क को एक और मौका दिया है। मैकगर्क स्कॉटलैंड के खिलाफ दो मैच में खाता भी नहीं खोल पाए थे जबकि एक मैच में उन्होंने 16 रन बनाए थे। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 30 गेंद पर 50 रन बनाए लेकिन इसके बाद उन्हें पांच मैचों की श्रृंखला के लिए नहीं चुना था। ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच पहला मैच चार नवंबर को मेलबर्न, दूसरा मैच आठ को एडिलेड ओवल तथा तीसरा और अंतिम मैच 10 को पर्थ में खेला जाएगा।

## एचआईएल की नीलामी में दूसरे दिन खरीदे गए 114 खिलाड़ी

- सूरमा हॉकी क्लब ने विक्टर वेगनेज को 40 लाख में खरीदा

नई दिल्ली, एजेंसी

हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) खिलाड़ी नीलामी 2024-25 के लिए दूसरे दिन सोमवार को सभी आठ फ्रैंचाइजी टीमों ने बोली लगाकर 114 खिलाड़ियों को खरीदा। इसी के साथ छह टीमों में 20-20 और दो टीमों में 24-20 खिलाड़ी हो गये है। दोनों दिनों में कुल 168 खिलाड़ी खरीदे गए।

आज यहां हुई नीलामी के पहले हाफ में सूरमा हॉकी क्लब ने सबसे ऊंची बोली लगाकर बेल्जियम के विक्टर वेगनेज को 40 लाख रुपये में खरीदा। वहीं 20 नये युवा खिलाड़ी न्यूनतम दो-दो लाख रूपये की बोली पर खरीदे गये। विदेशी खिलाड़ियों में डेनमार्क की जोड़ी थिएरी ब्रिंकमैन को 38 लाख और आर्थर वैन डोरेन को 32 लाख रुपये में कलिंगा लांसर्स ने खरीदा। वहीं दिल्ली एसजी पाइपर्स ने टॉमस डोमेन को 36 लाख रुपये में, कलिंगा लांसर्स ने ऑस्ट्रेलिया के एरन जेलेव्स्की को 27 लाख रुपये में, तमिलनाडु ड्रैगन्स ने ब्लेक गोवर्स को 27 लाख रुपये की बोली लगाते हुए अपनी टीम में शामिल किया। इस दौरान कलिंगा लांसर्स ने मोरियांगथेम रबीचंद्र को 32 लाख और मोहम्मद राहील मौसीन को 25 लाख रुपये में तमिलनाडु ड्रैगन्स ने खरीद लिया।

## भारत के खिलाफ टेस्ट में चौथे नंबर पर लौटेंगे स्मिथ

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ भारत के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला में अपने पसंदीदा चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे।

राष्ट्रीय चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर के इस साल संन्यास लेने के बाद से स्मिथ स्वेच्छा से पारी का आगाज कर रहे थे। उन्होंने नई भूमिका में दूसरे ही टेस्ट में नाबाद 91 रन बनाए लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके। बेली ने कहा पैट कमिंस, एंड्रयू मैकडोनाल्ड और स्टीव स्मिथ से लगातार बात हो रही है।

## बंगाल और यूपी ने खेला ड्रा मुकाबला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**रणजी ट्राफी**

- प्रियम गर्ग के शानदार शतक से यूपी ने पश्चिम बंगाल से खेला ड्रा
- ईश्वरन ने भी लगाया शतक सुदीप रहे मैन आफ द मैच
- पश्चिम बंगाल को 3 व यूपी को मिला एक अंक



शतक के बाद यूपी के बल्लेबाज प्रियम गर्ग ने कुछ यूं मनाया जश्न।

**अमृत विचार :** इकाना स्टेडियम में खेला गया यूपी और पश्चिम बंगाल के बीच मुकाबला ड्रा हो गया। पहली पारी में बढ़त के आधार पर बंगाल को 3 जबकि यूपी को एक अंक से संतोष करना पड़ा।

पश्चिम बंगाल के बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन ने नाबाद 127 रन की पारी खेलकर रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच के चौथे दिन सोमवार को यहां बंगाल को मजबूत स्थिति में पहुंचाया लेकिन, प्रियम गर्ग की नाबाद शतकीय पारी से यूपी इस मुकाबले को ड्रॉ कराने में सफल रहा। मैच में आज 274 रनों के जवाब में यूपी ने 79 रन के योग पर चार विकेट खो दिए थे। ऐसे में प्रियम गर्ग यूपी के लिए संकटमोटक बने। उन्होंने 105 रन की नाबाद शतकीय पारी खेली और टीम की हार को टाला।

इससे पहले पश्चिम बंगाल ने दूसरी पारी में बीते रविवार को बिना विकेट खोये 141 रन बनाये थे। पश्चिम बंगाल ने आज इसके आगे खेलना शुरू किया। प्लेयर ऑफ द मैच सुदीप चटर्जी (93 रन) उस समय आउट हो गए। तीन विकेट पर 254 रन बनाकर बंगाल ने पारी घोषित कर दी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूपी की टीम छह विकेट पर 162 रन बना सकी। खराब रोशनी के कारण मैच रोक दिया गया। बंगाल की ओर से मुकेश और कैफ को दो-दो विकेट मिले।

## सिंधू और लक्ष्य सेन की नजर डेनमार्क ओपन में खोया फॉर्म हासिल करने पर

ओडेन्से (डेनमार्क), एजेंसी





- डेनमार्क ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में चीन के लू गुआंग झू से होगा लक्ष्य का सामना

भारतीय बैडमिंटन स्टार पी वी सिंधू और लक्ष्य सेन मंगलवार से यहां शुरू हो रहे 850000 डॉलर ईनामी राशि के डेनमार्क ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के जरिए फॉर्म में वापसी की कोशिश करेंगे। दोनों खिलाड़ियों का पिछले सप्ताह फिनलैंड के वांता में हुए आर्कटिक ओपन में प्रदर्शन औसत रहा। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू पहले ही दौर में बाहर हो गई जबकि 2021 विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता सेन दूसरे दौर में हार गए।

पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहे सेन को चीनी ताइपे के चोउ तियेन चेन ने हराया था। अब यहां उनका सामना पहले दौर में चीन के लू गुआंग झू से होगा जिनसे उनकी पहली ही टक्कर है। दूसरे दौर में वह इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से टकरा सकते हैं। विश्व चैंपियन थाईलैंड के कुंलावुत वितिदसर्न से क्वार्टर फाइनल में टक्कर हो सकती है। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को अपने प्रदर्शन में काफी सुधार करना होगा जो पहले दौर में कनाडा की मिशेले ली से हार गई थी। नए कोच अनूप श्रीधर और कोरिया के ली ह्यून इल के मार्गदर्शन में वह पहले दौर में चीनी ताइपै की पेइ यू पो से खेलेंगी। दूसरे दौर में उनका चीन की हान युइ से सामना हो सकता है।

## अगर कुछ मौके भुना पाते तो स्थिति अलग होती : मजूमदार

**शारजाह।** ऑस्ट्रेलिया से हारने के बाद महिला टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंचने की भारतीय टीम की उम्मीदों पर लगभग तुषारापात होने से दुखी मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने कहा कि अगर टीम हाथ आये कुछ मौके भुना पाती तो नतीजा कुछ और होता। भारत को रविवार को करो या मरो के मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने नौ रन से हराया।

मैच के बाद मजूमदार ने कहा हम आखिरी ओवर तक मैच में थे। ऑस्ट्रेलिया ने अपने अनुभव के दम पर बाजी मार ली। मैं इस हार से दुखी हूं। अगर वे मौके भुना लेते तो हालात अलग हो सकते थे।

## न्यूजीलैंड जीत के साथ अंतिम चार में पहुंची, पाकिस्तान बाहर

दुबई, एजेंसी

- महिला टी-20 विश्वकप में पाकिस्तान की हार से खत्म हुई भारतीय टीम की उम्मीद

सूजी बेट्स (28), ब्रूक हैलिडे (22) की शानदार पारियों के बाद एमेलिया केर (तीन विकेट) और ईडन कार्सन (दो विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर न्यूजीलैंड ने सोमवार को महिला टी-20 विश्वकप के 19वें मुकाबले में पाकिस्तान को 54 रनों हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है।

आज के इस मुकाबले में 111 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की टीम जिस तरह से 11.4 ओवर में 56 के स्कोर पर सिमट गई वह अपने आपमें आश्चर्यजनक रहा। पाकिस्तान के खिलाड़ियों ने क्षेत्ररक्षण के दौरान कई कैच छोड़े और उसके बाद बेमन से बल्लेबाजी करने उतरी। मैच के दौरान ऐसा लग रहा था जैसा कोई नयी टीम पहली बार क्रिकेट खेल रही हो। इससे पहले आज न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। सूजी बेट्स और जॉर्जिया पलिमर की सलामी जोड़ी ने न्यूजीलैंड को अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिये 41 रन जोड़े। न्यूजीलैंड छह विकेट पर 110 रन ही बना सकी।

## बॉलीवुड हलचल

### काजोल और कृति की दो पत्ती का ट्रेलर रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल और कृति सैनन की आने वाली फिल्म दो पत्ती का ट्रेलर रिलीज हो गया है। शशांक चतुर्वेदी द्वारा निर्देशित और कनिका ढिल्लन द्वारा लिखित मर्डर मिस्ट्री दो पत्ती में काजोल और कृति सैनन की अहम भूमिका है। फिल्म दो पत्ती,उत्तराखंड के काल्पनिक शहर देवीपुर पर आधारित है।काजोल इस फिल्म में एक पुलिसकर्मी की भूमिका में है जो एक हत्या के प्रयास के मामले में सच्चाई को उजागर करने के मिशन पर है। फिल्म दो पत्ती का निर्माण कनिका ढिल्लों और कृति सेनन ने किया है। इस फिल्म के जरिए कृति बतौर निर्माता बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने जा रही हैं। फिल्म दो पत्ती का ट्रेलर रिलीज हो गया है। कृति इस फिल्म में जुड़वा बहनों की दोहरी भूमिका में नजर आएंगी। इस फिल्म में शहीर शेख और तन्वी आजमी भी अहम भूमिका है। यह फिल्म 25 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

### भूल भुलैया 3 और सिंघम 3 दोनों करेंगी अच्छा प्रदर्शन : कार्तिक



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन का कहना है कि दीवाली पर एक साथ रिलीज होने वाली भूल भुलैया 3 और सिंघम 3 दोनों फिल्में अच्छा प्रदर्शन कर सकती हैं। कार्तिक आर्यन, विद्या बालन, तृप्ति डिमरी और माधुरी दीक्षित स्टारर भूल भुलैया 3, 1 नवंबर को दीवाली के अवसर पर सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। इसी अजय देवगन, करीना कपूर, दीपिका पादुकोण और अर्जुन कपूर जैसे सितारों से सजी फिल्म सिंघम अगेन भी रिलीज होने वाली है। दोनों फिल्में बॉक्स ऑफिस पर एक-दूसरे से क्लैश कर रही है। भूल भुलैया 3 और सिंघम अगेन के क्लैश होने पर कार्तिक ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। कार्तिक आर्यन ने कहा, दीवाली बहुत बड़ा हॉलिडे है। मुझे लगता है दो फिल्में आराम से चल सकती है सिंघम अगेन का एक्शन जॉनर है, हमारा कॉमेडी जॉनर है। अभी यहां पर दीवाली के अवसर पर दो फिल्में आ रही है, जिसका मुझे लगता है कि दोनों फिल्मों का फैंस ब्रेसबी से इंतजार कर रही है। मुझे लगता है कि मैं एक फिल्म देखने वाले के तौर पर बात करूं तो हम सभी के लिए यह एक तरह का त्योहार है कि उस दिन हमारे पास दो ऑप्शन आ रहे हैं, जो आजकल हमारी इंडस्ट्री में बहुत कम हो रहा है। दोनों ही फिल्मों के अच्छा करने की गुंजाइश है।

### द लीजेंड ऑफ हनुमान सीजन 5 का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** डिज्नी प्लस हॉटस्टार ने द लीजेंड ऑफ हनुमान पंचमुखी सीरीज के सीजन 5 का ट्रेलर जारी किया। इस सीजन में दर्शक शानदार दृश्यों, वफादारी तथा बहादुरी के विषयों पर आधारित कहानी से प्रेरित होंगे। इस दौरान, दर्शकों को पंचमुखी हनुमान का अवतार देखने को मिलेगा, जो अपनी अपार शक्ति और बुद्धि का प्रदर्शन करते नजर आयेंगे। ग्राफिक इंडिया के शरद देवराजन और जीवन जे. कांग द्वारा निर्मित इस सीरीज में शरद केलकर और दमन सिंह बग्गन सहित अन्य कलाकारों ने मुख्य भूमिका निभायी है। बहुप्रतीक्षित सीरीज, 25 अक्टूबर से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने वाला है। ग्राफिक इंडिया के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और द लीजेंड ऑफ हनुमान के नए सीरीज के निर्माता एवं कार्यकारी निर्माता शरद देवराजन ने कहा द लीजेंड ऑफ हनुमान हमेशा से भारतीय एनीमेशन और कहानी कहने की सीमाओं को आगे बढ़ाने के बारे में रहा है। इस सीरीज के इस नये सीजन में, हम हनुमान के पंचमुखी अवतार को पेश करके इसे नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं।

### 100 करोड़ के क्लब में पहुंची वेट्टैयन

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत की फिल्म वेट्टैयन ने भारतीय बाजार में 100 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है। जे ज्ञानवेल के निर्देशन में बनी फिल्म वेट्टैयन में रजनीकांत की मुख्य भूमिका है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन की भी अहम भूमिका है। अमिताभ और रजनीकांत ने अंधा कानून, गिरफ्तार और हम जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। यह जोड़ी 33 साल के बाद साथ नजर आई है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार वेट्टैयन ने रिलीज के पहले वीकेंड के दौरान तीन दिनो में 82 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई की थी। फिल्म ने चौथे दिन 22 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है। इस तरह यह फिल्म चार दिनों में भारतीय बाजार में 104 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर चुकी है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत* 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

